प्रश्न-हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य कितने समझौतों/सहमति पत्रों (MoU) पर हस्ताक्षर हुए?

(a) 6
(b) 7
(c) 9
(d) 10

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली 19-24 फरवरी, 2016 के दौरान भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- अक्टूबर, 2015 में पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ओली की यह पहली विदेश यात्रा है।
- 20 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के बीच द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई।
- नेपाल के प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान सांस्कृतिक, ढांचागत और आर्थिक क्षेत्र में कुल 7 समझौतों और सहमति पत्रों (MoU) पर हस्ताक्षर हुए।

  (1) भूकंप के बाद पुनर्निर्माण मदद के लिए भारत सरकार के सहायता पैकेज के 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान घटक के उपयोग पर एमओयू।

  (2) नेपाल के तराई क्षेत्र में सड़क बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर एमओयू।

  (3) संगीत एवं नाटक की नेपाल अकादमी और संगीत नाटक अकादमी के बीच एमओयू।

  (4) पारमगमन मार्गों पर आदान-प्रदान के पत्रः (i) काकरबिट्टा-बांग्लाबांध कॉरिडोर के जरिए नेपाल और बांग्लादेश के बीच पारगमन, (ii) विशाखापत्तनम बंदरगाह का परिचालन।

  (5) रेल परिवहन पर आदान-प्रदान के पत्रः (i) रेल परिवहन विशाखापत्तनम से/को रेल परिवहन (ii) बांग्लादेश के जरिए/उसके साथ नेपाल के व्यापार के लिए सिंहबाद के माध्यम से रेल पारगमन सुविधा।

  (6) मुजफ्फरपुर ढल्केबार पारेषण लाइन का उद्घाटन (80 मेगावाट की प्रारंभिक आपूर्ति, अक्टूबर 2016 तक इसे बढ़ाकर 200 मेगावाट और दिसंबर, 2017 तक इसे बढ़ाकर 600 मेगावाट किया जाएगा)।

  (7) प्रख्यात हस्तियों के समूह का गठन।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?26352/Visit+of+Prime+Minister+of+Nepal+to+India+February+1924+2016
http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?26376/List+of+Agreements+and+MOUs+exchanged+during+the+State+Visit+of+Pri

फिनलैंड के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

प्रश्न-हाल ही में फिनलैंड के प्रधानमंत्री भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहे। फिनलैंड के प्रधानमंत्री हैं-

(a)डेविड लांज

(b)हेलेन क्लार्क

(c)वाल्टर नैश

(d)जुहा सिपिला

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर फिनलैंड के प्रधानमंत्री जुहा सिपिला 12-14 फरवरी, 2016 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जुहा सिपिला ने 'मेक इन इंडिया सप्ताह' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री जुहा सिपिला के साथ एक बड़ा कारोबारी शिष्ट मंडल भी आया था।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड के प्रधानमंत्री जुहा सिपिला ने मुंबई में 13 फरवरी 2016 को आधिकारिक द्विपक्षीय चर्चा की।
- दोनों नेताओं ने आतंकवाद की खिलाफत के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी कानूनी लिखतों की पुष्टि एवं कार्यान्वयन के महत्व पर जोर दिया तथा अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय पर आगे बढ़ने की दिशा में प्रयासों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।
- फिनलैंड के प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने के लिए भारत को फिनलैंड के समर्थन को दोहराया।
- दोनों नेताओं ने विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की सराहना की, जिसके तहत ऊर्जा अनुसंधान परियोजनाओं पर बल दिया जाता है। जिसमें सोलर, हाइब्रिड और स्मार्ट ग्रिड सिस्टम्स शामिल हैं।
- दोनों प्रधानमंत्रियों ने 13 फरवरी, 2016 को चेन्नई में डिजिटल रूप में ट्रिविट्रान लैबसिस्टम डाग्नोस्टिक्स आईवीडी (इन विट्रा डायग्नोस्टिस) फैक्ट्री का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री जुहा सिपिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिनलैंड दौरा करने का निमंत्रण दिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mea.gov.in/incoming-visit-detail-hi.htm?26356/India+Finland+Joint+Statement+during+the+visit+of+Prime+Minister+of+Finland+to+India++February+13+2016
http://formin.finland.fi/public/default.aspx?contentid=341580&contentlan=2&culture=en-US
http://pmindia.gov.in/en/news_updates/make-in-india-week-in-mumbai/?comment=disable
http://mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?26356/India+Finland+Joint+Statement+during+the+visit+of+Prime+Minister+of+Finland+to+India++February+13+2016

स्वीडन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

प्रश्न-हाल ही में स्वीडन के प्रधानमंत्री भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहे। स्वीडन के प्रधानमंत्री हैं-

(a)स्टीफन हॉर्पर

(b)स्टीफन लोफवेन

(c)जुहा सिपिला

(d)हेलेन क्लार्क

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन 12-14 फरवरी, 2016 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- उनके साथ एक उच्च स्तरीय व्यवसाय शिष्ट मंडल भी आया था।
- इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन ने 'मेक इन इंडिया सप्ताह' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन ने 'मेक इन इंडिया सप्ताह' के अवसर पर 13 फरवरी, 2016 को मुंबई में मुलाकात की।
- दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि 'मेक इन इंडिया' पहल से अपने निवेश का विस्तार करने के लिए स्वीडिश कंपनियों के लिए स्थितियों में सुधार हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि स्वीडन की कंपनियां कई दशकों से भारत में विनिर्माण कर रही हैं तथा इन्होंने लगभग 1.2 मिलियन लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसरों का सृजन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?26357/India+Sweden+Joint+Statement+during+the+visit+of+Prime+Minister+of+Sweden+to+India+New+Momentum+Higher+Ambition++February+13+2016

http://pmindia.gov.in/en/news_updates/make-in-india-week-in-mumbai/?comment=disable

https://www.indianembassy.se/relationpage.php?id=1

http://www.swedenabroad.com/en-GB/Embassies/Mumbai/Current-affairs/News/Swedish-PM-Stefan-Lofven-visited-India-for-the-Make-in-India-Week–sys/

मेक इन इंडिया सप्ताह

प्रश्न-हाल ही में 13-18 फरवरी, 2016 के दौरान 'मेक इन इंडिया' सप्ताह का आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर

(b) मुंबई

(c) नई दिल्ली

(d) बंगलुरू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-18 फरवरी, 2016 के दौरान प्रथम 'मेक इन इंडिया सप्ताह' का आयोजन मुंबई, महाराष्ट्र में किया गया।
- 13 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया सप्ताह' का उद्घाटन किया।
- इसके उद्घाटन समारोह में स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन तथा फिनलैंड के प्रधानमंत्री जुहा सिपिला ने भाग लिया।
- सप्ताह भर चले इस आयोजन के दौरान निम्नलिखित बातें उल्लेखनीय रहीं-
- भारत में विनिर्माण कौशल के प्रदर्शन आपस में जोड़ने एवं सहयोग के लिए अवसर सृजित हुए।
- निवेश लायक माहौल को प्रोत्साहन मिला।
- डिजाइन, नवाचार, युवाओं और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा मिला।
- एक ऐसा प्लेटफार्म प्रदान किया गया जहां वैश्विक सीईओ, विचारक, नीति निर्माण, राजनयिक और राजनीतिक नेतागण जुटे।
- 8 लाख से भी ज्यादा लोग 'मेक इन इंडिया' एक्सपो और अन्य आयोजनों में शरीक हुए जिनमें से 49743 पंजीकृत प्रतिनिधित्व थे।
- इस मेगा एक्सपो में 102 देशों का प्रतिनिधित्व किया गया।
- इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के 1200 से भी ज्यादा विशेषज्ञों ने व्यवसाय एवं समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए।
- 'मेक इन इंडिया' एक्सपो 23 लाख वर्ग फुट से ज्यादा विशाल क्षेत्र में फैला हुआ था।

- इस एक्सपो में 215 प्रदर्शकों ने विभिन्न 11 क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया।
- 17 भारतीय राज्यों और 3 देशों जर्मनी, स्वीडन एवं पोलैंड ने मेक इन इंडिया सेंटर में अपने मंडप लगाए थे।
- 'मेक इन इंडिया' सप्ताह के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण समझौते हुए-
- ताइवान की आउट्रॉन (Autron) के साथ तकनीकि सहयोग में एलसीडी निर्माण यूनिट के लिए स्टर्लिंग समूह की कंपनी टविनस्टार डिस्प्ले टेक्नोलॉजीज और एमआईडीसी (Twinstar Display Technologies & MIDC) के बीच करार।
- एम 777 होविल्सर के संयोजन एवं परीक्षण के लिए बीएई सिस्टम्स (BAE Systems) और महिंद्रा के बीच समझौता।
- नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्त पोषण के लिए यस बैंक और इरेडा के बीच समझौता।
- मैसर्स हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेज प्राइवेट लि; जैन इरिगेशन प्राइवेट लि. और महाराष्ट्र सरकार के कृषि एवं विपणन विभाग के मध्य विदर्भ के संतरा उत्पादन करने वाले किसानों की मदद के लिए एक जूस उत्पादन सुविधा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन।
- मैसर्स रेमंड इंडस्ट्रीज और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के मध्य 'फार्म टू फैब्रिक' पहल हिस्से के रूप में समझौता।
- औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग में सचिव अभिताभ कांत ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' सप्ताह के दौरान निवेश के रूप में 15.20 लाख करोड़ रुपये की कारोबारी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।
- 'मेक इन इंडिया' सप्ताह के दौरान इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण क्षेत्र में नवाचार अनुसंधान और विकास के वित्तपोषण के लिए संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा 2,200 करोड़ रुपये के 'इलेक्ट्रानिक्स विकास कोष' का अनावरण किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.makeinindia.com/article/-/v/make-in-india-week-mumbai-
http://www.makeinindia.com/mumbai-week/seminars-schedule
http://www.makeinindia.com/mumbai-week
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136385
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136388
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46095
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45962

स्वच्छ सर्वेक्षण-2016

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एम. वैंकेया नायडू ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2016' के परिणाम जारी किए। इसके अनुसार सबसे निचले पायदान पर कौन-सा शहर रहा?

(a) रायपुर (b) मेरठ (c) वाराणसी (d) धनबाद

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2016 को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वैंकेया नायडू ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2016' के परिणाम जारी किए। इस सर्वेक्षण के लिए 10 लाख से ज्यादा की आबादी के 53 शहरों और इससे अधिक की जनसंख्या न रखने वाली 22 राजधानियों का चयन किया गया था।
- देशभर में पिछले माह किए गए प्रमुख 73 शहरों के स्वच्छ सर्वेक्षण के परिदृश्य में कर्नाटक का मैसूर शहर लगातार दूसरी बार सबसे स्वच्छ-शहर की श्रेणी पर जबकि झारखंड का धनबाद शहर सबसे निचले पायदान पर है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध में प्रमुख 10 शहरों की श्रेणी में मैसूर के बाद क्रमशः चंडीगढ़, तिरूचनापल्ली (तमिलनाडु), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, विशाखापत्तनम, सूरत, राजकोट, गंगटोक, पिंपरी, छिंदवाड़ और ग्रेटर मुंबई शामिल हैं।
- निचले पायदान के 10 प्रमुख शहरों में धनबाद के बाद क्रमशः आसनसोल, ईंटानगर, पटना, मेरठ, रायपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, जमशेदपुर और कल्याण डोम्बिवली (महाराष्ट्र) शामिल हैं।
- जिन 73 शहरों में सर्वेक्षण किया गया, उनमें से 32 शहरों की रैंकिंग में पिछले सर्वेक्षण के मुकाबले ज्यादा सुधार हुआ है। इनमें उत्तर भारत के 17 शहर, पश्चिमी भारत के 6 शहर, दक्षिण भारत के 5 शहर और पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के 2-2 शहर शामिल हैं।
- उपर्युक्त 32 शहरों में शामिल जिन शीर्ष 10 शहरों ने वर्ष 2016 के सर्वेक्षण में अपनी रैंकिंग में काफी ज्यादा सुधार किया उनमें इलाहाबाद में सबसे अधिक, सुधार हुआ (रैंकिंग में 45 पायदानों का सुधार) है।
- इसके बाद क्रमशः नागपुर (40 पायदानों का सुधार), विशाखापत्तनम (39 पायदानों का सुधार), ग्वालियर (34 पायदानों का सुधार), भुवनेश्वर (32 पायदानों का सुधार), हैदराबाद (31 पायदानों का सुधार), गुड़गांव (29 पायदानों का सुधार), विजयवाड़ा (23 पायदानों का सुधार) और लखनऊ (23 पायदानों का सुधार)। वर्ष 2016 में जिन शीर्ष 10 शहरों की रैंकिंग काफी नीचे आई है उनमें जमशेदपुर, कोच्चि, शिलांग, चेन्नई, गुवाहाटी, आसनसोल, बंगलुरू, रांची, कल्याण, डोम्बीवली और नासिक शामिल हैं। यह सर्वेक्षण भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा किया गया।
- स्वच्छता के लिए पिछला सर्वेक्षण 1 लाख और इससे अधिक की जनसंख्या वाले 476 शहरों में वर्ष 2014 में किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136427
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136425

अबूधाबी के क्राउन प्रिंस की भारत यात्रा

प्रश्न-हाल ही में अबूधाबी के क्राउन प्रिंस तथा यूएई सशस्त्र बलों के उप सुप्रीम कमांडर जनरल शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नहयान भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य कितने करारों/एमओयू पर हस्ताक्षर हुए?

(a) 11

(b) 9

(c) 15

(d) 10

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर अबूधाबी के क्राउन प्रिंस तथा यूएई सशस्त्र बलों के उप सुप्रीम कमांडर जनरल शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नहयान 10-12 फरवरी, 2016 के दौरान भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर रहे।
- उनकी यह यात्रा अगस्त, 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा के बाद हो रही है, जिसके दौरान दोनों देश संबंध को एक व्यापक सामरिक साझेदारी के रूप में स्तरोन्नत करने के लिए सहमत हुए थे।
- ऐतिहासिक रूप से भारत और यूएई के बीच संबंध मधुर एवं मैत्रीपूर्ण हैं जो परस्पर लाभप्रद वाणिज्यिक आदान-प्रदान एवं व्यापक जन दर जनसंपर्क पर आधारित है।
- दोनों देशों के मध्य संतुलित द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य वर्ष 2014-15 में 59 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जिसकी वजह से यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार बन गया है।
- यूएई भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण रूप से योगदान करता है तथा वर्ष 2014-15 में भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला छठवां सबसे बड़ा देश है।
- अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी तथा विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मुलाकात की।
- अबूधाबी के क्राउन प्रिंस तथा यूएई सशस्त्र बलों के उप सुप्रीम कमांडर शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नह्रयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 11 फरवरी, 2016 को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक संपन्न की।

- इस द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के मध्य निम्नलिखित 9 करारों/एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए-

  1. साइबर स्पेस और साइबर अपराध से लड़ने पर एमओयू।

  2. भारत में अवसंरचना निवेश में यूएई के संस्थागत निवेशकों की भागीदारी को सुगम बनाने के लिए एक रूपरेखा बनाने पर एमओयू।

  3. नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर सामान्य रूप रेखा पर करार।

  4. शांतिपूर्ण प्रयोजनों के लिए बाहरी अंतरिक्ष के अन्वेषण एवं प्रयोग में सहयोग पर इसरो और यूएई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच एमओयू।

  5. भारतीय बीमा विनियामक प्राधिकरण (IRDA) और यूएई बीमा प्राधिकरण के बीच द्विपक्षीय सहयोग के लिए एमओयू।

  6.भारत और यूएई के बीच कार्यपालक सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम (EPCC)।

  7.कौशल विकास तथा अर्हताओं की मान्यता के लिए सहयोग पर भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) और संयुक्त अरब अमीरात सरकार के राष्ट्रीय अर्हता प्राधिकरण (NQA) के बीच मंशा पत्र।

  8.दुबई आर्थिक परिषद (DEC) और भारतीय निर्यात-आयात बैंक के बीच एमओयू।

  9.भारतीय रिजर्व बैंक तथा सेंट्रल बैंक ऑफ संयुक्त अरब अमीरात के बीच भारतीय रुपये (INR)/ यूएई दीरहाम (AED) द्विपक्षीय करेंसी स्वैप की व्यवस्था पर एमओयू।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail-hi.htm?26338/Transcript+of+Media+Briefing+by+Secretary+East+on+State+Visit+of+Crown+Prince+of+Abu+Dhabi+to+India+February+10+2016

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail-hi.htm?26331/State+Visit+of+Crown+Prince+of+Abu+Dhabi+and+Deputy+Supreme+Commander+of+the+UAE+Armed+Forces+to+India+1012+February+2016

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail-hi.htm?26349/India+UAE+Joint+Statement+during+the+State+Visit+of+Crown+Prince+of+Abu+Dhabi

राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान, 2015-16 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के त्रैमासिक अनुमान

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के तहत 'केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (CSO) द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के लिए स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्यों पर राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान जारी किए। इसमें वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(a) 7.3 प्रतिशत

(b) 7.6 प्रतिशत

(c) 7.2 प्रतिशत

(d) 8.2 प्रतिशत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2016 को केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के तहत 'केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (CSO) द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के लिए स्थिर और वर्तमान मूल्यों पर राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान जारी किए गए।
- इसके साथ ही केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर), 2015-16 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के त्रैमासिक अनुमान जारी किए।
- इसमें वित्त वर्ष 2015-16 में सकल घरेलू अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2014-15 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत आंकी गई थी।
- ये अनुमान कृषि एवं कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं सहयोग विभाग (DAC) की ओर से प्राप्त कृषि उत्पादन के अनुमानित स्तर, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP), महालेखा नियंत्रक (CGA) द्वारा दर्ज किए जाने वाले केंद्र सरकार के और समय सरकारों के व्यय के मासिक खातों पर आधारित है।
- वित्त वर्ष 2015-16 में स्थिर मूल्यों पर (2011-12) वास्तविक जीडीपी के बढ़कर 113.51 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच जाने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2014-15 के लिए जीडीपी का प्रथम संशोधित अनुमान 105.52 लाख करोड़ रुपये का था, जिसे 29 जनवरी, 2016 को जारी किया गया था।

- चालू कीमतों पर वित्त वर्ष 2015-16 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 135.67 लाख करोड़ रुपये आकलित है।
- यह गत वर्ष 2014-15 की तुलना में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
- गत वर्ष 2014-15 में चालू कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 124.88 लाख करोड़ रुपये था।
- स्थिर कीमतों प्रति व्यक्ति आय (Per Capita Income) वर्ष 2015-16 में 77,431 रुपये अनुमानित है जो वर्ष 2014-15 की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है।
- गत वर्ष 2014-15 में स्थिर कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 72,889 रुपये थी।
- चालू कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2015-16 में 93,231 आकलित है कि गत वर्ष 2014-15 की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है।
- गत वर्ष 2014-15 में चालू कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 86,879 रुपये थी।
- चालू कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय आय (NNI) वर्ष 2015-16 में 119.62 लाख करोड़ रुपये रहने का आकलन है।
- इस वर्ष (2015-16 में) राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर पिछले वर्ष की तुलना में दर 8.7 दर्ज की गयी है। गत वर्ष यह दर 10.8 दर्ज की गयी थी।
- गत वर्ष 2014-15 में चालू कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय 110.08 लाख करोड़ रुपये थी।
- जिन क्षेत्रों की वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ज्यादा रहने की संभावना है, उसमें वित्तीय रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं, व्यापार होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाएं और विनिर्माण शामिल हैं।
- कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन, खनन एवं उत्खनन, बिजली, गैस, पानी की आपूर्ति एवं अन्य उपयोगिता सेवाओं, निर्माण व लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर क्रमशः 1.1, 6.9, 5.9, 3.7, और 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45806
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136214
http://www.business-standard.com/article/news-ani/gdp-growth-for-fiscal-2015-16-estimated-to-be-7-6-percent-centre-116020800854_1.html

डाटा सेवाओं के लिए भेदभाव पूर्ण शुल्कों का निषेध नियम-2016

प्रश्न-हाल ही में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने 'डाटा सेवाओं के लिए भेदभाव पूर्ण शुल्कों का निषेध नियम, 2016' कब जारी किया?

(a) 9 फरवरी, 2016

(b) 8 फरवरी, 2016

(c) 5 फरवरी, 2016

(d) 6 फरवरी, 2016

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2016 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने 'डाटा सेवाओं के लिए भेदभाव पूर्ण शुल्कों का निषेध नियम, 2016' (Prohibition of Discriminatory Tariffs for Data Services Regulations, 2016) जारी किया।
- इसके परिणामस्वरूप सेवा प्रदाता किसी उपभोक्ता द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले कंटेट के आधार पर डाटा सेवाओं के लिए भेदभावपूर्ण शुल्कों की पेशकश नहीं कर सकेंगे अथवा भेदभाव पूर्ण शुल्कों की वसूली नहीं कर सकेंगे।
- गौरतलब है कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने 9 दिसंबर, 2015 को 'डाटा सेवाओं के लिए भिन्न मूल्य निर्धारण' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था।
- इस परामर्श पत्र में विभिन्न हितधारकों से इस विषय पर राय मांगी गई थी।
- प्राप्त प्रतिक्रियाओं और आंतरिक विचार-विमर्श के आधार पर प्राधिकरण ने अब इन नियमों को जारी किया है।
- इन नियमों का उद्देश्य इंटरनेट पर उपभोक्ताओं की निर्बाध और भेदभाव रहित पहुंच सुनिश्चित करना है।
- इन नियमों का एक अन्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इंटरनेट सुविधा के उपभोक्ताओं से कंटेट के आधार पर डाटा सेवाओं के लिए अलग-अलग शुल्क न वसूले जाएं।
- प्राधिकरण दो वर्ष बाद अथवा उपयुक्त समझे जाने पर इससे पहले इस अधिदेश की समीक्षा कर सकता है।
- इस नियम के तहत दूरसंचार कंपनियों द्वारा अलग-अलग शुल्क वसूलने पर प्राधिकरण 50,000 रुपये प्रतिदिन का जुर्माना लगा सकता है।

- हालांकि प्राधिकरण ने कहा कि आपात स्थिति में फ्री इंटरनेट की सेवा दी जा सकेगी।
- इस निर्णय से भारत में बड़े पैमाने पर लोगों तक फ्री इंटरनेट पहुंचाने की फेसबुक की फ्री बेसिक्स योजना को बड़ा झटका लगा।
- फ्री बेसिक्स योजना कुछ वेबसाइटों को निःशुल्क पहुंच की सुविधा देता है।
- इन मुफ्त वेबसाइटों में कुछ स्थानीय समाचार और मौसम अनुमान, बीबीसी, विकीपीडिया और कुछ हेल्थ साइटें थीं।
- गौरतलब है कि फेसबुक ने इंटरनेट डॉट ओआरजी नाम से वर्ष 2013 में 'फ्री बेसिक्स योजना' की शुरुआत की थी।
- इस योजना को अब तक 36 देशों में लागू किया जा चुका है।
- कंपनी का दावा है कि इस योजना से लगभग वे 1.5 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े, जो इसके बिना इंटरनेट से नहीं जुड़ पाते।
- फेसबुक के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग ने फ्री बेसिक्स को लेकर व्यापक अभियान चलाया था।
- नेट न्यूट्रेलिटी को लेकर विगत दिनों से काफी विवाद रहा।
- इसका समर्थन करने वालों का तर्क है कि इंटरनेट के दायरे के बाहर रहने वाले लाखों लोगों को इससे निःशुल्क जोड़ा जा सकता है।
- वहीं फ्री बेसिक्स योजना के आलोचकों का तर्क है कि यह योजना नेट न्यूट्रेलिटी के सिद्धांत का उल्लंघन है।
- नेट न्यूट्रेलिटी का मतलब है कि 'इंटरनेट सबके लिए समान रूप से पहुंच में हो'।
- वर्तमान में भारत इंटरनेट यूजर्स के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर है।
- दिसंबर, 2015 के अंत तक में लगभग 400 मिलियन व्यक्ति भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.trai.gov.in/WriteReadData/WhatsNew/Documents/Regulation_Data_Service.pdf
http://trai.gov.in/WriteReadData/PressRealease/Document/Press_Release_No_13%20.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136211
http://www.thehindu.com/sci-tech/technology/internet/trai-rules-in-favour-of-net-neutrality/article8209455.ece
https://info.internet.org/en/story/free-basics-from-internet-org/
http://globalservicesmedia.com/2016/02/08/india-bans-facebooks-free-basics-law-targets-discriminatory-tariffs-and-supports-net-neutrality/

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून एक दशक की यात्रा

प्रश्न-हाल ही में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को लागू हुए दस वर्ष हुए। यह कानून कब से लागू हुआ था?



(a) 2 जनवरी, 2006 (b) 2 फरवरी, 2005

(c) 2 फरवरी, 2006 (d) 2 मार्च, 2005

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को लागू हुए दस वर्ष पूरे हुए। इस कानून की एक दशक की उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव और उत्सव का विषय है।
- गौरतलब है कि 2 फरवरी, 2006 को यह कानून लागू हुआ था।
- इस कार्यक्रम की शुरूवात से अब तक इस पर 3,13,844.55 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।
- इसमें से 71 प्रतिशत राशि 'श्रमिकों' को पारिश्रमिक देने में खर्च हुई है।
- इस कार्यक्रम के तहत 1980.01 करोड़ रुपये के मानव दिवस सृजित किये गये।
- वर्ष 2015-16 के दौरान दूसरी तिमाही (45.88 करोड़) और तीसरी तिमाही (46.10 करोड़) में सबसे अधिक मानव दिवस सृजित हुए। यह पिछले 5 साल के दौरान सृजित मानव दिवस से अधिक हैं।
- इस कार्यक्रम के तहत 65 प्रतिशत से ज्यादा कार्य कृषि और इसकी सहायता से जुड़ी गतिविधियों में हुआ है। सभी मानव दिवसों में से 23 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 18 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की हिस्सेदारी रही जो तीन साल में सबसे अधिक है। इस प्रकार श्रमिकों में से अनुसूचित जाति के श्रमिकों की संख्या 20 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों की संख्या 17 प्रतिशत बढ़ी है।
- इस कार्यक्रम में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई, जो अनिवार्य 33 प्रतिशत की सीमा से कहीं अधिक है। यह भी तीन साल में सबसे अधिक है। इस कार्यक्रम में नई रफ्तार ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए कई सुधार कार्यक्रमों की वजह से आई है।
- इनमें से सबसे महत्वपूर्ण राज्यों को समय पर कोष जारी करना रहा है।
- इस योजना को लागू करने वाली एजेंसियों और लाभार्थियों को समय पर और पारदर्शी ढंग से कोष जारी करने के लिए 'इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम' शुरू किया गया। मंत्रालय ने सूखाग्रस्त नौ राज्यों में संकट पर तुरंत कदम उठाए और वहां के संकटग्रस्त इलाकों में 50 दिनों का अतिरिक्त रोजगार दिया गया। आने वाले वर्षों में मनरेगा की प्रक्रिया को सरल और मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय श्रमिकों को कुशल बनाएगा। इस सम्बन्ध में 'प्रोजेक्ट लाइफ' के जरिए 10,000 तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें स्वरोजगार और जीविका के लिए पारिश्रमिक कमाने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135959

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे

प्रश्न-23 फरवरी, 2016 को मर्सर द्वारा जारी 18वें 'क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे' के अनुसार जीवन की गुणवत्ता के आधार पर दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर है-

(a) विएना

(b) ज्यूरिख

(c) ऑकलैंड

(d) म्यूनिख

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2016 को लंदन, यूनाइटेड किंगडम स्थित 'मर्सर' (MERCER) द्वारा 18 वां 'क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे' जारी किया गया।
- इस सर्वे के अनुसार जीवन की गुणवत्ता के आधार पर ऑस्ट्रिया की राजधानी 'विएना' दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर है।
- इस सर्वे में ज्यूरिख, ऑकलैंड, म्यूनिख एवं वैंकूवर को क्रमशः दूसरा, तीसरा, चौथा तथा पांचवा स्थान प्रदान किया गया है।
- सर्वे में पेरिस (37 वां), लंदन (39 वां) और न्यूयार्क (44 वां) शीर्ष 35 देशों में स्थान बनाने में असफल रहे।
- उल्लेखनीय है कि इराक की राजधानी बगदाद (230वां) सबसे निचले पायदान पर है।
- गौरतलब है कि जीवन की गुणवत्ता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय शहर 'हैदराबाद' (139वां) है।
- इसमें शामिल अन्य भारतीय शहर हैं-पुणे (144 वां), बंगलुरू (145 वां), चेन्नई (150 वां), मुंबई (152 वां), कोलकाता (160 वां) एवं नई दिल्ली (161 वां)।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mercer.com/newsroom/western-european-cities-top-quality-of-living-ranking-mercer.html
https://www.imercer.com/content/mobility/quality-of-living-city-rankings.html#list
http://www.newindianexpress.com/cities/hyderabad/Hyderabad-Tops-Quality-Of-Living-Rankings-Yet-Again/2016/02/24/article3293078.ece

अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां-2015

प्रश्न-हाल ही में स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां, 2015 के अनुसार, वर्ष 2011-15 की अवधि में विश्व का शीर्ष शस्त्र निर्यातक देश कौन-सा है?

(a) रूस

(b) अमेरिका

(c) चीन

(d) जर्मनी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2016 को SIPRI द्वारा विश्व में पारंपरिक आयुधों के हस्तांतरण की स्थिति पर वार्षिक रिपोर्ट 'अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां' (Trends in International Arms Transfers)-2015 जारी की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख आयुधों के हस्तांतरण की मात्रा वर्ष 2006-10 की तुलना में वर्ष 2011-15 में 14 प्रतिशत अधिक रही।
- वर्ष 2011-15 की अवधि में विश्व के पांच शीर्ष शस्त्र आपूर्तिकर्ता देश (तथा उनका विश्व के शस्त्र निर्यात में हिस्सा) इस प्रकार हैं-1. अमेरिका (33 प्रतिशत), 2. रूस (25 प्रतिशत), 3. चीन (5.9 प्रतिशत), 4. फ्रांस (5.6 प्रतिशत) तथा 5. जर्मनी (4.7 प्रतिशत)।
- ये पांच शीर्ष आपूर्तिकर्ता देश विश्वव्यापी शस्त्र निर्यातों की कुल 74 प्रतिशत हेतु उत्तरदायी हैं। रूस और अमेरिका मिलकर शस्त्र निर्यातों के 58 प्रतिशत हेतु उत्तरदायी हैं।
- वर्ष 2011-15 की अवधि में विश्व के पांच शीर्ष शस्त्र आयातक देश (तथा उनका विश्व शस्त्र आयात में हिस्सा) इस प्रकार हैं-1. भारत (14 प्रतिशत) 2. सउदी अरब (7 प्रतिशत) 3. चीन (4.7 प्रतिशत), 4. यूएई (4.6 प्रतिशत) तथा ऑस्ट्रेलिया (3.6 प्रतिशत)।

- वर्ष 2011-15 के दौरान पांच शीर्ष शस्त्र आयातक देशों ने विश्वव्यापी शस्त्र आयातों की कुल 34 प्रतिशत मात्रा का आयात किया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011-15 में आयात अब इसके क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी शस्त्र आयातक देशों चीन एवं पाकिस्तान की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक हो गया है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2006-10 और 2011-15 के बीच प्रमुख आयुधों के भारतीय आयात में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र आयात में भारत का हिस्सा बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया।
- इसी अवधि में चीन के प्रमुख आयुधों के आयात में 25 प्रतिशत की कमी हुई।
- वर्ष 2011-15 की अवधि में भारत को शस्त्रों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश रूस (कुल आयात का 70 प्रतिशत भाग), अमेरिका (आयात का 14 प्रतिशत भाग) तथा इस्राइल (आयात का 4.5 प्रतिशत भाग) रहे।
- वर्ष 2006-10 की अवधि की तुलना में 2011-15 की अवधि में भारत द्वारा अमेरिका से शस्त्रों का आयात 11 गुना अधिक किया गया।

  चीन ने पाकिस्तानी शस्त्र आयातों के 63 प्रतिशत की आपूर्ति की।
- वर्ष 2011-15 की अवधि में अजरबैजान यूरोप में शस्त्रों का सबसे बड़ा आयातक रहा जबकि यूनाइटेड किंगडम का दूसरा स्थान रहा।
- अमेरिका क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका वर्ष 2011-15 की अवधि में शीर्ष आयातक बना रहा। वेनेजुएला का दूसरा स्थान था जो कि दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा आयातक है।
- अल्जीरिया, मोरक्को और युगांडा वर्ष 2011-15 की अवधि में अफ्रीका के क्रमशः शीर्ष तीन शस्त्र आयातक रहे।
- सऊदी अरब वर्ष 2011-15 की अवधि में मध्य-पूर्व क्षेत्र का सबसे बड़ा शस्त्र आयातक रहा जबकि यूएई और तुर्की क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.sipri.org/research/armaments/transfers/measuring/recent-trends-in-arms-transfers
http://books.sipri.org/files/FS/SIPRIFS1602.pdf

आईएमएफ सुधारों को स्वीकृति

प्रश्न-IMF 14वें सामान्य कोटा समीक्षा में प्रस्तावित कोटा सुधार जो 26 जनवरी, 2016 से प्रभावी हो गया, में सकल कोटा में कितने प्रतिशक की वृद्धि की गयी?

(a) 50%

(b) 75%

(c) 100%

(d) 125%

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14वें समान्य कोटा समीक्षा, 2010 में आईएमएफ के सकल कोटा में 100% की वृद्धि की संस्तुति की गयी थी।
- IMF के निवर्तमान कोटा SDR 238.5 बिलियन को बढ़ाकर SDR477 बिलियन कर दिया गया।
- इन सुधारों के तहत 6% कोटा का हस्तांतरण विकसित देशों (अधिक कोटा धारी) से विकासशील देशों को हुआ।
- इन सुधारों के साथ ही ब्रिक्स (BRICS) देश शीर्ष 10 कोटाधारी देशों में शामिल हो गये।
- नये प्रस्ताव के अनुसार अब शीर्ष 10 कोटा धारक देश क्रमशः (घटते क्रम में) सं. राज्य अमेरिका, जापान, चीन, जर्मनी, फ्रांस, यू.के., इटली, भारत, रूस एवं कनाडा हैं।
- सुधारों के तहत IMF के इतिहास में प्रथम बार सभी कार्यकारी निदेशक (Executive Director) निर्वाचित होंगे। अब तक पांच शीर्ष कोटा धारक देशों द्वारा अपने एक-एक प्रतिनिधियों को नियुक्त किया जाता था।
- इस कोटा सुधार से IMF के वित्तीय संसाधनों में वृद्धि हुई है। अब IMF वैश्विक आर्थिक संकट के समय और बेहतर प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे।
- IMF के ये सुधार IMF को और समावेशी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।
- उल्लेखनीय है कि 188 सदस्यीय IMF में सदस्यता कोटा आधारित है।
- यह कोटा ही सदस्य देशों का IMF में अंशदान, मतमूल्य तथा ऋण सीमा का निर्धारण करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.imf.org/external/np/sec/pr/2016/pr1625a.htm

http://www.imf.org/external/np/exr/facts/quotas.htm

https://www.imf.org/external/np/sec/misc/consents.htm

http://www.thehindu.com/business/india-gets-more-voting-rights-in-imf-reforms/article8163827.ece

चीन से ईरान के लिए चलने वाली पहली मालगाड़ी

प्रश्न-अभी हाल में ही चीन से ईरान की लिए प्रथम मालगाड़ी का संचालन प्रारंभ किया गया, यह गाड़ी चीन के किस शहर से प्रारंभ की गयी थी?

(a) जिन्हूआ

(b) यिवु

(c) हांगझोऊ

(d) निन्गबो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2016 को चीन से ईरान के लिए चलने वाली पहली माल गाड़ी ईरान की राजधानी तेहरान पहुंची।
- ध्यातव्य है कि यह मालगाड़ी 28 जनवरी, 2016 को पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के यिवु शहर से ईरान की राजधानी तेहरान के लिए रवाना की गयी थी।
- इस ट्रेन को सिल्क रोड ट्रेन के नाम से भी जाना जायेगा, इस ट्रेन ने इस यात्रा में कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान होते हुए 10399 किलोमीटर की दूरी तय की।
- इस मालगाड़ी ने इस यात्रा में प्रतिदिन लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय की। इस ट्रेन में 40 वर्ग फुट के 32 कंटेनर संलग्न थे।
- यह ट्रेन प्राचीन रेशम मार्ग (Silk Road) को पुनर्जिवित करने की दिशा में चीन की पूर्व एशिया और यूरोप को स्थल एवं रेल मार्ग द्वारा जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है।
- उल्लेखनीय है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा वर्ष 2013 में रेशम मार्ग आर्थिक क्षेत्र (Silk Road Economic Belt) तथा 21वीं शताब्दी समुद्री रेशम मार्ग (21st Century Maritime Silk Road) पहल प्रारंभ की गयी थी।
- इस पहल का उद्देश्य चीन को और अधिक सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों तथा समुद्री मार्ग द्वारा एशिया, अफ्रीका तथा यूरोप से जोड़ना है जिसके द्वारा मजबूत संभार तंत्र (Logistics) का संजाल स्थापित किया जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://news.xinhuanet.com/english/2016-02/16/c_135101037.htm
http://www.irna.ir/en/News/81964519/

अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक-2016

प्रश्न-हाल ही में 'ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर (GIPC) द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक-2016 में कौन-सा देश शीर्ष पर है?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) स्वीडन

(c) यूनाइटेड किंगडम

(d) फ्रांस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक अमेरिकी वाणिज्यिक संगठन 'यूएस चैंबर ऑफ कामर्स' द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित 'ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर' (GIPC: Global Intellectual Property Centre) द्वारा दिसंबर, 2012 से जारी किया जा रहा है।
- 10 फरवरी, 2016 को ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर (GIPC) द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक' (IIPRI: International Intellectual Property Rights Index) का चौथा संस्करण जारी किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक (IIPRI) 2016 में विश्व के 38 ऐसे देशों को श्रेणीबद्ध किया गया है जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- ध्यातव्य हो कि IIPRI-2015 के तीसरे संस्करण में 30 देशों, दूसरे संस्करण में 25 देशों तथा पहले संस्करण में 11 देशों को सूचीबद्ध किया गया था।
- IIPRI 2016 में नए सम्मिलित देश हैं-अल्जीरिया, ब्रुनेई, इक्वाडोर, इस्राइल, इटली, पोलैंड, स्वीडन और वेनेजुएला।
- इस सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। इसका स्कोर 28.6 है।
- जबकि वेनेजुएला इस सूचकांक में 6.4 स्कोर के साथ 38वें अर्थात अंतिम स्थान पर है।
- भारत का इस सूचकांक में 37वां स्थान है। इसका स्कोर 7.1 है।

- ध्यातव्य हो कि 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार सूचकांक 2015 में भारत 7.23 स्कोर के साथ 29वें स्थान पर था।
- इस सूचकांक की 38 देशों की सूची में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश क्रमशः संयुक्त राज्य अमेरिका (पहला, स्कोर-28.61), यूनाइटेड किंगडम (दूसरा, स्कोर-27.53), जर्मनी (तीसरा, स्कोर-27.36), फ्रांस (चौथा, स्कोर-27.22) तथा स्वीडन (पांचवा, स्कोर-27.12) है।
- इस सूचकांक की 38 देशों की सूची में अंतिम पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश क्रमशः वेनेजुएला (38 वां, स्कोर-6.4), भारत (37 वां, स्कोर-7.05), थाइलैंड (36वां, स्कोर-7.40), वियतनाम (35 वां, स्कोर-7.83) तथा अल्जीरिया (34 वां, स्कोर-8.5) है।
- यह सूचकांक अंतर्राष्ट्रीय संधियों में नवाचार, पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क की सुरक्षा, प्रवर्तन सहित महत्वपूर्ण 30 मापक मापदंडों पर आधारित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.theglobalipcenter.com/gipcindex/

http://www.theglobalipcenter.com/wp-content/themes/gipc/map-index/assets/pdf/2016/GIPC_ExecSummary_Final.pdf

http://www.theglobalipcenter.com/wp-content/themes/gipc/map-index/assets/pdf/2016/GIPC_IPIndex_Annex.pdf

http://www.thehindu.com/business/Industry/india-near-bottom-of-intellectual-property-index/article8219628.ece

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/india-ranks-37-38-in-new-us-chamber-ip-index-116021000781_1.html

विदेश मंत्री की श्रीलंका की यात्रा

प्रश्न-हाल ही में भारत-श्रीलंका संयुक्त आयोग की 9 वीं बैठक का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली

(b) कोलंबो

(c) मुंबई

(d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारत-श्रीलंका संयुक्त आयोग की 9वीं बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री सुषमा स्वराज 5-6 फरवरी, 2016 तक श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर रहीं।
- इससे पूर्व उन्होंने मार्च, 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले श्रीलंका का दौरा किया था।
- उन्होंने 5 फरवरी, 2016 को श्रीलंका के विदेश मंत्री मंगला समरवीरा के साथ भारत-श्रीलंका संयुक्त आयोग के बैठक की सह-अध्यक्षता की।
- भारत-श्रीलंका संयुक्त आयोग बैठक, जो तीन वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित हुई, ने 22 जनवरी, 2013 को आयोजित 8 वीं बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति एवं उपलब्धियों की समीक्षा की।
- संयुक्त आयोग ने सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए सभ्यतागत एवं घनिष्ठ जन दर संपर्को पर आधारित बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों की गहराई, तीव्रता और अनोखेपन को स्वीकार किया।
- संयुक्त आयोग ने विभिन्न परियोजनाओं में सहयोग के उपायों पर चर्चा की जिसमें पलाई एयरपोर्ट का उन्नयन, कांकेसंतुरई बंदरगाह पर अवसंरचना विकास, सैमपुर पावर प्लांट और ट्रिंकोमोली में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र आदि शामिल हैं।

- पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटन पर गठित संयुक्त कार्य समूह की दूसरी बैठक 2016 के मध्य होगी ताकि श्रीलंका में 'रामायण ट्रेल' और दक्षिण एशिया में बौद्ध सर्किट स्थापित करने पर सहयोग को आगे बढ़ाया जा सके।
- संयुक्त आयोग ने दोनों देशों के बीच साझी सभ्यतागत विरासत के समारोह के रूप में भारत महोत्सव 'संगम' का जायजा लिया।
- इसके साथ ही संयुक्त आयोग ने आतंकवाद की खिलाफत में सहयोग के महत्व को स्वीकार किया तथा स्थायी मिलकर काम करने के लिए दोनों देशों की आवश्यकता पर सहमति हुई।
- दोनों पक्ष मछुआरों की समस्या का स्थायी समाधान ढूंढ़ने पर सहमत हुए।
- इस अवसर पर श्रीलंका के विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री भारत में फरवरी, 2017 में संयुक्त आयोग की 10वीं बैठक निर्धारित करने पर सहमत हुए।
- 6 फरवरी, 2016 को विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कोलंबो में 'डिजिटल इंडिया का उत्थान' नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जिसमें पिछले कुछ वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में भारत द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों को दर्शाया गया।
- इस यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना, प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे और श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा से मुलाकात की।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26328/Remarks+by+External+Affairs+Minister+at+the+Inauguration+of+Exhibition+on+Rise+of+Digital+India+in+Colombo+6+February+2016
http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26330/Visit+of+External+Affairs+Minister+to+Sri+Lanka+February+56+2016

उपराष्ट्रपति की ब्रुनेई एवं थाइलैंड की यात्रा

प्रश्न-1-5 फरवरी, 2016 के दौरान उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ब्रुनेई एवं थाइलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहे।

भारत ने कब ब्रुनेई के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए?

(a) मई, 1985

(b) जून, 1984

(c) मई, 1984

(d) जून, 1986

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- ब्रुनेई दारूस्सलम के क्राउन प्रिंस हाजी अल मुहतडी बिलाह के निमंत्रण पर उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी 1 से 3 फरवरी, 2016 तक ब्रुनेई दारूस्सलम के आधिकारिक दौरे पर रहे।
- मई, 1984 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद यह भारत की ओर से उपराष्ट्रपति स्तर की पहली उच्च स्तरीय यात्रा है।
- ब्रुनेई आसियान में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा हमारी ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करने के अलावा यह 10,000 भारतीय समुदाय का मेजबान भी है।
- भारत और ब्रुनेई के बीच कुल व्यापार 1 मिलियन अमरिकी डॉलर के आस-पास है जिसमें से अधिकांश भाग कच्चे तेल का है।
- पेट्रोलियम उत्पाद के अलावा जैविक रसायन, धातु अयस्क तथा स्क्रैप अन्य वस्तुएं हैं जिनका आयात ब्रुनेई से किया जाता है।
- उपराष्ट्रपति ने अपनी यात्रा के दौरान सुल्तान, विदेश एवं व्यापार मंत्री के साथ बैठकें कीं।
- इसके अलावा उन्होंने भारतीय समुदाय और ब्रुनेई दारूस्सलम विश्वविद्यालय को संबोधित किया।
- इन्होंने ब्रुनेई के नेताओं के साथ अपनी बैठकों में नागर विमानन, व्यापार एवं निवेश, हाइड्रो कार्बन एवं प्राकृतिक गैस, सूचना एवं संचार तथा अंतरिक्ष सहयोग, आसियान एवं अन्य बहूपक्षीय मंचों में सहयोग से संबंधित द्विपक्षीय मुद्दों/सहयोग पर चर्चा की।
- उनकी ब्रुनेई यात्रा के दौरान 2 फरवरी, 2016 को निम्नलिखित 3 करारों/एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए-

  1. स्वास्थ्य सहयोग में एमओयू।

  इनके तहत द्विपक्षीय सहयोग के लिए निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है:

  I.डाक्टरों, अन्य पेशेवरों एवं विशेषज्ञों का आदान-प्रदान।

  II.स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान।

III.चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान विकास।

IV.फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरणों एवं कॉसमेटिक्स का विनियमन तथा इन क्षेत्रों में कारोबार विकास को बढ़ावा देना।

V.स्वास्थ्य संवर्धन तथा बीमारियों की रोकथाम।

2.रक्षा सहयोग पर एमओयू

इस एमओयू का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्रुनेई के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाना है।

3.युवा तथा खेल मामलों में सहयोग पर एमओयू।

- इसका उद्देश्य खिलाड़ियों एवं खेल टीमों के आदान-प्रदान के लिए एक रूपरेखा प्रदान करना, कोचिंग में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान, खेल प्रतिभाओं की पहचान, खेल एवं प्रशासन तथा युवा मामलों के क्षेत्र में सूचना के आदान-प्रदान को सुगम बनाना।
- रॉयल किंगडम ऑफ थाइलैंड के प्रधानमंत्री जनरल प्रायुत चान वो चा (General Prayut Chan-O-Cha) के निमंत्रण पर उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी 3 से 5 फरवरी, 2016 तक थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- 50 वर्ष की अवधि के बाद यह भारत की ओर से उपराष्ट्रपति के स्तर पर पहली यात्रा है।
- यात्रा के दौरान उन्होंने राजकुमारी माहा चाकरी ऋंधोर्न से मुलाकात की।
- इसके साथ ही उन्होंने 'पूरब की ओर नीति से पूरब में काम करोः थाइलैंड एवं आसियान के साथ भारत की साझेदारी' विषय पर प्रतिष्ठित बैंकाक चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय में भाषण दिया।
- थाईलैंड के साथ भारत के उत्कृष्ट संबंध आसियान के साथ भारत की सामरिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न घटक है।
- आसियान में सिंगापुर, इंडोनेशिया और मलेशिया के बाद थाईलैंड भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26332/Transcript+of+Media+Briefing+by+Secretary+East+in+Bandar+Seri+Begawan+on+Vice+Presidents+ongoing+visit+February+02+2016
http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26280/Transcript+of+Media+Briefing+by+Secretary+East+on+Vice+Presidents+forthcoming+visit+to+Brunei+and+Thailand+January+20+2016
http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26281/Visit+of+Vice+President+to+Brunei+February+0103+2016
http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail-hi.htm?26282/Visit+of+Vice+President+to+Thailand+February+0305+2016
http://www.mea.gov.in/outoging-visit-detail.htm?26311/List+of+MoUsAgreements+signed+during+the+visit+of+Vice+President+to+Brunei+February+02+2016

जापान द्वारा नकारात्मक ब्याज दर नीति की घोषणा

प्रश्न-29 जनवरी, 2016 को एक निर्णय के अनुसार किस देश के केंद्रीय बैंक ने नकारात्मक ब्याज दर नीति की घोषणा की है?

(a) भारत (b) चीन (c) जापान (d) बांग्लादेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जापान के केंद्रीय बैंक, बैंक ऑफ जापान ने दो दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के बाद 29 जनवरी, 2016 को नकारात्मक ब्याज दर लागू करने की घोषणा की।
- बैंक के बोर्ड ने चार के मुकाबले पांच के मत से नकारात्मक 0.1 फीसदी ब्याज दर लागू करने का फैसले किया है।
- यह नकारात्मक ब्याज दर 16 फरवरी, 2016 से लागू होगी।
- सरलतम शब्दों में यदि जापान का कोई वाणिज्यिक बैंक अब यदि केंद्रीय बैंक में पैसा जमा करेगा तो केंद्रीय बैंक इसके ऐवज में बैंक से 0.1 फीसदी की दर से ब्याज वसूलेगा।
- इसके वाणिज्यिक बैंक पैसे जमा रखने के बजाय अधिक से अधिक कर्ज बाटेंगे। इससे देश को आर्थिक मंदी से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।
- ज्ञातव्य है कि जापान की अर्थव्यवस्था बीते दस साल से स्थिर है और कई कोशिशों के बावजूद इसे रफ्तार नहीं मिल पा रही है।
- जापान के केंद्रीय बैंक के नीति बोर्ड ने कीमतों की स्थिरता को शीघ्रतम 2 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नकारात्मक ब्याज के साथ मात्रात्मक और गुणात्मक सहजता (QQE) को प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।
- बैंक ऑफ जापान ने एक तीन स्तरीय प्रणाली को अपनाया है जिसमें प्रत्येक वित्तीय संस्थानों के चालू खाते की बकाया राशि को तीन स्तरों में विभाजित किया है। 1. सकारात्मक ब्याज दर, 2. शून्य ब्याज दर, 3. नकारात्मक ब्याज दर।
- बैंक ऑफ जापान के गवर्नर हारूहिको कुरोडा ने कहा कि वह जापान में महंगाई दर में गिरावट की धारणा को समाप्त करना चाहते हैं।
- हारूहिको कुरोडा के अनुसार तेल की गिरती कीमतों और चीन सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अनिश्चितताओं से कारोबारियों का भरोसा कम हो सकता है।
- ज्ञातव्य है कि जापान से पूर्व यूरोजोन के कई देशों में नकारात्मक ब्याज दर की घोषणा की जा चुकी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.boj.or.jp/en/announcements/release_2016/k160129b.pdf
https://www.boj.or.jp/en/announcements/release_2016/k160129a.pdf

आर्थिक परिदृश्य

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'सार्क विनियम व्यवस्था' का विस्तार

प्रश्न-23 फरवरी, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'सार्क (SAARC) विनिमय व्यवस्था' का विस्तार कब तक के लिए कर दिया गया है?

(a) 14 नवंबर, 2017

(b) 15 नवंबर, 2017

(c) 16 नवंबर, 2017

(d) 17 नवंबर, 2017

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सार्क क्षेत्र में वित्तीय स्थिरता एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने हेतु 'सार्क मुद्रा विनिमय व्यवस्था' (SAARC Currency Swap Arrangement) का विस्तार करने का निर्णय किया गया।
- उल्लेखनीय है कि आरबीआई के निर्णय के अनुसार 'सार्क मुद्रा विनिमय व्यवस्था' 14 नवंबर, 2017 तक लागू रहेगी।
- ध्यातव्य है कि नवंबर, 2012 को सार्क देशों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'सार्क विनिमय व्यवस्था' प्रस्तुत की गयी थी।
- इस व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की और कुल राशि के लिए विदेशी मुद्रा और भारतीय रुपया में विनिमय व्यवस्था उपलब्ध करायेगा।
- यह सुविधा सार्क के सभी सदस्य देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) के लिए उपलब्ध होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PressReleases.aspx?ID=28083

आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2016

प्रश्न-हाल ही में जारी 'आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2016' में भारत का कौन-सा स्थान है?

(a) 128 वां (b) 123 वां (c) 125 वां (d) 120 वां

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 'आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक' (EFI:Economic Freedom Index) विश्व के विभिन्न देशों में दी गई आर्थिक स्वतंत्रताओं का तुलनात्मक अध्ययन करने का बहुआयामी सूचकांक है।
- विभिन्न देशों में आर्थिक स्वतंत्रता की स्थिति को मापने के लिए अमेरिका का 'द हेरिटेज फाउंडेशन' (The Heritage Foundation) और 'द वाल स्ट्रीट जर्नल' (The Wall Street Journal) संयुक्त रूप से वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक जारी कर रहे हैं।
- अमेरिकी प्रबुद्ध मंत्र (Think Tank) 'द हेरिटेज फाउंडेशन' द्वारा 1 फरवरी, 2016 को 'आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक; 2016' जारी किया गया।
- आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2016 में शामिल कुल 186 देशों में से 178 देशों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
- अफगानिस्तान, इराक, लीबिया, लिकटेंस्टाइन, सोमालिया, सूडान, सीरिया तथा यमन को इस सूचकांक में कोई रैंकिंग प्रदान नहीं की गई है।
- इस सूचकांक में शामिल कुल 178 देशों का वर्गीकरण निम्न श्रेणियों में किया गया हैं-
  (a) 5 देश-स्वतंत्र श्रेणी (Free) स्कोर-(80 या उससे अधिक), (b) 87 देश-प्रायः स्वतंत्र (Mostly Free), स्कोर-(70 से 79.9 के मध्य) अथवा नियंत्रित रूप से स्वतंत्र (Moderately Free), स्कोर-(60-69.9 के मध्य), (c) 62 देश-प्रायः गैर-स्वतंत्र (Mostly Unfree), स्कोर-(52-59.9 के मध्य), (d) 24 देश-दमित (Repressed), स्कोर-(50 से कम)।
- आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2016 में शीर्ष 5 स्थानों वाले स्वतंत्र (Free) देशों का क्रम इस प्रकार हैं-(1) हांगकांग (स्कोर-88.6), (2) सिंगापुर (स्कोर-87.8), (3) न्यूजीलैंड (स्कोर-81.6), (4) स्विट्जरलैंड (स्कोर-81.0), (5) ऑस्ट्रेलिया (स्कोर-80.3।
- इस सूचकांक में निचले पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश क्रमशः हैं-178. उत्तर कोरिया (स्कोर-2.3), 177. क्यूबा (स्कोर-29.8), 176. वेनेजुएला (स्कोर-33.7), 175. जिम्बाब्वे (स्कोर-38.2) .174 तुर्कमेनिस्तान (स्कोर-41.9), भारत प्रायः गैर-स्वतंत्र (Mostly Unfree) देशों की श्रेणी में बना हुआ है। इसकी रैंकिंग 123 है तथा इसका स्कोर 56.2 है। पिछले वर्ष की तुलना में भारत के स्कोर में 1.6 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 में भारत इस सूचकांक में 128वें स्थान पर था।
- नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र 41 देशों में भारत की रैंक 25 वीं हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.heritage.org/index/
http://www.heritage.org/research/reports/2015/12/2016-index-of-economic-freedom-yet-more-evidence-of-free-trades-benefits

एसबीआई की 'जापान डेस्क' का उद्घाटन

प्रश्न-अभी हाल में ही एसबीआई ने जापानी निवेशकों की मदद के लिए 'जापान डेस्क' का प्रारंभ कहां किया?

(a) मुंबई

(b) बंगलुरू

(c) नई दिल्ली

(d) चेन्नई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली में जापानी निवेशकों की मदद के लिए 'जापान डेस्क' का शुभारंभ किया।
- जापान डेस्क प्रारंभ करने का उद्देश्य भारत में निवेश के इच्छुक जापानी निवेशकों को भारत में निवेश करने में मदद करना है।
- इसके माध्यम से निवेशकों को नियामक आवश्यकताओं एवं कर नियमों तथा आवश्यक विधिक प्राविधानों की जानकारी प्रदान की जायेगी।
- निवेशकों को वो समस्त जानकारियां डेस्क के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेंगी जो कि भारत में निवेश या उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक है।
- जापानी निवेशकों को भारत में संयुक्त उद्यम स्थापित करने एवं सही भागीदार चुनने में भी मदद प्रदान की जायेगी।
- भारतीय उद्यमियों को जापानी निवेशकों के साथ भागीदारी के लिए आवश्यक सूचनाएं तथा सही भागीदार चुनने में मदद प्रदान की जाएगी।
- बैंक भविष्य में एक ऐसी ही 'जापान डेस्क' चेन्नई में भी प्रारंभ करेगी जिससे निवेशकों को मदद प्राप्त हो सके।
- बैंक का कोरिया से भी इसी प्रकार की डेस्क खोलने का आग्रह प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/sbi-launches-japan-desk/article8244277.ece
http://www.business-standard.com/article/news-ians/sbi-launches-japan-desk-to-aid-fdi-inflow-116021600478_1.html
http://asia.nikkei.com/Business/AC/Lender-sets-up-Japan-Desk-hoping-to-woo-investment

राष्ट्रीय पूंजीगत वस्तु नीति-2016

प्रश्न-15 फरवरी, 2016 को घोषित राष्ट्रीय पूंजीगत वस्तु नीति 2016 के अनुसार 2025 तक पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन को कितना करने का लक्ष्य रखा गया है?

(a) 3,50,000 करोड़ रुपये

(b) 7,50,000 करोड़ रुपये

(c) 6,50,000 करोड़ रुपये

(d) 5,00,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- पूंजीगत वस्तुओं के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 15 फरवरी, 2016 को राष्ट्रीय पूंजीगत वस्तु नीति 2016 का अनावरण किया।
- इसकी घोषणा भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्री अनंत गीते ने मुंबई में चल रहे मेक इन इंडिया सप्ताह (13-18 फरवरी, 2016) के दौरान की।
- इस नीति में निर्यात को कुल उत्पादन के 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने की परिकल्पना की गयी है।
- भारतीय मांग घरेलू उत्पादन की हिस्सेदारी को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने की कल्पना की गयी है।
- पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन को 2014-15 के 2,30,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2025 में 7,50,000 करोड़ रुपये करना इस नीति का मुख्य उद्देश्य है।
- इस नीति में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार को वर्तमान 8.4 मिलियन से बढ़ाकर 30 मिलियन करने का लक्ष्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136430

http://dhi.nic.in/writereaddata/Content/Capital%20Goods%20Report.pdf

प्रमुख फसलों के द्वितीय अग्रिम उत्पादन अनुमान 2015-16

प्रश्न-हाल ही में वर्ष 2015-16 हेतु जारी प्रमुख खाद्यान्न फसलों के द्वितीय अग्रिम उत्पादन अनुमान के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन में कितने लाख टन वृद्धि का अनुमान है?

(a) 2.25 मिलियन टन (b) 1.14 मिलियन टन

(c) 2.14 मिलियन टन (d) 14.2 मिलियन टन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी 2016 को कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग (कृषि मंत्रालय) द्वारा वर्ष 2015-16 हेतु प्रमुख फसलों का द्वितीय अग्रिम उत्पादन अनुमान जारी किया गया।
- इन अग्रिम उत्पादन अनुमानों के अनुसार 2015-16 में कुल खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान 253.16 मिलियन टन है जो कि वर्ष 2014-15 के कुल खाद्यान्न उत्पादन (252.02 मिलियन टन) से 1.14 लाख टन अधिक है।
- वर्ष 2015-16 के लिए चावल उत्पादन का अनुमान 103.61 मिलियन टन है जो कि वर्ष 2014-15 के उत्पादन (105.48 मिलियन टन) से 1.87 मिलियन टन कम है।
- गेंहू के उत्पादन में वर्ष 2015-16 में 93.82 मिलियन टन के उत्पादन अनुमान के साथ वर्ष 2014-15 (86.53) की तुलना में 7.29 मिलियन टन की वृद्धि का अनुमान है। गेंहू उत्पादन में वर्ष 2015-16 में पिछले 5 वर्षों के औसत उत्पादन से 2.29 मिलियन टन वृद्धि का अनुमान है।
- मोटे अनाजों का उत्पादन वर्ष 2015-16 में 38.40 मिलियन टन अनुमानित है जिसमें गत वर्ष के उत्पादन (42.86 मिलियन टन) से 4.47 मिलियन टन की कमी का अनुमान है।
- वर्ष 2015-16 हेतु मक्का के उत्पादन का अनुमान 21 मिलियन टन है।
- दलहन का उत्पादन वर्ष 2015-16 में 17.33 मिलियन टन अनुमानित है।
- कुल तिलहन उत्पादन का अनुमान वर्ष 2015-16 में 26.34 मिलियन टन है जिसमें गत वर्ष की तुलना में 1.17 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज की गई है।
- सोयाबीन का उत्पादन 9.13 मिलियन टन, मूंगफली का उत्पादन 7.18 मिलियन टन, रेपसीड और सरसों का उत्पादन 6.84 मिलियन टन अनुमानित है।
- वर्ष 2015-16 हेतु कपास के उत्पादन का अनुमान 30.69 मिलियन गांठें है जिसमें गत वर्ष के उत्पादन (34.81 मिलियन गांठें) से 4.11 मिलियन गांठें (प्रत्येक 170 किग्रा.) की कमी का अनुमान है।
- गन्ना उत्पादन का अनुमान 2015-16 में 346.39 मिलियन टन है जिसमें गत वर्ष (2014-15) से 15.95 मिलियन टन की कमी अनुमानित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136419

छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2015-16

प्रश्न-2 फरवरी, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी छठी द्वविमासिक मौद्रिक नीति के अनुसार रेपो दर कितनी निर्धारित की गयी है?

(a) 6.75

(b) 8.75

(c) 7.75

(d) 6.50

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक (R.B.I.) के गवर्नर डॉ. रघुराम जी. राजन द्वारा छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति-2015-16, (Sixth Bi-Monthly Monetary Policy-2015-16) वक्तव्य जारी किया गया।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 'छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति' में प्रमुख दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।
- चलनिधि समायोजन सुविधा (Liquidity Adjustment Facilty-LAF) के अंतर्गत रेपो दर 6.75 प्रतिशत और रिवर्स रेपो दर 5.75 प्रतिशत रखी गयी है।
- 'सीमांत स्थायी सुविधा दर' (Marginal Standing Facility Rate) और बैंक दर को 7.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के 'नगद आरक्षित अनुपात' (Cash Reserve Ratio-CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे 'निवल मांग और मियादी देयताओं' (Net Demand and Time Liabilities: NDTL) के 4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के 'सांविधिक चलनिधि अनुपात' (Statutory Liquidity Ratio: SLR) अपने पूर्व स्तर 21.5 प्रतिशत पर बनी हुई है।
- इस वक्तव्य में 2015-16 के लिए विकास दर पूर्ववत 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।
- वर्ष 2016-17 के लिए जीवीए (Gross Value Added: GVA) वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- वर्ष 2016-17 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य 5 अप्रैल, 2016 को घोषित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PressReleases.aspx?ID=27903

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

प्रश्न-दिसंबर, 2015 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कितना था?

(a) 4.5 बिलियन डॉलर

(b) 3.5 बिलियन डॉलर

(c) 2.5 बिलियन डॉलर

(d) 5 बिलियन डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार दिसंबर, 2015 में 4.5 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ।
- दिसंबर, 2014 की तुलना में दिसंबर, 2015 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में 114% की वृद्धि हुई।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2014 में भारत में 2.16 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ था।
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्र हैं- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, सेवाएं और दूरसंचार।
- गौरतलब है कि भारत में सर्वाधिक विदेशी निवेश-सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड और जापान से आता है।
- भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह वर्ष 2013-14 के 24.29 बिलियन डॉलर की तुलना में 2014-15 में 30.93 बिलियन डॉलर रहा।
- वर्ष 2014-15 में विदेशी पूंजी प्रवाह में 27% की वृद्धि हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://reports.dionglobal.in/EscortSecAdmin/Reports//RR0502201611.PDF

http://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/fdi-goes-full-throttle-spikes-114-in-december/articleshow/50855868.cms

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश बना

प्रश्न-थाई चावल निर्यातक संघ (TREA) की रिपार्ट के अनुसार 2015 में भारत ने कुल कितना चावल निर्यात किया?

(a) 10.23 मिलियन टन

(b) 9.79 मिलियन टन

(c) 8.5 मिलियन टन

(d) 7.3 मिलियन टन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2016 को जारी थाई चावल निर्यातक संघ (TREA) के आंकड़ों के अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश बन गया है।
- इन आंकड़ों के अनुसार 2015 में विश्व के तीन सबसे बड़े चावल निर्यातक देश हैंः-

  1. भारत (1.02 करोड़ टन)

  2. थाईलैंड (97.9 लाख टन)

  3. वियतनाम (66.1 लाख टन)
- रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2015 में 10.23 मिलियन टन चावल का निर्यात किया।
- थाईलैण्ड 9.79 मिलियन टन चावल निर्यात के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिसने 2014 में 10.97 मिलियन टन चावल का निर्यात किया था।
- वियतनाम 6.61 मिलियन टन निर्यात के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- तेल के मूल्यों में उतार चढ़ाव और जलवायु परिवर्तन के कारण चावल निर्यातकों के लिए वर्ष भी जोखिम भरा रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thairiceexporters.or.th/default_eng.htm

http://www.bangkokpost.com/business/news/842220/rice-exporters-pessimistic-about-market-prospects

http://indiatoday.intoday.in/education/story/top-exporters/1/581481.html

वैज्ञानिक परिदृश्य

एंटी-रेडिएशन मिसाइल (ARM)

प्रश्न-रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा 'एंटी-रेडिएशन मिसाइल' (ARM) का कैप्टिव उड़ान परीक्षण कब किया जाएगा?

(a) अप्रैल-मई, 2016

(b) मार्च-अप्रैल, 2016

(c) मई-जून, 2016

(d) जून-जुलाई, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल-मई, 2016 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा 'एंटी-रेडिएशन मिसाइल' (ARM) का कैप्टिव उड़ान परीक्षण किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि 'हवा से सतह' में मार करने वाली सामरिक मिसाइल 'एआरएम' रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (DRDL) द्वारा विकसित की जा रही है।
- यह मिसाइल रडार और संचार सुविधाओं पर हमला करके दुश्मन की हवाई क्षमताओं को लक्षित करेगी।
- इस मिसाइल की रेंज 100-125 किमी. है।
- ज्ञातव्य है कि एआरएम मिसाइल से लड़ाकू विमान सुखोई-30 और हल्के लड़ाकू विमान तेजस को सुसज्जित किया जाएगा।
- एआरएम मिसाइल के कैप्टिव परीक्षण उड़ान के दौरान नेवीगेशन एवं नियंत्रक प्रणाली का प्रदर्शन, संरचनात्मक क्षमता और वायुगतिकीय कंपन का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गौरतलब है कि यह संपूर्ण मिसाइल स्वदेश में विकसित की जा रही है।
- वर्तमान समय में अमेरिका एवं जर्मनी समेत कुछ देशों के पास ही एंटी-रेडिएशन मिसाइल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.drdo.gov.in/drdo///pub/npc/2016/february/din-18Feb2016.pdf

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/captive-flight-trials-of-antiradiation-missile-soon/article8245955.ece

http://www.airforce-technology.com/news/newsindia-to-commence-captive-flight-trials-of-its-anti-radiation-missile-4816656

http://www.ibtimes.co.in/drdo-soon-begin-trials-anti-radiation-missile-667326

पृथ्वी-II मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में पृथ्वी-II मिसाइल का ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर से सफल परीक्षण किया गया। सेना के सामरिक बल कमान में इसकी तैनाती कब हुई थी?

(a) वर्ष 2004

(b) वर्ष 2003

(c) वर्ष 2006

(d) वर्ष 2005

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर से नाभिकीय सक्षम 'पृथ्वी-II' मिसाइल का परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
- चंदीपुर स्थित 'एकीकृत परीक्षण रेंज' (ITR) के प्रक्षेपण स्थल 3 से मोबाइल लांचर द्वारा पृथ्वी-II दागा गया।
- पृथ्वी-II का यह परीक्षण सेना के सामरिक बल कमान (SFC) द्वारा नियमित प्रयोक्ता परीक्षण के तहत किया गया।
- ज्ञातव्य है कि पृथ्वी-II सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है तथा इसकी रेंज (मारक दूरी) 350 कि.मी. है।
- पृथ्वी-II की लंबाई 9 मीटर है तथा यह एकल चरणीय द्रव प्रणोदक चालित मिसाइल है।
- यह 500 से 1000 किग्रा. तक का युद्धशीर्ष वहन करने में सक्षम है।
- सेना के सामरिक बल कमान में पृथ्वी-II की तैनाती वर्ष 2003 में हुई थी।
- इसके पूर्व इस मिसाइल का परीक्षण-26 नवंबर, 2015 को किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ndtv.com/india-news/prithvi-ii-missile-capable-of-carrying-up-to-1000-kg-warhead-test-fired-1277899

पहले वायुमंडल युक्त बृहद ग्रह की खोज

प्रश्न-हाल ही में पहले वायुमंडल युक्त बृहद ग्रह की खोज की गई है इस ग्रह की दूरी पृथ्वी से कितनी है?

(a) 20 प्रकाश वर्ष

(b) 40 प्रकाश वर्ष

(c) 15 प्रकाश वर्ष

(d) 80 प्रकाश वर्ष



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी 2016 को 'हब्बल स्पेस टेलीस्कोप' द्वारा वाइड फील्ड कैमरा-3 (WFC3) के माध्यम से पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष दूर, पृथ्वी से आठ गुना बड़े आकार के वायुमंडल बृहद ग्रह (Super-Earth) की खोज वैज्ञानिक शोधार्थियों द्वारा की गई।
- खगोलविदों द्वारा पहली बार वायुमंडल युक्त बृहद ग्रह की पहचान की गई है जिसे 'सुपर अर्थ' की संज्ञा दी गई है।
- वातावरण युक्त इस नए ग्रह जिसे 55 कैन्क्री (Cancri-e) नामित किया गया है, पर मुख्यतः हाइड्रोजन और हीलियम की उपलब्धता संभावित है।
- इस शोध अभियान के बारे में एस्ट्रोफिजिकल जनरल नामक शोध पत्रिका में प्रकाशन किया गया। इसके प्रथम लेखक एन्गेलोससिआ रस है।
- यह पूरा खोज अभियान यूनिवर्सिटी कालेज लंदन के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा किया गया।
- यह ग्रह अपने तारे के अत्यन्त निकट से परिक्रमण के कारण 2000 सेल्सियस तक गर्म हो जाता है।
- इस ग्रह पर वैज्ञानिकों द्वारा जल की कोई संभावना व्यक्त नहीं की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bbc.com/news/science-environment-35586936

http://www.space.com/31946-exoplanet-super-earth-atmosphere-hubble-video.html

http://www.engadget.com/2016/02/17/nasa-finds-its-first-super-earth-exoplanet-with-an-atmosphere/

एचएएल द्वारा स्वदेशी तकनीकी से विकसित पहले बेसिक ट्रेनर विमान के नमूने का प्रदर्शन

प्रश्न-हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा स्वदेशी तकनीकी से विकसित किए जा रहे पहले बेसिक ट्रेनर विमान का क्या नाम है जिसके पहले प्रोटोटाइप (नमूने) को प्रदर्शित किया गया?

(a) HPT-32
(b) HPT-40
(c) HPT-40
(d) HPT-60

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड वायुसेना के लिए स्वदेशी तकनीकी से विकसित किए जा रहे पहले बेसिक ट्रेनर विमान 'हिंदुस्तान टर्बो-प्रॉप ट्रेनर-40 (HTT-40) के पहले प्रोटोटाइप (नमूने) को पहली बार प्रदर्शित किया गया।
- एचटीटी-40 को भारतीय वायुसेना की सेवा से बाहर किए जा चुके एचपीटी-32 'दीपक' नामक बेसिक ट्रेनर विमान का स्थान लेने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है।
- एचटीटी-40 धातु से बना टेण्डम सीट वाला विमान होगा जिसमें 950 हार्सपॉवर का टर्बो- प्रॉप इंजन लगाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.hal-india.com/Boost%20to%20Make%20in%20India%20%20HAL%20Rolls-out%20HTT-40%20Prototype/ND__151
http://www.hal-india.com/Product_Details.aspx?Mkey=54&lKey=&CKey=69

मैजिक प्रोसेस लैब

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय विज्ञान-प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहां 'मैजिक प्रोसेस लैब' का उद्घाटन किया?

(a) नई दिल्ली

(b) पुणे

(c) कोलकाता

(d) मुंबई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पुणे के सीएसआईआर- राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (CSIR-National Chemical Laboratory) में मैजिक (MAGIC: Modular, Agile, Intensified and Continous) प्रोसेस लैब' का उद्घाटन किया।
- इस प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि मैजिक प्रोसेस और ये संयंत्र भविष्य में फाइन और स्पेशियलिटी केमिकल के उद्योग के परिचालन को बदल देंगे।
- सीएसआईआर-एनसीएल में विकसित प्रोसेस अब तक इस्तेमाल हो रहे प्रोसेस टेक्नोलॉजी को आधुनिक प्रोसेस में बदल सकती है जो पहले से साफ और पर्यावरण सुरक्षित सुंगठित, मापे जाने लायक और किफायती हैं

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136026

आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-भारत ने 28 जनवरी, 2016 को स्वदेश निर्मित सतह से हवा में मारक आकाश प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया। इस प्रक्षेपास्त्र की मारक क्षमता कितनी है?

(a) 25 किमी.

(b) 250 किमी.

(c) 750 किमी.

(d) 9 किमी.

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- भारत ने 28 जनवरी, 2016 को चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में जमीन से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल आकाश का सफल परीक्षण किया।
- भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने पैरा बैरल के ठिकानों पर इस मिसाइल का तीन बार परीक्षण किया।
- आकाश प्रक्षेपास्त्र ठोस प्रणोदक संचालित, द्विचरणीय प्रक्षेपास्त्र है।
- यह मिसाइल 25 किमी. की दूरी तक एक साथ कई लक्ष्यों को भेद सकने में सक्षम है।
- सतह से हवा में मारक आकाश प्रक्षेपास्त्र 60 किग्रा. की युद्ध सामग्री के साथ किसी सचल लक्ष्य (Mobile Target) को नष्ट कर सकता है।
- यह मिसाइल एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।
- यह मिसाइल 2.8 से 3.5 मैक की सुपरसोनिक गति से उड़ान भर सकती है।
- अमेरिकी एमआईएम-104 पैट्रियट मिसाइल की तुलना में आकाश में लड़ाकू विमानों, क्रूज मिसाइलों और हवा से सतह पर प्रहार करने वाली मिसाइलों को भेदकर गिराने की क्षमता है।
- इस मिसाइल को औपचारिक रूप से वायु सेना में जुलाई 2015 में शामिल किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/india-test-fires-akash-missiles/article8163440.ece

खेल परिदृश्य

टेनिस

दिल्ली ओपन, 2016

प्रश्न-दिल्ली ओपन-2016 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?

(a) स्टीफेन रॉबर्ट (b) सोमदेव देववर्मन

(c) साकेत माइनेनी (d) बेईयान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- पुरुष वर्ग के ATP चैलेंजर टूर तथा महिला वर्ग की ITF वुमेन्स सर्किट की टेनिस प्रतियोगिता दिल्ली ओपन का आयोजन 15-21 फरवरी, 2016 के मध्य नई दिल्ली (भारत) में किया गया।
- प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-

पुरुष एकल-

- विजेता-स्टीफेन रॉबर्ट (फ्रांस)
- उपविजेता-साकेत माइनेनी (भारत)

महिला एकल-

- विजेता-सबीना शारीपोवा (उज्बेकिस्तान)
- उपविजेता-नीना स्तोजानोविक (सर्बिया)

पुरुष युगल-

- विजेता-युकी भांबरी एवं महेश भूपति (दोनों भारत)
- उपविजेता-साकेत माइनेनी एवं सनम सिंह (दोनों भारत)

महिला युगल-

- विजेता-सु चिंग-वेन एवं ली या-सुआन (दोनों चीनी ताइपे)
- उपविजेता-नतेला जालामिइजे एवं वेनोनिका कुदेरमेटोवा (दोनों रूस)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.protennislive.com/posting/2016/6961/x.pdf
http://www.itftennis.com/procircuit/tournaments/women's-tournament/info.aspx?tournamentid=1100036584

रियो ओपन, 2016

प्रश्न-रियो ओपन, 2016 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता है?

(a) बाब्लो क्यूवास

(b) जैक साक

(c) रोजर फेडरर

(d) फेबियो फागनिनी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 से 21 फरवरी, 2016 के मध्य रियो ओपन टेनिस प्रतियोगिता रियो डी जनेरियो, ब्राजील में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-

पुरुष एकल-

- विजेता-पाब्लो क्यूवास (उरुग्वे)
- उपविजेता-ग्यूडो पेला (अर्जेंटीना)

महिला एकल-

- विजेता-फ्रांसिस्का चियावोने (इटली)
- उपविजेता-शेल्वी रोजर्स (अमेरिका)

पुरुष युगल-

- विजेता-जुआन सेबेस्टियन कबाल एवं राबर्ट फराह (दोनों कोलंबिया)
- उपविजेता-पाब्लो करेनो बुस्टा एवं डेविड मरेरो (दोनों स्पेन)

महिला युगल-

- विजेता-वेनोनिका सेपेडे रोग (पराग्वे) एवं मारिया इरिगोयेन (अर्जेंटीना)
- उपविजेता-तारा मूरे (इंग्लैंड) एवं कोन्नी पेरीन (स्विट्जरलैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.atpworldtour.com/en/tournaments/rio-de-janeiro/6932/overview
http://www.atpworldtour.com/en/news/rio-2016-final-cuevas-pella
http://www.rioopen.com/Results.aspx?live=false
http://www.bbc.com/sport/tennis/35624684

गारंती कोजा सोफिया ओपन

प्रश्न- सोफिया ओपन, 2016 पुरुष टेनिस प्रतियोगिता के एकल खिताब विजेता हैं-

(a) विक्टर ट्रोइस्की

(b) रोजर फेडरर

(c) राबेर्टो बउतिस्ता अगुत

(d) होरिया टेकाऊ

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2016 सोफिया ओपन (प्रायोजक कारणों से 2016 गारंती कोजा सोफिया ओपन) पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 1-7 फरवरी, 2016 के मध्य सोफिया (Sofia), बुल्गारिया में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-**
- **पुरुष एकल**
- विजेता-राबेर्टो बाउतिस्ता अगुत (स्पेन)
- उपविजेता-विक्टर ट्रोइस्की (सर्बिया)
- **पुरुष युगल**
- विजेता-वेस्ली कूलहॉफ एवं मैट्वे मिडेलकूप (दोनों नीदरलैंड्स)
- उपविजेता-फिलिप ऑसवल्ड (ऑस्ट्रिया) एवं आदिल शम्सदीन (कनाडा)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/sofia/7434/2016/results

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/sofia/7434/2016/results?matchType=doubles

ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2016

प्रश्न- 31 जनवरी, 2016 को ऑस्ट्रेलियन ओपन मेलबर्न में संपन्न हुई। इस ग्रैंड स्लैम स्पर्धा का पुरुष एवं महिला एकल खिताब किसने जीता?

(a) नेबल जोकोविक व एंजेलिक कार्बर (b) नोवाक जोकोविक व सेरेना विलियम्स
(c) एंडी मरे व मारिया शारापोवा (d) ब्रूनो सोआरेस व लूसी हराडेस्का

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी से 31 जनवरी, 2016 के मध्य मेलबर्न में संपन्न लॉन टेनिस की इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता (वर्ष की प्रथम) के 104 वें संस्करण के परिणाम इस प्रकार रहे-

पुरुष एकल

- विजेता-नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
- उपविजेता-एंडी मरे (ब्रिटेन)

महिला एकल

- विजेता-एंजलिक कर्बर (जर्मनी)
- उपविजेता-सेरेना विलियम (अमेरिका)

पुरुष युगल

- विजेता-जैमी मरे (ब्रिटेन) एवं ब्रूनो सोआरेस (ब्राजील)
- उपविजेता-डैनियल नेस्टर (कनाडा) एवं राडेक स्टेपानेक (चेक गणराज्य)

महिला युगल

- विजेता-सानिया मिर्जा (भारत) एवं मार्टिना हिंगिस (स्विट्जरलैंड)
- उपविजेता-आंद्रिया हलावाकोवा एवं लूसी हराडेस्का (दोनों चेक गणराज्य)

मिश्रित युगल

- विजेता-एलेना वेस्नीना (रूस) एवं ब्रूनो सोआरेस (ब्राजील)
- उपविजेता-कोको वांडेवेघे (अमेरिका) एवं होरिया टेकाऊ (रोमानिया)
- यह जोकिविक का 6वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब एवं कुल 11वां ग्रैड स्लैम खिताब था। इस जीत के साथ जोकोविक ने ऑस्ट्रेलिया के रॉय इमर्सन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली जिन्होंने 1961 से 1967 के मध्य 6 खिताब जीते थे। यह कर्बर के कैरियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है तथा वह स्टेफी ग्राफ के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाली दूसरी जर्मन खिलाड़ी हैं। सानिया-हिंगिस की जोड़ी की यह लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इसके पूर्व इस जोड़ी ने वर्ष 2015 में विम्बलडन एवं यूएस ओपन खिताब जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ausopen.com/en_AU/scores/draws/index.html
http://www.ausopen.com/en_AU/scores/draws/md/index.html

क्रिकेट

भारत-श्रीलंका महिला टीम की ओडीआई शृंखला-2016

प्रश्न-19 फरवरी, 2016 को संपन्न ओडीआई शृंखला को भारतीय महिला टीम ने जीता-

(a)2-1 से

(b)1-1 से

(c)3-0 से

(d)2-0 से

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15-26 फरवरी, 2016 के मध्य श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम भारतीय दौरे पर रहेगी।
- इस दौरान भारत की महिला क्रिकेट टीम व श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम के मध्य तीन मैचों की ओडीआई शृंखला संपन्न हुई।
- 19 फरवरी को रांची में खेले गये तीसरे व अंतिम मैच में भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका महिला टीम को 7 विकेट से हराकर शृखंला 3-0 से जीत कर क्लीनस्वीप किया।
- शृंखला का पहला व दूसरा मैच भी भारतीय महिला टीम ने क्रमश: 107 रन, 6 विकेट से जीता था।
- शृखंला में भारतीय महिला टीम का नेतृत्व मिताली राज जबकि श्रीलंका की महिला टीम का नेतृत्व शशिकला श्रीवर्धने ने किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bcci.tv/news/2016/news/13046/all-round-india-women-register-3-0-series-win

http://www.rediff.com/cricket/report/deepti-scalps-620-india-womens-whitewash-lanka-/20160219.htm

http://www.bcci.tv/india-womens-vs-srilanka-womens-odi-series-2015-16/news/2016/press-releases/12859/india-mens-and-womens-teams-announced-for-sri-lanka-series

U-19 क्रिकेट विश्व कप-2016

प्रश्न-आईसीसी U-19 क्रिकेट विश्व कप-2016 का खिताब किसने जीता?

(a) भारत U-19 क्रिकेट टीम

(b) बांग्लादेश U-19 क्रिकेट टीम

(c) वेस्टइंडीज U-19 क्रिकेट टीम

(d) श्रीलंका U-19 क्रिकेट टीम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा प्रशासित U-19 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन 27 जनवरी से 14 फरवरी, 2016 के मध्य बांग्लादेश में संपन्न हुआ।
- राउंड रॉबिन एवं नॉकआउट प्रारूप में खेली गई इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 14 फरवरी, 2016 को खेला गया।
- शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मीरपुर में खेले गये फाइनल मैच में वेस्टइंडीज की U-19 क्रिकेट टीम ने भारत U-19 क्रिकेट टीम को 5 विकेट से पराजित कर पहली बार आईसीसी U-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीत लिया।
- फाइनल मैच में नाट ऑउट रहते हुए 52 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कीसी कार्टी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया।
- भारत U-19 क्रिकेट टीम के कप्तान इशान किशन जबकि वेस्टइंडीज U-19 क्रिकेट टीम के कप्तान शिमरन हेटमेर थे।
- इग्लैंड U-19 क्रिकेट टीम के जैक वर्नहम ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 420 रन बनाए।
- जबकि नामीबिया U-19 क्रिकेट टीम के फ्रिट्ज कोइजी ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक 15 विकेट प्राप्त किया।
- उल्लेखनीय है U-19 विश्व कप में प्रतिभाग करने वाली 16 टीमों के मध्य 48 मैच खेले गये।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.icc-cricket.com/u19-world-cup/news/2016/media-releases/92464/west-indies-wins-maiden-icc-u19-cricket-world-cup

http://www.icc-cricket.com/u19-world-cup/results

http://www.espncricinfo.com/icc-under-19-world-cup-2016/content/series/949357.html

https://en.wikipedia.org/wiki/2016_Under-19_Cricket_World_Cup

श्रीलंका क्रिकेट टीम का भारत दौरा-2016

प्रश्न-श्रीलंका क्रिकेट टीम के भारत दौरे के दौरान भारत व श्रीलंका टीम के मध्य कितने ट्वेंटी-20 मैच खेले गये?

(a) तीन मैच

(b) चार मैच

(c) पाँच मैच

(d) सात मैच

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9-14 फरवरी, 2016 के मध्य श्रीलंका क्रिकेट टीम भारत दौरे पर रही।
- इस दौरान भारत व श्रीलंका के मध्य कुल 3 ट्वेंटी-20 मैच खेला गया।
- 14 फरवरी, 2016 को डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी ACA-VDCA क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम में खेले गये तीसरे व अंतिम ट्वेंटी-20 मैच में भारत ने श्रीलंका को 9 विकेट से हराकर मैच जीत लिया।
- शृंखला का पहला मैच श्रीलंका ने 5 विकेट से जीता जबकि दूसरा मैच भारत ने 69 रन से जीता।
- शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जबकि श्रीलंका टीम के कप्तान दिनेश चांडीमल थे।
- शृंखला के तीसरे मैच में भारतीय गेंदबाज रविचन्द्रन अश्विन ने 4 ओवर में 1 मेडन ओवर सहित 8 रन देकर 4 विकेट प्राप्त करते हुए ट्वेंटी-20 गेंदबाजी कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- उल्लेखनीय है कि शृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में श्रीलंका ने 18 ओवर में ऑलआउट होते हुए कुल 82 रन बनाया, जो कि श्रीलंका टीम का ट्वेंटी-20 मैच में अब तक का सबसे न्यूनतम स्कोर है।
- रविचंद्रन अश्विन को आखिरी मैच में मैन ऑफ द मैच तथा शृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.icc-cricket.com/match/ind-sl-2016/3

http://www.espncricinfo.com/india-v-sri-lanka-2015-16/engine/match/963697.html

http://www.espncricinfo.com/india-v-sri-lanka-2015-16/engine/match/963699.html

http://www.espncricinfo.com/india-v-sri-lanka-2015-16/content/series/954159.html

भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

प्रश्न- हाल ही में संपन्न भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय शृंखला में एक दिवसीय शृंखला तथा टवेंटी-20 शृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरिज' का अवॉर्ड क्रमशः प्रदान किया गया-

(a) शेन वाटसन व रोहित शर्मा

(b) विराट कोहली व एरोन फिंच

(c) रोहित शर्मा व विराट कोहली

(d) एरोन फिंच व शेन वाटसन

उत्तर (c)

संबंधित तथ्य

- 8 से 31 जनवरी, 2016 के मध्य भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रही।
- इस दौरान दोनों देशों के मध्य 5 एकदिवसीय तथा 3 ट्वेंटी-20 मैचों की शृंखला खेली गई।
- 5 एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-1 से पराजित कर जीत ली।
- शृंखला में सर्वाधिक 441 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरिज' चुना गया।
- ऑस्ट्रेलिया की ओर से शृंखला में सर्वाधिक 315 रन स्टीव स्मिथ ने बनाए।
- आस्ट्रेलिया के जॉन हेस्टिंग्स ने शृंखला में सर्वाधिक 10 विकेट लिए जबकि भारत के इशांत शर्मा 9 विकेट लेने में सफल रहे।
- 3 ट्वेंटी-20 मैचों की शृंखला भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से पराजित कर जीत ली।
- शृंखला में सर्वाधिक 199 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द सीरिज' घोषित किया गया।
- ऑस्ट्रेलिया की ओर से शृंखला में सर्वाधिक 151 रन शेन वाटसन ने बनाए।
- भारत के जसप्रीत बुमराह ने शृंखला में सर्वाधिक 6 विकेट लिए जबकि ऑस्ट्रेलिया के शेन वाटसन 3 विकेट लेने में सफल रहे।
- एकदिवसीय शृंखला के दौरान 5 मैचों में कुल 3159 रन बने।
- यह 5 या इससे अधिक मैचों की द्विपक्षीय शृंखला में बने सर्वाधिक रनों का नया विश्व रिकॉर्ड है।
- इससे पूर्व वर्ष 2015 में इंग्लैंड तथा न्यूजीलैंड के मध्य खेली गई शृंखला में सर्वाधिक 2151 रन बने थे।
- एकदिवसीय शृंखला में कुल 11 शतक बने जो किसी भी द्विपक्षीय शृंखला में अब तक के सर्वाधिक शतक हैं।
- एकदिवसीय शृंखला में रोहित शर्मा द्वारा बनाए गए 171 रन ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के ही विरुद्ध बनाया गया व्यक्तिगत उच्चतम स्कोर है।

- शृंखला का पहला एकदिवसीय मैच एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास का पहला ऐसा मैच बन गया जिसमें 2 द्विशतकीय साझेदारियां बनी।
- पहली रोहित शर्मा विराट कोहली के मध्य 207 रनों की तथा दूसरी स्टीव स्मिथ एवं जॉर्ज बेली के मध्य 242 रनों की।
- तीसरे एकदिवसीय मैच में विराट कोहली सबसे कम पारियों (161) में 7000 रनों के आंकड़े को पार करने वाले खिलाड़ी बने।
- चौथे एकदिवसीय मैच में विराट कोहली सबसे कम पारियों (162) में 25 एकदिवसीय शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने।
- चौथे मैच में ही अम्पायर रिचर्ड केटेलबोरो घायल हो गये और उनके स्थान पर थर्ड अम्पायर पॉल विल्सन ने अंपायरिंग की।
- इसी मैच में ऑस्ट्रेलियाई अम्पायर जॉन वार्ड ने पहली बार हेलमेट पहन कर किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच में अम्पायरिंग की।
- पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलिया द्वारा जीत के लिए दिए गए 331 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर भारत ने शृंखला में अपनी पहली जीत दर्ज की।
- एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पीछा करते हुए यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है।
- इस मैच में हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम एकदिवसीय मैचों में अपनी लगातार 19वीं जीत से वंचित रह गई।
- 3 मैचों की ट्वेंटी-20 शृंखला 3-0 से जीतकर भारत ने 140 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी शृंखला में ऑस्ट्रेलिया का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर सूपड़ा साफ करने का कारनामा कर दिखाया है।
- इस जीत के साथ भारत ICC की ट्वेंटी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पंहुच गया है।
- भारत अब टेस्ट और टवेंटी-20 दोनों रैंकिंग में शीर्ष पर है।
- ट्वेंटी-20 में अपने प्रदर्शन के कारण विराट कोहली ICC ट्वेंटी-20 बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए।
- ट्वेंटी-20 शृंखला में विराट द्वारा लगातार 3 अर्धशतक लगाए गये जो किसी द्विपक्षीय ट्वेंटी-20 शृंखला का नया रिकॉर्ड है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bcci.tv/australia-v-india-2016/results
http://www.bcci.tv/australia-v-india-2016/stats/most-runs
http://twenty20wiki.com/india-creates-history-as-whitewash-australia-in-australia/
http://stats.espncricinfo.com/ci/engine/records/batting/most_runs_career.html?id=10261;type=series
http://stats.espncricinfo.com/ci/engine/records/batting/most_runs_career.html?id=10259;type=series

हॉकी

कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग, 2016

प्रश्न-कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग, 2016 **का खिताब किसने जीता है?**

(a)दिल्ली वेवराइडर्स

(b)कलिंगा लांसर्स

(c)जेपी पंजाब वारियर्स

(d)रांची रेज

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित पेशेवर लीग हॉकी इंडिया लीग (HIL) के चौथे संस्करण का आयोजन 18 जनवरी से 21 फरवरी, 2016 के मध्य भारत के विभिन्न शहरों में किया गया।
- कोयला खनन एवं उत्पादन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रायोजित होने के कारण इसे कोल इंडिया हॉकी इंडिया लीग के नाम से भी जाना जाता है।
- 21 फरवरी को रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मैच में जेपी पंजाब वॉरियर्स ने कलिंगा लांसर्स को 6-1 से पराजित कर पहली बार इस लीग का खिताब जीत लिया।
- विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 2.5 करोड़ रु. व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 1.25 करोड़ रु. प्रदान किए गए।
- 21 फरवरी को ही तीसरे स्थान के लिए खेले गये मैच में दिल्ली वेवराइडर्स ने रांची रेज को 2-0 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम दिल्ली वेवराइडर्स को 75 लाख रु. प्रदान किया गया।
- प्रतियोगिता के 'कोल इंडिया प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिल्ली वेवराइडर्स के रूपिंदर पाल सिंह को प्रदान किया गया।
- उभरते हुए खिलाड़ी का पोंटी चड्ढा पुरस्कार रांची रेज के सुमित को प्रदान किया गया।
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने हेतु ध्रुव बत्रा पुरस्कार कलिंगा लांसर्स के ग्लेन टर्नर को प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://league.hockeyindia.org/news-2016/jaypee-punjab-warriors-crowned-the-champions-of-the-4th-coal-india-hockey-india-league/
http://jaypeepunjabwarriors.com/newsContent.php?id=81
http://www.starsports.com/hockey/leagues/competitionid=30000001/schedule/index.html
http://www.starsports.com/hockey/leagues/coal-india-hockey-india-league-2016-30000001/standings/index.html

फुटबॉल

सब-जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2015-16

प्रश्न-AIFF द्वारा 2 फरवरी, 2016 को सब-जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2015-16 से चार टीमों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। इनमें कौन शामिल नहीं है?

(a) महाराष्ट्र

(b) पंजाब

(c) चंडीगढ़

(d) उत्तराखंड

(e) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) द्वारा सब-जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप से चार टीमों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया जिसमें महाराष्ट्र नहीं शामिल है।
- निलंबित चार टीमें हैं-पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश।
- इनमें से प्रत्येक टीम के एक-एक खिलाड़ी की उम्र प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार अधिक थी जिस कारण इन्हें चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.the-aiff.com/news-center-details.htm?id=6976

शतरंज

राष्ट्रीय ओपन एवं महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप, 2016

प्रश्न-राष्ट्रीय ओपन एवं महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप, 2016 का आयोजन कहां किया गया?

(a)भुवनेश्वर

(b)नई दिल्ली

(c)कोलकाता

(d)चेन्नई

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8-14 फरवरी, 2016 के मध्य 36वां राष्ट्रीय शतरंज टीम चैंपियनशिप व 14वां राष्ट्रीय महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप केआईआईटी कैंपस, भुवनेश्वर (भारत) में संपन्न हुआ।
- 14 फरवरी को सम्पन्न 36वीं राष्ट्रीय शतरंज टीम चैंपियनशिप का खिताब भारतीय रेलवे की टीम रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने पहली बार जीता।
- जबकि 14वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप का खिताब पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (PSPB) ने जीता।
- उल्लेखनीय है कि चैंपियनशिप का आयोजन पूल आधार पर किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.odishachess.com/

http://brainpowerchess.com/national-team-chess-championship-2016-railway-a-took-it-home/

http://aicf.in/calendar/national-team-open-and-women-chess-championship-2016/

त्रिपुरा राज्य का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट

प्रश्न-अगरतला में आयोजित 'प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ओपन फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट' का खिताब किसने जीता?

(a) राजदीप सरकार

(b) राहुल सिंह

(c) प्रसेनजीत दास

(d) सौरभ घोष

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में ऑल त्रिपुरा पैरेंट्स चेस फोरम द्वारा राज्य का 'प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ओपन फिडे रेटेड (FIDE Rated) शतरंज टूर्नामेंट' खेजरबगान में आयोजित किया गया।
- प्रतियोगिता में भारत के अन्य राज्यों से लगभग 139 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- त्रिपुरा के स्थानीय खिलाड़ी प्रसेनजीत दत्ता ने शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.tripurainfo.com/info/ArchiveDet.aspx?WhatId=16624

http://www.bfirst.in/article/chess/2652/first-international-chess-tournament-concludes-agartala

बैडमिंटन

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, 2016

प्रश्न-बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, 2016 के पुरुष टीम चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता है?

(a) इंडोनेशिया

(b) भारत

(c) चीन

(d) जापान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15-21 फरवरी, 2016 के दौरान एशिया बैडमिंटन संघ (BAC) द्वारा आयोजित महाद्वीपीय श्रेणी की (Continental Category) टीम चैंपियनशिप बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के पुरुष एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिता हैदराबाद, भारत में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में इंडोनेशिया ने जापान को 3-2 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- जबकि तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः दक्षिण कोरिया भारत ने प्राप्त किया।
- प्रतियोगिता के महिला वर्ग में चीन ने जापान को 3-2 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- जबकि तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः दक्षिण कोरिया व थाइलैंड ने प्राप्त किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bwfbadminton.org/tournamentcalendar_event.aspx?id=28519
http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/tournament.aspx?id=B1A7006D-7CB5-4080-9058-430AACDD0962
http://bwfbadminton.com/results/2538/happening-hyderabad-badminton-asia-team-championships-2016/podium
http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/winners.aspx?id=B1A7006D-7CB5-4080-9058-430AACDD0962

सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड, 2016

प्रश्न-31 जनवरी, 2016 को उत्तर प्रदेश में संपन्न सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब किसने जीता?

(a) चेन लांग (b) मैथियास बोए

(c) पी. कश्यप (d) श्रीकांत किदांबी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2016 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बाबू बनारसी दास बैडमिंटन परिसर में सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-

पुरुष एकल

- विजेता-श्रीकांत किदांबी (भारत)
- उपविजेता-हुआंग युझिआंग (चीन)

महिला एकल

- विजेता-शुंग जी-ह्युन (द.कोरिया)
- उपविजेता-सयाका सातो (जापान)

पुरुष युगल

- विजेता-तान वी कियोंग एवं गोह वी शेम (मलेशिया)
- उपविजेता-प्रणब जेरी चोपड़ा एवं अक्षय देवालकर (भारत)

महिला युगल

- विजेता-जुंग क्युंग-इयुन एवं शिन सियुंग-चान (द.कोरिया)
- उपविजेता-एफजी मुस्किंस एवं सेलेना पिएक (नीदरलैंड्स)

मिश्रित युगल

- विजेता-प्रवीन जार्डन एवं डेबी सुशांतो (इंडोनेशिया)
- उपविजेता-देचापोल पुआवारनुक्रोह एवं सापसीरी ताएरातानाचाई (थाईलैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/tournament.aspx?id=89E5ADD3-26AA-43CE-8700-78358629CC2D
http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/winners.aspx?id=89E5ADD3-26AA-43CE-8700-78358629CC2D

गोल्फ

फारमर्स इंश्योरेंस ओपन

प्रश्न-फारमर्स इंश्योरेंस ओपन गोल्फ प्रतियोगिता, 2016 के विजेता हैं-

(a) बुब्बा वाटसन

(b) जेसन डफनर

(c) जॉर्डन स्पीथ

(d) ब्रैंडट स्नेडेकर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- PGA टूर, 2016 की पेशेवर गोल्फ प्रतियोगिता फारमर्स इंश्योरेंस ओपन 1 फरवरी, 2016 को कैलीफोर्निया में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता का खिताब अमेरिकी गोल्फर ब्रैंड्ट स्नेडेकर (Brandt Snedeker) ने जीत लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.pgatour.com/daily-wrapup/2016/02/01/farmers-insurance-open-monday.html

फॉर्मूला वन

एमआरएफ चैलेंज फॉर्मूला 2000 चैंपियनशिप सत्र 2015-16

प्रश्न-एमआरएफ चैलेंज फॉर्मूला 2000 चैंपियनशिप सत्र 2015-16 के विजेता हैं-

(a) डेलान यंग

(b) तरूण रेड्डी

(c) सेवास्टियन बाल्थासार

(d) पिएत्रो फिट्टिपाल्दी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2015 से यास मारिना सर्किट (अबुधाबी) से प्रारंभ एमआरएफ चैलेंज फॉर्मूला 2000 चैंपियनशिप सत्र 2015-16 मद्रास मोटर रेसिंग ट्रैक (भारत) पर 31 जनवरी, 2016 को संपन्न हुई।
- इस दौरान इस सत्र में कुल 14 रेसें आयोजित की गईं।
- ब्राजील के चालक पिएत्रो फिट्टिपाल्डी (Pietro Fittipaldi) ने 14 में से 4 रेसें जीतते हुए कुल 244 अंक प्राप्त कर चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- भारत के तरुण रेड्डी 74 अंकों के साथ चैंपियनशिप में 7वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mrfracing.in/racing

https://en.wikipedia.org/wiki/2015%E2%80%9316_MRF_Challenge_Formula

एथलेटिक्स

राजधानी मैराथन लीग

प्रश्न-7 फरवरी, 2016 को संपन्न दिल्ली मैराथन लीग में हॉफ मैराथन का पुरुष वर्ग खिताब किसने जीता?

(a) सुरेश कुमार

(b) प्रदीप सिंह

(c) दीपक पटेल

(d) संदीप सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2016 को दिल्ली मैराथन लीग में 1 किमी. (हॉफ मैराथन), 10.5 किमी. (क्वार्टर मैराथन) एवं 5 किमी. की दौड़ आयोजित की गई।
- हॉफ मैराथन के पुरुष वर्ग का खिताब पुणे के **प्रदीप सिंह** (सेना) ने जीत लिया।
- महिला वर्ग का खिताब यूपी रेलवे पुलिस की किरण सहदेव ने जीता।
- क्वार्टर मैराथन के पुरुष विजेता बलराम सिंह एवं महिला विजेता अर्पिता रहीं।
- 5 किमी. की दौड़ केवल मनोरंजन (Fun) के लिए रखी गई थी, जिसे 'रन फॉर फन' नाम दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें..

http://www.samaylive.com/regional-news-in-hindi/ncr-news-in-hindi/341456/ran-the-marathon-in-the-capital-delhi-league.html
http://rajdhanimarathonleague.in/

61वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप

प्रश्न-2 फरवरी, 2016 को केरल में संपन्न 61 वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?

(a) महाराष्ट्र

(b) तमिलनाडु

(c) केरल

(d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2016 के मध्य 61वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप कोझिकोड (केरल) में आयोजित की गई।
- केरल ने 306 अंकों सहित 39 स्वर्ण, 29 रजत और 17 कांस्य (कुल 85 पदक) पदक प्राप्त कर 19 वीं बार चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- तमिलनाडु 116 अंकों के साथ द्वितीय एवं महाराष्ट्र 101 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://schoolsports.in/schoolsports2015-16/
http://schoolsports.in/schoolsports2015-16/index.php/result/resultsite_athletics_national/meet_results_menu
http://schoolsports.in/schoolsports2015-16/index.php/result/resultsite_athletics_national/gold_cup/
http://airworldservice.org/english/archives/20703

खेल विविध

12वां दक्षिण एशियाई खेल, 2016

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 12वें दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन गुवाहाटी व शिलांग में किया गया।

(ii) इस खेल का शुभंकर 'तिखोर' था।

(iii) भारत ने सर्वाधिक कुल 308 पदक जीता।

(iv) खेलों का उद्घाटन श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया।

उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सही है?

(a) i, ii, iv
(b) ii, iii, iv
(c) i, iii, iv
(d) i, ii, iii, iv

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5-16 फरवरी, 2016 के मध्य 12वें दक्षिण एशियाई खेल (SAG-South Asian Games) का आयोजन संयुक्त रूप में गुवाहाटी व शिलांग (भारत) में किया गया।
- खेलों का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने किया।
- 12 दिवसीय इस खेल में दक्षेस (SAARC) के सभी 8 सदस्य देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान व श्रीलंका) के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।
- इन खेलों के दौरान 22 खेलों में 226 प्रतिस्पर्धाएं सम्पन्न हुईं, जिसमें लगभग 2672 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- प्रतियोगिता में आयोजक देश भारत ने सर्वाधिक 188 स्वर्ण, 90 रजत व 30 कांस्य पदक सहित कुल 308 पदक जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- प्रतियोगिता में पदक विजेता देश इस प्रकार रहे-

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
भारत	188	90	30	308
श्रीलंका	25	63	98	186
पाकिस्तान	12	37	57	106

अफगानिस्तान	7	9	19	35
बांग्लादेश	4	15	56	75
नेपाल	3	23	34	60
मालदीव	0	2	1	3
भूटान	0	1	15	16

- इस 12वें एशियाई खेल का थीम गीत 'ई पृथ्वी एकोन क्रीडांगन, क्रीडा होल शांतिर प्रांगण' था जो विश्व प्रसिद्ध दिवंगत संगीतकार डा. भूपेन हजारिका के स्वरों में है। इस गीत का अर्थ है कि 'यह पूरी दुनिया खेल का एक मैदान है और खेल शांति का प्रतीक है।'
- इस खेल का आदर्श वाक्य (Motto) है-'शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए खेल' (Play for Peace, Progress and Prosperity)
  इस खेल हेतु चयन किये गये प्रतीक चिन्ह में (Logo) 8 पखुंड़ियां हैं जो 12वें दक्षिण इशियाई खेल में प्रतिभागी देशों को दर्शाते हैं ये पखुंड़ियां घड़ी की दिशा में आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। जिससे खेल में सकारात्मक भावना प्रदर्शित होती है।
- प्रतीक चिन्ह यूरोप में प्राचीन समय के दौरान खेल विजेताओं के सिर पर पहनाए जाने वाले मुकुट के समान हैं।
- खेलों का शुभंकर (Moscot) एक सींग वाला छोटा गैंडा 'तिखोर' (Tikhor) है, जो तेज, शरारती, आधुनिक और खेलों में रुचि लेने वाला है।
- 'तिखोर' एक प्रेरक, दोस्त और शांति प्रगति व समृद्धि का दूत है, जो सब क्षेत्रों में दक्ष, सक्रिय, उर्जावान और बच्चों के बीच लोकप्रिय है।
- पारंपरिक और खेलों की वेशभूषा से सज्जित वह सभी खेल खेलता है और खेलों में सभी नये विचारों का स्वागत करता है। वह खेल प्रेमियों के लिए प्रेरक, मित्र व पारिवारिक है।
- उल्लेखनीय है कि प्रथम दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन वर्ष 1984 में काठमांडू, नेपाल में किया गया था।
- ध्यातव्य है कि भारत में तीसरी बार (1887,1995, व 2016) दक्षिण एसियाई खेल का आयोजन किया गया है।
- वर्ष 2019 में 13वें दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन काठमांडू, नेपाल में प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://southasiangames2016.com/

चर्चित खेल व्यक्तित्व

गिआनी इन्फैनटिनो

प्रश्न-हाल ही में फीफा का अध्यक्ष किसे निर्वाचित किया गया?

(a) अली बिन अल हुसैन

(b) सेप ब्लाटर

(c) गिआनी इन्फैनटिनो

(d) शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2016 को स्विट्जरलैंड के गिआनी इन्फैनटिनो को फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था 'फीफा' के 9वें अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया।
- गिआनी को वर्ष 2019 तक के लिए इस पद हेतु निर्वाचित किया गया है।
- 26 फरवरी को ज्यूरिख में संपन्न फीफा कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया के दूसरे चरण में गिआनी को कुल 207 वैध मतों में से सर्वाधिक 115 मत प्राप्त हुआ जबकि शेख सलमान बिन इब्राहिम अल खलीफा 88 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 के बाद पहली बार अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु चुनाव प्रक्रिया के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।
- ध्यातव्य है कि गिआनी ने सेप ब्लाटर के स्थान पर पदभार ग्रहण किया जिन्हें फीफा के भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाने के कारण निलंबित कर दिया गया था। सेप ब्लाटर के निलंबन के बाद इस्सा हायतो कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये गये थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.fifa.com/about-fifa/the-president/profile.html

http://www.fifa.com/about-fifa/news/y=2016/m=2/news=gianni-infantino-elected-fifa-president-2767180.html

यासिर शाह

प्रश्न-हाल ही में ICC ने किस पाकिस्तानी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगा दिया है?

(a) सलमान बट

(b) शाहिद अफरीदी

(c) यासिर शाह

(d) यूनुस खान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2016 के प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पाकिस्तानी लेग स्पिनर यासिर शाह को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने के बाद तीन महीने का प्रतिबंध लगा दिया है।
- यासिर को अबुधाबी में नवंबर, 2015 में इंग्लैंड के विरुद्ध एकदिवसीय शृंखला के दौरान प्रतिबंधित दवाओं के सेवन का दोषी पाया गया था।
- इस प्रतिबंध के चलते यासिर मौजूदा पाकिस्तानी सुपर लीग, एशिया कप तथा ट्वेंटी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।
- यासिर पर यह प्रतिबंध 27 दिसंबर, 2015 से 27 मार्च, 2016 तक लागू रहेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.espncricinfo.com/pakistan/content/story/970079.html
http://www.dawn.com/news/1237987

पेइपा क्लियरी

प्रश्न-क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में किस महिला खिलाड़ी पर 6 माह का प्रतिबंध लगाया है?

(a) सराइ इलियत

(b) एल्से पेरी

(c) पेइपा क्लियरी

(d) सनिकाले बोल्टन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट खिलाड़ी पेइपा क्लियरी (Piepa Cleary) को सट्टेबाजी का दोषी पाए जाने के बाद 6 माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।
- क्लियरी को नवंबर, 2015 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के मध्य हुए टेस्ट मैच पर 15.5 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का सट्टा लगाने का दोषी पाया गया।
- इन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) की आचार संहिता के नियम 2.2.1. के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद प्रतिबंधित कर दिया गया।
- CA के अनुसार क्लियरी पर 24 महिने का प्रतिबंध लगाया गया है जिसमें से 18 महीने की छूट इस शर्त पर दी जा सकती है कि वह आगे इस तरह का कोई अपराध नहीं करेंगी।
- क्लियरी ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग (BPL) में पर्थ स्कॉर्चर्स की ओर से खेलती हैं।
- इससे पूर्व ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर एंजेल रेकेस पर भी सट्टेबाजी के आरोप में 2 वर्ष का प्रतिबंध लगाया जा चुका है।
- इन्हें विश्व कप, 2015 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के फाइनल मैच में 'मैन ऑफ द मैच' का सट्टा लगाने का दोषी पाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.cricbuzz.com/cricket-news/77746/australia-womens-cricketer-banned-for-betting-on-day-night-test

ऋषभ पंत

प्रश्न-भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने हाल ही में किस देश के विरूद्ध U-19 क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया?

(a) वेस्टइंडीज

(b) जिम्बाब्वे

(c) पाकिस्तान

(d) नेपाल

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को भारतीय ओपनर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ICC के U-19 क्रिकेट विश्व कप के एक मैच में नेपाल के विरुद्ध खेलते हुए U-19 क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया।
- नेपाल द्वारा जीत के लिए दिए गये आवश्यक 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऋषभ ने मात्र 18 गेंदों में अर्द्धशतक (24 गेंदों पर 78 रन) बनाया।
- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के ट्रेवोन ग्रिफिथ के नाम दर्ज था जिन्होंने वर्ष 2010 में मात्र 19 गेदों में 50 रन पाकिस्तान-U-19 के विरुद्ध बनाए थे।
- U-19 क्रिकेट विश्व कप 27 जनवरी से 14 फरवरी, 2016 के मध्य बांग्लादेश में आयोजित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.espncricinfo.com/icc-under-19-world-cup-2016/content/story/967879.html

http://www.bcci.tv/news/2016/news/12855/india-top-group-d-with-by-trouncing-nepal

https://en.wikipedia.org/wiki/Trevon_Griffith

सौम्या अग्रवाल

प्रश्न-हाल ही में किसने स्कीपिंग रोप में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है?

(a) सौम्या अग्रवाल

(b) अंकिता अग्रवाल

(c) नीलम सिंह

(d) कीर्ति पाल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को मध्य प्रदेश के उज्जैन की सौम्या अग्रवाल ने स्कीपिंग रोप (Skipping Rope) की U-14 जम्प रोप में 1 मिनट में 160 कूद (Jump) लगाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- सौम्या ने नीदरलैंड्स की यादरा वोल्ड्रे (1 मिनट, 158 जम्प) का विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अपना नाम 'गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराया।
- इसका आयोजन उज्जैन के सेंट मेरी स्कूल में गोल्डन बुक के अधिकारियों के समक्ष किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://hindi.pradesh18.com/news/madhya-pradesh/girl-soumya-agrawal-sets-world-record-as-they-win-rope-skipping-championship-in-ujjain-1351473.html

http://www.freepressjournal.in/soumya-enters-golden-book-of-world-records/770865

सुरेश रैना

प्रश्न-इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के नौवें संस्करण में पदार्पण करने जा रही नई टीम 'गुजरात लायंस' का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है-

(a) एम.एस.धौनी

(b) रविन्द्र जडेजा

(c) सुरेश रैना

(d) स्टीव स्मिथ

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 9वें संस्करण में पदार्पण करने जा रही राजकोट फ्रेंचाइजी की टीम गुजरात लायंस का कप्तान नियुक्त किया गया है।
- ऑस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर ब्रैड हॉज को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।
- राजकोट फ्रेंचाइजी को खरीदने वाली 'इन्टेक्स' (INTEX) कंपनी के स्वामी केशव बंसल ने 2 फरवरी, 2016 को नई दिल्ली में टीम के नाम और लोगो (Lego) के लांचिंग के अवसर पर यह घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि रैना पिछले आठों संस्करण में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में खेल रहे थे।
- परंतु उच्चतम न्यायालय द्वारा लोढ़ा समिति की सिफारिशों के आधार पर चेन्नई सुपर किंग्स को 2 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया है।
- जनवरी, 2016 में एम.एस.धौनी को पुणे फ्रेंचाइजी की टीम राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स (Rising Pune Supergaints) का कप्तान बनाए जाने की घोषणा टीम स्वामी संजीव गोयनका द्वारा की जा चुकी है।
- IPL के नौवें संस्करण का आयोजन 9 अप्रैल से 29 मई, 2016 के मध्य भारत के विभिन्न शहरों में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.espncricinfo.com/india/content/story/968051.html

http://timesofindia.indiatimes.com/sports/ipl/news/Suresh-Raina-unveils-Rajkot-based-IPL-franchise-Gujarat-Lions/articleshow/50821217.cms

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

एच.एल. दत्तू

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष पद हेतु किसके नाम को मंजूरी दी?

(a) न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू

(b) न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा

(c) न्यायमूर्ति पी. सथशिवम

(d) न्यायमूर्ति के.जी. बालाकृष्णनन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष पद हेतु देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एच.एल. दत्तू के नाम को मंजूरी दी।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष के.जी. बालाकृष्णन के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद मई, 2015 से रिक्त था।
- न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू 28 सितंबर 2014 से 2 दिसंबर, 2015 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) थे।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करते हैं।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 5 वर्षों का होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ndtv.com/india-news/former-chief-justice-hl-dattu-will-be-next-chairperson-of-human-rights-body-1280492

https://en.wikipedia.org/wiki/H._L._Dattu

के.एन. व्यास

प्रश्न-हाल ही में किसने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) का निदेशक का पदभार ग्रहण किया?

(a) डॉ. शेखर बसु (b) के.एन. व्यास

(c) जी. माधवन नायर (d) जी. मोहन रेड्डी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2016 को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के रिएक्टर समूह के एसोसिएट निदेशक और अग्रणी वैज्ञानिक के.एन. व्यास ने इस केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- इस पद पर उन्होंने परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. शेखर बसु का स्थान ग्रहण किया।
- वे बार्क प्रशिक्षण स्कूल के 22वें बैच के स्नातक हैं और उन्होंने इस केंद्र के रिएक्टर इंजीनियरिंग डिवीजन के फ्यूल डिजाइन एवं डेवलपमेंट सेक्सन में नौकरी शुरू की।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136670

अमर सिंह

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के किस व्यक्ति को मुस्लिम बहुल देश मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया?

(a) अर्जुन सिंह (b) करण सिंह

(c) दिवाकर सिंह (d) अमर सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2016 को भारतीय मूल के सिख अमर सिंह को मुस्लिम बहुल देश मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया।
- वह मलेशिया में इस पद पर पहुंचने वाले पहले सिख हैं।
- वह कुआलालंपुर के मौजूदा पुलिस कमिश्नर ताजुद्दीन मोहम्मद की जगह लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.nripunjab.gov.in/newsdetail.htm?449

सुनंद शर्मा

प्रश्न-अभी हाल में ही फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किस कंपनी के पूर्व भारतीय अध्यक्ष को सम्मानित किया गया?

(a) अल्सटॉम

(b) अरेवा

(c) फोर्ड

(d) सीमेंस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को अल्सटॉम इंडिया के भूतपूर्व अध्यक्ष सुनंद शर्मा को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया।
- इन्हें यह सम्मान अल्सटॉम के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2006 से 2014 तक उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।
- इन्हें यह पुरस्कार फ्रांस के राजदूत फ्रांकोइस रिचर ने प्रदान किया।
- सुनंद शर्मा भारत-फ्रांस चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के दो बार अध्यक्ष एवं सीआईआई एवं फिक्की के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं।
- ध्यातव्य है कि नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जिसका प्रारंभ वर्ष 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट ने किया था।
- ध्यातव्य है कि इनसे पूर्व इस पुरस्कार से 16 फरवरी, 2016 को फैशन डिजाइनर मनीष अरोड़ा को सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ambafrance-in.org/Highest-French-Distinction-conferred-on-Mr-Sunand-Sharma-13610

https://fr.wikipedia.org/wiki/Ordre_national_de_la_L%C3%A9gion_d%27honneur

जयंत मिश्रा

प्रश्न-हाल ही में किसे राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) का महानिदेशक नियुक्त किया गया?

(a) नजीब शाह (b) के.एन. व्यास

(c) जयंत मिश्रा (d) आराध्या मिश्रा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी जयंत मिश्रा को राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) का महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- वे इस पद पर केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड के वर्तमान निदेशक नजीब शाह का स्थान लेंगे, वे अभी तक कार्यकारी रूप से महानिदेशक का पदभार संभाल रहे थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/jayant-misra-appointed-dg-dri-116021700711_1.html

पिरुज खंबाटा

प्रश्न-अभी हाल में ही किस भारतीय उद्योगपति को सरकार द्वारा 'मेक इन इंडिया' पहल का राजदूत नियुक्त किया गया?

(a) अनिल अंबानी (b) रतन टाटा (c) आदित्य बिरला (d) पिरूज खंबाटा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2016 को भारतीय पेय सामग्री उत्पादक कंपनी 'रसना' के प्रबंध निदेशक पिरूज खंबाटा को सरकार के 'मेक इन इंडिया' पहल का राजदूत नियुक्त किया गया।
- यह समाचार रसना कंपनी द्वारा एक विज्ञप्ति के द्वारा जारी किया गया।
- कंपनी के द्वारा जारी विज्ञप्ति में खंबाटा ने कहा कि रसना 'मेक इन इंडिया पहल' के अंतर्गत स्टार्ट अप्स का पोषण व मार्गदर्शन करेगी।
- रसना भारतीय लघु एवं मध्यम उद्योगों (SME) के लिए प्रतिबद्ध है और वह आगे चलकर उनसे अपनी खरीद बढ़ाकर 70 प्रतिशत से अधिक करेगी जो कि वर्तमान में 50 प्रतिशत है।
- रसना ऐसे उद्यमियों का भी समर्थन करेगी जो अपने संयंत्र में ऐसे उत्पादों का विनिर्माण करेंगे जिन्हें रसना अपने ब्रांड नाम के अंतर्गत विनिर्माण अनुबंध पर बाजार में उतार सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://articles.economictimes.indiatimes.com/2016-02-13/news/70592981_1_rasna-indian-smes-ambassador

http://www.univarta.com/news/business/story/382389.html

कलिखो पुल

प्रश्न-हाल ही में किसने अरुणाचल प्रदेश के 8वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की?

(a) नाबाम तुकी

(b) कलिखो पुल

(c) प्रेम खांडू थुंगन

(d) टोमो रिबा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2016 को कांग्रेस के बागी नेता कलिखो पुल ने अरुणाचल प्रदेश के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- राज्यपाल जे.पी. राजखोवा ने ईटानगर में राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- 16 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाने की सिफारिश की थी।
- जिसे राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 19 फरवरी, 2016 को मंजूर कर ली थी।
- गौरतलब है कि राज्य में राजनीतिक संकट की शुरूवात दिसंबर, 2015 में तब हूई जब कांग्रेस के 47 विधायकों में से 21 ने बगावत कर दी और नाबाम तुकी की अगुवाई वाली कांग्रेस की सरकार अल्पमत में आ गई।
- 26 जनवरी, 2016 को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।
- वर्तमान में मुख्यमंत्री कलिखो पुल के साथ कांग्रेस के 19 बागी, बीजेपी के 11 और दो निर्दलीय विधायक हैं।
- अरुणाचल विधान सभा में कुल 60 सीटें हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/congress-rebel-kalikho-pul-sworn-in-arunachal-cm/article8258665.ece

https://en.wikipedia.org/wiki/Kalikho_Pul

क्रिस्टीन लेगार्ड

प्रश्न-हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने किसे आईएमएफ के प्रबंध निदेशक के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना?

(a) किम जोंग उन (b) क्रिस्टीन लेगार्ड (c) डॉ. मार्ग्रेट चान (d) एम.वी. कामथ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी बोर्ड ने क्रिस्टीन लेगार्ड को दूसरे 5 वर्ष के कार्यकाल हेतु आईएमएफ के प्रबंध निदेशक के रूप में सर्वसम्मति से चुन लिया।
- इनका दूसरा कार्यकाल 5 जुलाई, 2016 से प्रारंभ होगा।
- ज्ञातव्य है कि 5 जुलाई, 2011 को फ्रांस की वित्तमंत्री क्रिस्टीन लेगार्ड को आईएमएफ का प्रबंध निदेशक (MD) नियुक्त गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.imf.org/external/np/sec/pr/2016/pr1664.htm
http://www.ft.com/cms/s/0/100e8bde-d0dd-11e5-986a-62c79fcbcead.html#axzz414Znr4iW
http://www.businessinsider.com/ap-imf-gives-christine-lagarde-second-term-as-managing-director-2016-2?IR=T

अमित मित्रा

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे वस्तु एवं सेवाकर पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) जयंत कुमार मलैया (b) अमित मित्रा (c) मनीष सिसोदिया (d) के.एम. मणि

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2016 को केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के वित्तमंत्री अमित मित्रा को वस्तु एवं सेवाकर (GST) पर राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया।
- उन्होंने इस पद पर केरल के वित्तमंत्री के.एम. मणि का स्थान लिया, जिन्होंने नवंबर, 2015 में भ्रष्टाचार के आरोप में इस्तीफा दे दिया था।
- वे जीएसटी पर राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति के पश्चिम बंगाल से दूसरे अध्यक्ष हैं।
- उल्लेखनीय है कि जीएसटी समिति को महत्वाकांक्षी वस्तु सेवाकर को लागू करने के लिए नियम तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.business-standard.com/article/economy-policy/amit-mitra-to-head-gst-panel-116021900813_1.html

एम.के. सुराना

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया है?

(a) एस.के. जोशी

(b) एम.के. सुराना

(c) डी.के. जोशी

(d) निशि वासुदेव

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को नियुक्तियों से संबंधित कैबिनेट की समिति (ACC: Appointment Committee of the Cabinet) ने एम.के. सुराना को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया।
- वे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद से 31 मार्च, 2016 को सेवानिवृत्त हो रही निशि वासुदेव का स्थान लेंगे।
- उल्लेखनीय है कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड देश की तीसरी बड़ी तेल विपणन कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindubusinessline.com/companies/hpcl-appoints-m-k-surana-new-chairman/article7769925.ece

डेविड डीन शुल्मन

प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध भारतविद् डेविड डीन शुल्मन को किस पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी है?

(a) पद्म भूषण

(b) मैक आर्थर फेलोशिप

(c) इस्राइल पुरस्कार

(d) राजीव गांधी पुरस्कार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2016 को प्रसिद्ध भारतविद् प्रोफेसर डेविड डीन शुल्मन को धर्म और दर्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट अध्ययन के लिए इस्राइल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इस्राइल के शिक्षा मंत्री नफताली बेनेट (Naftali Bennett) ने प्रोफेसर शॉल शाकेद की अध्यक्षता वाली पुरस्कार समिति की अनुशंसा पर यह घोषणा की।
- पुरस्कार समिति के अनुसार-प्रो.शुल्मन उत्कृष्ट शोधकर्ता हैं जिन्होंने धर्म, साहित्य, दक्षिण भारत की संस्कृति पर सफलतापूर्वक अध्ययन किया है।
- वे इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, उनकी इस कार्य में जो प्रगति हुई वह उनकी विभिन्न भाषाओं (संस्कृत, तमिल, तेलुगू और मलयालम के साथ अन्य) पर अधिकार का परिणाम है।
- शुल्मन तायुश (Ta'ayush) नामक एक संयुक्त इस्राइल-फिलिस्तीन पहल के सक्रिय सदस्य हैं जो एक वामपंथी संगठन है तथा दक्षिण हेब्रोन हिल्स क्षेत्र में सक्रिय है।
- इस्राइल पुरस्कार इस्राइल सरकार द्वारा प्रतिवर्ष इस्राइल के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है और यह इस्राइल का सर्वोच्च पुरस्कार है।
- इसे चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किया जाता है यह उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है तथा इस्राइल की संस्कृति एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/international/renowned-indologist-awarded-prestigious-israel-prize/article8240709.ece

http://www.haaretz.com/israel-news/.premium-1.703373

https://en.wikipedia.org/wiki/David_Dean_Shulman

https://en.wikipedia.org/wiki/Israel_Prize

अब्दुल राशिद खान

प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक अब्दुल राशिद खान का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2014

(b) वर्ष 2013

(c) वर्ष 2015

(d) वर्ष 2012

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2016 को प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक अब्दुल राशिद खान का निधन हो गया। वे 107 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 19 अगस्त, 1908 को रायबरेली उत्तर प्रदेश में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 2013 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 2009) प्राप्त अब्दुल राशिद खान पिछले 20 वर्षों से आईटीसी संगीत अनुसंधान अकादमी से जुड़े थे।
- उस्ताद अब्दुल राशिद खान ग्वालियर घराने से जुड़े थे। वे 105 वर्ष की उम्र में पद्मभूषण पाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/eminent-vocalist-abdul-rashid-khan-passes-away/article8253198.ece

https://en.wikipedia.org/wiki/Abdul_Rashid_Khan

मनीष अरोड़ा

प्रश्न-अभी हाल में ही किस भारतीय फैशन डिजाइनर को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया?

(a) मनीष अरोड़ा (b) भानु अथैया (c) रोहित बल (d) रितू कुमार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को भारतीय फैशन डिजाइनर मनीष अरोड़ा को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' (The Chevalier de la legion d' honneur) से सम्मानित किया गया। मनीष को इस सम्मान से भारत में फ्रांस के राजदूत फ्रेंकोइस रिचर ने अपने आवास पर सम्मानित किया। मनीष को यह पुरस्कार उनके द्वारा प्रेरक कृतियों के निर्माण एवं फैशन की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान एवं फ्रांस के साथ उनके लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि मनीष अरोड़ा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक भारतीय फैशन डिजाइनर हैं। जो नई दिल्ली में रहते हैं।
- इन्होंने वर्ष 1994 में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली से स्नातक उपाधि प्राप्त की थी जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में सम्मानित किया गया था।
- मनीष अरोड़ा के दो प्रसिद्ध लेबल 'मनीष अरोड़ा' और 'फिश फ्राई' नाम से जाने जाते हैं। दिल्ली में इनके 'फिश फ्राई' नाम की फैशन वस्त्रों की दुकानों की शृंखला भी है।
- इन्होंने विभिन्न भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फैशन वीक में प्रतिभाग किया है, वर्ष 2006 में प्रसिद्ध भारतीय पत्रिका आउटलुक ने इन्हें 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय फैशन डिजाइनर' के सम्मान से सम्मानित किया था।
- वर्ष 2007 में विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम, लंदन में 'फैशन इन मोशन' नाम से इनके द्वारा डिजाइन वस्त्रों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। पुनः 'फैब्रिक ऑफ इंडिया 2014-15' में इनके काम की प्रदर्शनी बिक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम में लगाई गयी। वर्ष 2011 में इन्होंने फ्रांसीसी महिला परिधान वस्त्र निर्माता फैशन हाऊस 'पाको रबाने' (Paco Rabanne) के क्रिएटिव डायरेक्टर का कार्यभार ग्रहण किया था लेकिन इन्होंने मई 2012 में यह कंपनी छोड़ दी।नाइट ऑफ द लीजन ऑफ द ऑनर फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इस सम्मान का प्रारंभ वर्ष 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट ने किया था।
- ध्यातव्य है कि मनीष से पहले जुलाई 2015 में प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार सैयद हैदररजा को कमांडर ऑफ द लीजन ऑफ द ऑनर (The Commandear de la legiond' Honnear) से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ambafrance-in.org/Highest-French-Distinction-conferred-on-celebrated-designer-Manish-Arora
http://www.manisharora.com/about-manish

बुतरस बुतरस घाली

प्रश्न-अभी हाल में ही संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुतरस बुतरस घाली का निधन हो गया, वे संयुक्त राष्ट्र के महासचिव थे-

(a) पांचवे

(b) छठवें

(c) सातवें

(d) आठवें

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को संयुक्त राष्ट्र महासंघ के पूर्व महासचिव बुतरस बुतरस घाली का निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे।
- मिस्र के राजनेता और राजनयिक बुतरस संयुक्त राष्ट्र के छठवें महासचिव थे। इनका कार्यकाल जनवरी, 1992 से दिसंबर, 1996 तक रहा।
- ज्ञातव्य है कि वे संयुक्त राष्ट्र महासचिव बनने वाले पहले अरब नेता थे। साथ ही वे ऐसे पहले महासचिव थे जिन्हे संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बार ही कार्यकाल प्राप्त हुआ था।
- उल्लेखनीय है कि अधिकाशतः संयुक्त राष्ट्र के महासचिवों को दूसरी बार भी सचिव के रूप में निर्वाचित किया जाता रहा है, लेकिन अमेरिका के साथ मतभेद होने की वजह से ये पुनः महासचिव नहीं निर्वाचित हो सके।
- इनके कार्यकाल में सोमालिया में भीषण अकाल पड़ा था तब इनके नेतृत्व मे संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्यक्रम चलाया था।
- वर्ष 1994 में रवांडा में हुए भीषण नरसंहार के मामले में संयुक्त राष्ट्र की नाकामी की वजह से इनकी काफी आलोचना भी हुई थी।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव रहते हुए इन्होंने 'एनएजेंडा फॉर पीस' नामक पुस्तक का लेखन किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.univarta.com/news/world/story/384049.html

http://www.bbc.com/hindi/international/2016/02/160216_boutros_boutros_ghali_dies_pk

http://www.bbc.com/news/world-middle-east-35590039

https://en.wikipedia.org/wiki/Boutros_Boutros-Ghali

समीर अनजान

प्रश्न-अभी हाल में ही किस बॉलीवुड के गीतकार का नाम सर्वाधिक गीत लिखने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अंकित किया गया?

(a) प्रसून जोशी

(b) इरशाद कामिल

(c) समीर अनजान

(d) गुलजार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2016 को भारतीय हिन्दी फिल्म उद्योग बॉलीवुड के प्रसिद्ध गीतकार समीर अनजान (शीतला पांडेय) का नाम बॉलीवुड के सर्वाधिक सृजनात्मक (Prolific) गीतकार के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।
- इस उपलब्धि के साथ समीर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम उल्लेखित कराने वाले विश्व के पहले गीतकार बन गए।
- इन्हें इनकी इस उपलब्धि का प्रमाण पत्र गिनीज बुक द्वारा 15 फरवरी को मुंबई के सन एंड सैंड होटल में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।
- ध्यातव्य है कि समीर बॉलीवुड में एक गीतकार के रूप में पिछले 30 वर्षों से सक्रिय हैं इस बीच इन्होने गीतकार के रूप में 650 फिल्मों में 3,524 गीत लिखें हैं। अभी तक किसी गीतकार ने फिल्मों में इतने गीत नहीं लिखे हैं।
- यद्यपि कि गिनीज बुक में इस प्रकार की कोई उपलब्धि की श्रेणी नहीं है लेकिन जब गिनीज बुक का शोध दल मुंबई में शोधरत था तो यह बात सामने आयी कि समीर ने बॉलीवुड में एक गीतकार के रूप में सबसे अधिक गीतों की रचना की है।
- तब गिनीज बुक ने इसके लिए एक नयी श्रेणी बनायी और इसके फलस्वरूप समीर को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.guinnessworldrecords.com/world-records/385839-most-prolific-bollywood-lyricist
https://www.facebook.com/lyricistsameeranjaan/photos/a.954064284684571.1073741834.479840102106994/954064291351237/?type=3&__mref=message_bubble
https://www.facebook.com/lyricistsameeranjaan/photos/a.488146721276332.1073741828.479840102106994/953248064766193/?type=3&theater
http://aajtak.intoday.in/story/sameer-anjaan-enters-guinness-book-for-penning-most-number-of-songs-1-855114.html

ओ.एन.वी. कुरूप

प्रश्न-हाल ही में मलयालम के प्रसिद्ध कवि ओ.एन.वी. कुरूप का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2011

(b) वर्ष 2007

(c) वर्ष 2008

(d) वर्ष 2010

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2016 को प्रसिद्ध मलयालम कवि, गीतकार और पर्यावरणविद ओ.एन.वी. कुरूप का तिरुवनंतपुरम में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे।
- वह मलयालम साहित्य में अपने बहुमूल्य योगदान के अलावा मलयालम फिल्म उद्योग और रंगमंच से जुड़े थे।
- उन्हें वर्ष 2007 में 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा उन्हें वर्ष 1998 में पद्मश्री और वर्ष 2011 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/kerala/jnanpithwinning-poet-onv-kurup-no-more/article8233631.ece
http://navbharattimes.indiatimes.com/state/other-states/other-cities/malayalam-poet-and-jnanpith-awardee-o-n-v-kurup-passes-away/articleshow/50977002.cms
https://en.wikipedia.org/wiki/O._N._V._Kurup
https://www.keralatourism.org/leadinglights/o-n-v-kurup/73

लांस नायक हनुमनथप्पा कोप्पड

प्रश्न-11 फरवरी, 2016 को भारतीय थलसेना के जवान लांस नायक हनुमनथप्पा कोप्पड का निधन हो गया। वे थलसेना की किस रेजीमेंट से संबद्ध थे?

(a) 18 मराठा रेजीमेंट

(b) 19 मद्रास रेजीमेंट

(c) 42 बंगाल रेजीमेंट

(d) 20 गोरखा रेजीमेंट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2016 को भारतीय थलसेना के जवान लांस नायक हनुमनथप्पा कोप्पड का निधन हो गया।
- गौरतलब है कि 3 फरवरी, 2016 को सियाचिन ग्लेशियर में स्थित चौकी बर्फ के एक तूफान के चपेट में आ गयी, जिसमें हनुमनथप्पा सहित उनके 9 साथी 35 फिट मोटी बर्फ की परत के नीचे दब गए।
- 8 फरवरी, 2016 को सेना के राहत दल ने हनुमनथप्पा को गंभीर अवस्था में जीवित बाहर निकाला जबकि उनके अन्य साथी मृत पाये गए।
- 9 फरवरी, 2016 को उन्हें नई दिल्ली स्थित भारतीय सेना के रिसर्च एंड रेफरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत काफी नाजुक थी।
- लांस नायक हनुमनथप्पा का जन्म कर्नाटक राज्य के जिला धारवाड़ के वेतादुर गांव में हुआ था।
- वे थलसेना की 19 मद्रास रेजीमेंट से संबंधित थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://presidentofindia.nic.in/press-release-detail.htm?2059
http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/lance-naik-hanumanthappa-koppad-from-a-farming-family-to-the-army/article8215139.ece

अशोक चावला

प्रश्न-हाल ही में किसे ऊर्जा और संसाधन संस्थान (The Energy and Resources Institute: TERI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

(a) दीपक गुप्ता

(b) अशोक चावला

(c) ओ.पी. माथुर

(d) डॉ. आर.के. पचौरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2016 को पूर्व वित्त सचिव तथा भारतीय प्रतिस्पर्धा (CCI) के पूर्व प्रमुख अशोक चावला को ऊर्जा और संसाधन संस्थान (The Energy and Resources Institute:TERI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- इसके साथ ही ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंशी के पूर्व निदेशक डॉ. अजय माथुर को टेरी का नया महानिदेशक (DG) नियुक्त किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.teriin.org/files/press-statement_TERI_feb16.pdf

एडगर मिशेल

प्रश्न-4 फरवरी, 2016 को निम्न में से किस अंतरिक्ष यात्री का निधन वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा में हो गया?

(a) एडगर मिशेल

(b) जेम्स बी इरविन

(c) स्टुअर्ट ए रोसा

(d) रोनाल्ड ई. एवान्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री एडगर मिशेल का वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा में 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- वे 1971 में चंद्रमा से जुड़े अपोलो-14 मिशन के सदस्य थे।
- एडगर मिशेल के साथ अपोलो-14 मिशन में एलन बी. शेपर्ड जूनियर और ए.एटुअर्ट रोसा भी शमिल थे।
- एडगर मिशेल चंद्रमा पर पहुंचने वाले छठे व्यक्ति थे।
- एडगर मिशेल ने किताब 'द वे ऑफ द एक्सप्लोरर' (the way of the exploror) भी लिखी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.nasa.gov/feature/apollo-astronaut-edgar-mitchell-dies-at-age-85
http://www.space.com/31853-edgar-mitchell-apollo-14-astronaut-obituary.html?
http://www.bbc.com/news/world-us-canada-35506000

कैलाश यादव

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री कैलाश यादव का निधन हो गया। वे किस विधान सभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे?

(a) कैराना विधान सभा क्षेत्र

(b) अमेठी विधान सभा क्षेत्र

(c) जंगीपुरा विधान सभा क्षेत्र

(d) मोहन लाल गंज विधानसभा क्षेत्र

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2016 को उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री कैलाश यादव का गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया।
- 10 जुलाई, 1951 को गाजीपुर के जैतपुरा में जन्में कैलाश यादव का निधन ब्रेन हैमरेज से हुआ।
- वे गाजीपुर के जंगीपुरा विधान सभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक निर्वाचित हुए थे।
- 13वीं और 14वीं विधान सभा में भी अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके वे दो बार प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके।
- वर्ष 2003 में मुलायाम सिंह के मंत्रिमंडल में राजस्व व औद्योगिक विकास मंत्री बनाए गए, तथा वर्ष 2012 में सोलहवीं विधानसभा में पुनः निर्वाचित हुए।
- मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मंत्रिमंडल में इन्हें पंचायती राज मंत्री बनाया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.upnews360.in/E/33003000300031003800/Chief-Minister-mourns-the-demise-of–Panchayati-Raj-Minister-of-State
https://tactstorage.blob.core.windows.net/docnews/task-doc-72720443-8b05-4174-bde6-3a54aa121703.pdf
http://aajtak.intoday.in/story/up-panchayati-raj-minister-kailash-yadav-passes-away-in-medanta-hospital-1-854058.html
http://www.bhaskar.com/news/UP-VAR-funeral-of-ex-minister-kailash-yadav-5245599-NOR.html

आर.के.वर्मा

प्रश्न-हाल ही में किसने रेलवे बोर्ड के नये सचिव का पदभार ग्रहण किया?

(a) आर.एस.वर्मा

(b) आर.के.वर्मा

(c) आर.के.शर्मा

(d) डी.के.माथुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2016 को आर.के.वर्मा ने रेलवे बोर्ड के नये सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- वे भारतीय अभियांत्रिकी रेल सेवा के 1980 बैच के अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व वह रेल राज्य मंत्री के सलाहकार (लोक शिकायत) के तौर पर कार्यरत थे।
- इन्होंने रेलवे में दक्षिण, पूर्वोत्तर फ्रंटियर पूर्वी-पश्चिमी सहित पुणे में भारतीय रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग में विभिन्न पदों पर कार्य किया और दक्षिण अफ्रीका में हैवी हॉल ऑपरेशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136261
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45852
http://bureaucracykhabar.com/?p=1021
http://www.business-standard.com/article/government-press-release/shri-r-k-verma-takes-over-as-new-secretary-railway-board-116020901133_1.html

डॉ. राजेंद्र कुमार पचौरी

प्रश्न-हाल ही में किसे ऊर्जा और संसाधन संस्थान (The Energy and Resources Institute: TERI) की गवर्निंग काउंसिल के कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया?

(a) दिनेश कुमार माथुर

(b) सुनीता नारायण

(c) डॉ. राजेंद्र कुमार पचौरी

(d) मेधा पाटकर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2016 को डॉ. राजेंद्र कुमार पचौरी ने ऊर्जा और संसाधन (TERI) की गवर्निंग काउंसिल (Governing Council) के कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।
- टेरी (Teri) एक गैर-लाभकारी संस्था है जो ऊर्जा, पर्यावरण और सतत विकास के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य का आयोजन करती है।
- इससे पूर्व वे अप्रैल, 2001 से 23 जुलाई, 2015 तक टेरी के महानिदेशक (Directar General) थे।
- उनको अप्रैल, 2002 को आईपीसीसी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वे सितंबर, 2008 में इस पद पर पुनः निर्वाचित होकर इस पद पर फरवरी, 2015 तक रहे।
- उन्हें आइपीसीसी के अध्यक्ष के रूप में अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति के साथ वर्ष 2007 का शांति का नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.teriin.org/our-people

http://www.teriin.org/profile/profile/emp/1

http://www.thehindu.com/news/national/rk-pachauri-removed-as-teri-head/article7457312.ece

http://www.thehindu.com/news/national/pachauri-back-in-teri-as-executive-vice-chairman/article8210021.ece

http://www.patrika.com/news/miscellenous-india/facing-sexual-harassment-charge-r-k-pachauri-becomes-teri-super-boss-1172152/

सुधीर तैलंग

प्रश्न-6 फरवरी, 2016 को सुधीर तैलंग का निधन हो गया है। वे मशहूर-

(a) पत्रकार थे

(b) कार्टूनिस्ट थे

(c) संगीतकार थे

(d) वैज्ञानिक थे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2016 को भारत के जाने-माने कार्टूनिस्ट सुधीर तैलंग का निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे।
- उनका जन्म राजस्थान के बीकानेर में वर्ष 1960 में हुआ था।
- उन्होंने अपना कैरियर मुंबई में 'इलुस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' के साथ वर्ष 1982 में शुरू किया था।
- 1 वर्ष पश्चात वे नई दिल्ली में नवभारत टाइम्स से जुड़ गये। उन्होंने प्रमुख समाचार पत्रों जैसे-हिंदुस्तान टाइम्स, द टाइम्स ऑफ इंडिया, इंडियन एक्सप्रेस एवं एसियन एज के साथ कार्य किया।
- 2004 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- सुधीर तैलंग ने हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर कार्टूनों के सेटों के संकलन-'नो, प्राइम मिनिस्टर' प्रकाशित की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/cartoonist-sudhir-tailang-passes-away/article8203194.ece

https://en.wikipedia.org/wiki/Sudhir_Tailang

डॉ. डी.जे पांडियन

प्रश्न-5 फरवरी, 2016 को एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने कितने व्यक्तियों को बैंक का उपाध्यक्ष (Vice President) नियुक्त करने की घोषणा की?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2016 को AIIB (Asian Infrastructure Investment Bank) ने गुजरात के पूर्व मुख्य सचिव डी. जगथीसा पांडियन को बैंक का उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी (Chief Investment Officer) नियुक्त किया है।
- मुख्य निवेश अधिकारी का कार्य बैंक के बुनियादी ढांचे में निवेश का पर्यवेक्षण करना है।
- डॉ. डी. जे. पांडियन के अतिरिक्त निम्नलिखित चार व्यक्तियों को भी बैंक का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है:-
- सर डैनी अलेक्जेंडर (Sir Danny Alexander), उपाध्यक्ष, कार्पोरेट सचिव;
- डॉ. किटैक होंग (Dr. Kyttack Hong) उपाध्यक्ष, चीफ रिस्क ऑफिसर
- डॉ. जोकिम वॉन एम्सबर्ग (Dr. Joachim von Amsberg) उपाध्यक्ष, पोलिसी एंड स्ट्रेटेजी
- डॉ. लुकी एको वुरयान्तो (Dr. Luky Eko Wuryanto), उपाध्यक्ष, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर ऑफिसर
- ज्ञातव्य है कि AIIB की स्थापना 25 दिसंबर, 2015 को बीजिंग में की गई थी।
- AIIB के अध्यक्ष जिन लिकुन (Jin Liqun) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.aiib.org/html/2016/NEWS_0205/91.html
http://www.aiib.org/html/aboutus/introduction/history/

सुशील कोइराला

प्रश्न-9 फरवरी, 2016 को सुशील कोइराला का निधन हो गया। वे नेपाल के पूर्व-

(a) राष्ट्रपति थे

(b) प्रधानमंत्री थे

(c) अर्थशास्त्री थे

(d) वैज्ञानिक थे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2016 को नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता सुशील कोइराला का निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे।
- नेपाली कांग्रेस के सदस्य रहे सुशील कोइराला को फरवरी 2014 में नेपाल का प्रधानमंत्री चुना गया था।
- इनका जन्म 12 अगस्त, 1939 को नेपाल के मोरांग जिले में हुआ था।
- वर्ष 1954 में नेपाली कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर राजनीति में आए थे।
- वे वर्ष 1973 में रॉयल नेपाल एयरलाइंस की प्लेन हाइजैकिंग में शामिल थे। इसका मकसद नेपाल में मल्टी पार्टी डेमोक्रेसी के लिए फंड इकट्ठा करना था जिससे आर्म्ड रिवॉल्यूशन शुरू किया जा सके।
- अपनी विचारधारा और कार्यों की वजह से वे वर्ष 1960 में नेपाली राजतंत्र के विरोध के कारण निर्वासित होकर भारत में 16 वर्षों तक रहे।
- वे नेपाली कांग्रेस के आधिकारिक प्रकाशन 'तरुण' के संपादक भी रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/international/south-asia/former-nepal-pm-sushil-koirala-dies/article8211004.ece
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45823
https://en.wikipedia.org/wiki/Sushil_Koirala
http://kathmandupost.ekantipur.com/news/2016-02-09/nepali-congress-president-sushil-koirala-dies.html

सरोज कुमार झा

प्रश्न-विश्व बैंक का मुख्यालय स्थित है-

(a) वॉशिंगटन डी.सी.में

(b) न्यूयॉर्क में

(c) पेरिस में

(d) लंदन में

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को सरोज कुमार झा विश्व बैंक (World Bank) में निर्बलता, संघर्ष और हिंसा समूह के लिए वरिष्ठ निदेशक पद पर नियुक्त किये गए।
- विश्व बैंक के अध्यक्ष जिम योंग किम ने श्री झा को उक्त वर्णित चुनौतियों से निपटने के लिए बैंक समूहतथा अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार करने का दायित्व सौंपा है।
- वह अभी तक अल्माटी में स्थित मध्य एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- श्री झा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद विकास अर्थशास्त्र (Development Economics) का भी अध्ययन किया।
- वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, प्राकृतिक आपदा की रोकथाम तथा सार्वजनिक क्षेत्र के प्रबंधन आदि कार्यक्रमों से विशिष्ट रूप से जुड़े रहे।
- इससे पहले भी श्री झा ने 2005 में वरिष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ के रूप में विश्व बैंक के तहत कार्य किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.worldbank.org/en/about/people/saroj-kumar-jha

नरेश बेदी

प्रश्न-निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसे, वृत्तचित्र, एनिमेशन और लघु फिल्मों के लिए मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में वी शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) किरण बेदी

(b) नरेश बेदी

(c) दिनेश थापर

(d) नलिनी जैन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2016 को वन्य-जीवन के फिल्मकार नरेश बेदी को वन्य-जीवन से संबंधित फिल्म निर्माण के लिए वी शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार इन्हें वृत्तचित्र, एनिमेशन और लघुफिल्मों के लिए आयोजित मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2016, (एम.आई.एफ.एफ-2016) के उद्घाटन समारोह में प्रदान किया गया।
- नरेश बेदी को उनके प्रकृति तथा वन्य जीवन पर फिल्मांकन के लिए इससे पूर्व वाइल्ड स्क्रीन अवार्ड, पृथ्वी रत्न पुरस्कार, द ह्वेल अवार्ड जैसे अनेकों पुरस्कार दिये जा चुके हैं।
- इनकी फिल्म 'चेरूब ऑफ द मिस्ट' इस समारोह की उद्घाटन फिल्म थी।
- इनकी एक अन्य फिल्म 'गंगा घड़ियाल' ने वाइल्ड स्क्रीन रेड पांडा पुरस्कार, जिसे ग्रीन आस्कर कहा जाता है, जीता है। यह पुरस्कार जीतने वाले वह प्रथम एशियाई हैं।
- इन्होंने अपने फिल्मों में दुर्लभ वन्य जीव क्षणों को फिल्माया है। इनके फिल्मों को बी.बी.सी. नेशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी और कैनल प्लस जैसे प्रतिष्ठित चैनलों पर प्रसारित किया गया है।
- नरेश बेदी का जन्म उत्तराखंड के हरिद्वार में हूआ और वे वहीं पर पले बढ़े। जंगलों तथा जंतुओं के प्राकृतिक आवास का इन्होंने नजदीक से अध्ययन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pibmumbai.gov.in/scripts/detail.asp?releaseId=E2016PR161

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135896

निदा फाजली

प्रश्न-निदा फाजली, जिनका हाल ही में 8 फरवरी 2016 को मुंम्बई में निधन हो गया वे मशहूर-

(a) संगीतकार थे। (b) शायर थे।

(c) सामाजिक कार्यकर्ता थे। (d) पत्रकार थे।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2016 को हिन्दी और उर्दू के मशहूर शायर, गीतकार निदा फाजली का मुंबई में निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे।
- 'कभी किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता' तथा 'होश वालों को खबर क्या, जिंदगी क्या चीज है' जैसी लोकप्रिय गजल लिखने वाले निदा फाजली का पूरा नाम मुकतिदा हसन निदा फाजली था।
- निदा फाजली का जन्म 12 अक्टूबर, 1938 को दिल्ली में हुआ तथा प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर में प्राप्त हुई। भारत-पाक विभाजन के समय माता-पिता के पाकिस्तान चले जाने पर भी निदा फाजली आजीवन भारत में रहे।
- गीतकार के रूप में निदा फाजली ने रजिया सुल्तान, सरफरोश, आहिस्ता-आहिस्ता, इस रात की सुबह नहीं, आदि फिल्मों के गीतों की रचना की थी।
- 'दीवारों के बीच', एवं 'दीवारों के बाहर' इनकी आत्मकथा तथा 'लफ्जों के फूल', 'आखों भर आकाश', 'सफर में धूप तो होगी' प्रमुख काव्य संग्रह हैं।
- निदा फाजली ने सुप्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह के गीतों की रचना की, जिससे उन्हें बेहद प्रसिद्धि प्राप्त हुई।
- निदा फाजली को उनके काव्य संग्रह 'खोया हुआ सा कुछ' (1996 में प्रकाशित) हेतु 1998 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि निदा फाजली को मध्य प्रदेश सरकार का मीर तकी मीर पुरस्कार एवं खुसरो पुरस्कार, महाराष्ट्र उर्दू अकादमी का उर्दू साहित्य हेतु श्रेष्ठतम कविता पुरस्कार, बिहार उर्दू अकादमी पुरस्कार, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- निदा फाजली को उर्दू साहित्य हेतु हिन्दी-उर्दू संगम पुरस्कार (लखनऊ), मारवाड़ कला संगम पुरस्कार (जोधपुर), पंजाब एसोशिएशन (मद्रास-चेन्नई), कला संगम पुरस्कार (लुधियाना) से भी सम्मानित किया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013 में निदा फाजली को 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bbc.com/hindi/india/2016/02/160208_nida_fazli_no_more_ra
https://en.wikipedia.org/wiki/Nida_Fazli
https://hi.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%A8%E0%A4%BF%E0%A4%A6%E0%A4%BE_%E0%A4%AB%E0%A4%BC%E0%A4%BE%E0%A4%9C%E0%A4%BC%E0%A4%B2%E0%A5%80

बलराम जाखड़

प्रश्न-हाल ही में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलराम जाखड़ का निधन हो गया। वह कब से कब तक लोकसभा अध्यक्ष रहे?

(a) 1985-1989 (b) 1980-1989 (c) 1975-1989 (d) 1989-1996

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2016 को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलराम जाखड़ का दिल्ली में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1980 से 1989 तक लोक सभा के 8वें अध्यक्ष रहे।
- वे पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव की कैबिनेट में कृषि मंत्री रहे।
- उन्होंने 30 जून, 2004 से 29 जून, 2009 तक मध्य प्रदेश के राज्यपाल के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/former-lok-sabha-speaker-balram-jakhar-passes-away/article8187870.ece
https://en.wikipedia.org/wiki/Balram_Jakhar

मेजर जनरल जयशंकर मेनन

प्रश्न-हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून ने किसे संयुक्त राष्ट्र मुक्ति सेना का मिशन प्रमुख और सेना कमांडर नियुक्त किया है?

(a) मेजर जनरल शिवशंकर मेनन
(b) मेजर जनरल जयशंकर मेनन
(c) जनरल दलबीर सुहाग
(d) मेजर जनरल अर्जुन सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून ने भारत के मेजर जनरल जयशंकर मेनन को संयुक्त राष्ट्र मुक्ति पर्यवेक्षक सेना (United Nations Disengagement Observer Force: UNDOF) का मिशन प्रमुख और सेना कमांडर नियुक्त किया।
- वे इस पद पर नेपाल के लेफ्टिनेंट जनरल पूर्ण चंद थापा का स्थान लेंगे, जो 7 फरवरी को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/press/en/2016/sga1633.doc.htm

इंतजार हुसैन

प्रश्न-हाल ही में मशहूर लेखक एवं पत्रकार इंतजार हुसैन का निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित थे?

(a) बांग्लादेश

(b) भारत

(c) पाकिस्तान

(d) अफगानिस्तान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को पाकिस्तान के मशहूर लेखक एवं पत्रकार इंतजार हुसैन का लाहौर में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
- वह उर्दू साहित्य में मौजूदा दौर के अहम कहानीकारों में से एक माने जाते हैं।
- वह पाकिस्तान के प्रमुख अखबार 'डॉन' के स्तंभकार भी थे।
- उनकी कुछ चर्चित पुस्तकें-गली कूचे, दिन और दास्तान, शेर-ए-अफसोस, कछुये, खाली पिंजड़ा, इत्यादि हैं।
- उनका जन्म 7 दिसंबर, 1923 को भारत के बुलंदशहर के डिबाई में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 2014 में फ्रांस का साहित्यिक सम्मान 'फ्रेंच ऑर्डर डेस आर्ट्स एट डेस लेटर्स' (French Ordre des Arts et des Letters) से सम्मानित किया गया था।
- उन्हें पाकिस्तान के तीसरे सबसे शीर्ष सिविल अवार्ड 'सितारा-ए-इम्तियाज' (Sitarae-Imtiaz) से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- उनका प्रसिद्ध उपन्यास 'बस्ती' वर्ष 2013 के मान बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए शार्ट लिस्ट हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dawn.com/news/1236988
https://en.wikipedia.org/wiki/Intizar_Hussain

प्रियंका चोपड़ा

प्रश्न-निम्नलिखित में से कौन 88वें ऑस्कर समारोह में आधिकारिक तौर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र फिल्मी हस्ती होंगी?

(a) शाहरूख खान (b) अमिताभ बच्चन (c) प्रियंका चोपड़ा (d) दीपिका पादुकोण

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- प्रियंका चोपड़ा 88वें ऑस्कर समारोह में विजेताओं को पुरस्कार देने वाले व्यक्तियों में शामिल हैं।
- ऑस्कर का आयोजन करने वाली अकादमी ने इस सूची में स्टीव कैरेल, क्विंसी जोंस, बायुंग हुन ली, जुलियाने मूर, जारेड लेटो, ओलिविया मुन, मार्गेट रोबी, जेसन सीगेल, एंडी सर्किस, जेके सिमंस, केरी वाशिंगटन, रीस विदरस्पून को भी शामिल किया है।
- ऑस्कर पुरस्कार वितरण 28 फरवरी को डॉल्बी थियेटर में आयोजित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/TheAcademy/status/694251077173010432/photo/1?ref_src=twsrc%5Etfw
http://www.thehindu.com/entertainment/priyanka-chopra-to-be-on-the-oscars-stage/article8182420.ece

राजेंद्र छेत्री

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भारत की यात्रा पर आए किस देश के सेना प्रमुख जनरल राजेंद्र छेत्री को सम्मान स्वरूप भारतीय सेना के 'मानद जनरल' रैंक से नवाजा?

(a) नेपाल (b)भूटान (c) बांग्लादेश (d) श्रीलंका

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2016 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भारत की यात्रा पर आए नेपाल सेना प्रमुख जनरल राजेंद्र छेत्री को सम्मान स्वरूप भारतीय सेना के 'मानद जनरल' रैंक से नवाजा।
- उन्हें यह सम्मान उनकी सराहनीय सैन्य क्षमता एवं भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने में उनके बेशुमार योगदान के लिये दिया गया।
- गौरतलब है कि दोनों देशों द्वारा भारत और नेपाल की सेना के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए परंपरा के अनुसार एक-दूसरे के जनरल को 'मानद जनरल' के रैंक से सम्मानित करती रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136045
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136131

अरुणा सेठी

प्रश्न-हाल ही में किसने भारतीय लागत लेखा सेवा (ICoAS) के प्रमुख का पदभार ग्रहण किया?

(a) अरुणा बहुगुणा (b) अरुणा सेठी (c) अर्चना रामासुंदरम (d) शोभा चटर्जी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को मुख्य सलाहकार (लागत) अरुणा सेठी ने भारतीय लागत लेखा सेवा (ICoAS) के प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह भारतीय लागत लेखा सेवा की पहली महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने यह प्रतिष्ठा हासिल की है।
- गौरतलब है कि भारतीय लागत लेखा सेवा भारत सरकार की 6 संगठित लेखा सेवाओं में से एक है, जिसकी शुरूवात वर्ष 1978 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136054

के.वी.कृष्णा राव

प्रश्न-30 जनवरी, 2016 को पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल के.वी.कृष्णा राव का निधन हो गया। निम्नलिखित राज्यों में वह किस राज्य के राज्यपाल नहीं रहे थे?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) नागालैंड (c) मणिपुर (d) त्रिपुरा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल के.वी.कृष्णा राव का 30 जनवरी, 2016 को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे।
- जनरल कृष्णा राव भारतीय सेना में 9 अगस्त 1942 को द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान शामिल हुए थे।
- जून 1981 से जुलाई 1983 तक वे भारतीय थल सेना प्रमुख रहे।
- जून 1984 से जुलाई 1989 तक जनरल राव नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा के राज्यपाल रहे थे।
- उन्हें 1989-90 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया था। जम्मू कश्मीर में इनका राज्यपाल के रूप में दूसरा कार्यकाल 1993-98 तक रहा था।
- जनरल के.वी.कृष्णा राव को 1971 के बांग्ला मुक्ति युद्ध में अभूतपूर्व योगदान के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135941

दत्ता पडसलगीकर

प्रश्न-निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसे जनवरी 2016 में मुंबई का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया?

(a) दत्ता पडसलगीकर (b) अहमद जावेद (c) रंजीत सक्सेना (d) अंजनी कुमार दत्त

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2016 को वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारी दत्ता पडसलगीकर को मुंबई का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है।
- इन्होंने इस पद हेतु अहमद जावेद का स्थान लिया है जिनका कार्यकाल 31 जनवरी 2016 तक था।
- 1982 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी दत्ता पडसलगीकर इससे पूर्व इंटेलीजेन्स ब्यूरो (आई.बी.) में कार्यरत थे।
- मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर अहमद जावेद को सउदी अरब में राजदूत नियुक्त किया गया है। ये 1980 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mumbaipolice.maharashtra.gov.in/Home.asp
http://www.thehindu.com/news/cities/mumbai/padsalgikar-new-mumbai-police-commissioner/article8171957.ece

अर्चना रामासुंदरम

प्रश्न- हाल ही में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अर्चना रामासुंदरम को किस अर्धसैनिक बल का महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) सीमा सुरक्षा बल (b) सशस्त्र सीमा बल
(c) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (d) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

उत्तर (b)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 के मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अर्चना रामासुंदरम को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का महानिदेशक (DG) नियुक्त किया।
- वह किसी अर्धसैनिक बल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी होंगी।
- इससे पूर्व वह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की निदेशक थीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135995

के. के. शर्मा

प्रश्न- हाल ही में वरिष्ठ आईपीएस अधिकरी के.के. शर्मा को किस अर्धसैनिक बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया?

(a) सीमा सुरक्षा बल (b) सशस्त्र सीमा बल

(c) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (d) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 के मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. के. शर्मा को सीमा सुरक्षा बल (BSF) का महानिदेशक (DG) नियुक्त किया।
- वे इस पद पर देवेंद्र कुमार पाङ्गक का स्थान लेंगे जो इस माह के अंत में सेवानिवृत्त होंगे।
- वे वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल में अतिरिक्त महानिदेशक हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135995

के. दुर्गा प्रसाद

प्रश्न- हाल ही में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने किसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का महानिदेशक नियुक्त किया है?

(a) अर्चना रामासुंदरम

(b) एम. के. सिंगला

(c) के. दुर्गा प्रसाद

(d) के. के. शर्मा

उत्तर (c)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. दुर्गा प्रसाद को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का महानिदेशक (DG) नियुक्त किया।
- वे वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अतिरिक्त महानिदेशक हैं।
- वे वर्ष 1981 बैच के तेलंगाना कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वे इस पद पर प्रकाश मिश्र का स्थान लेंगे जो इस माह के अंत में सेवानिवृत्त होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135995

कल्पना

प्रश्न-कल्पना, जिनका हाल ही में 25 जनवरी, 2016 को हैदराबाद में निधन हो गया, सम्बन्धित थीं-

(a) चित्रकला से (b) पत्रकारिता से (c) उद्योग से (d) फिल्म जगत से

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2016 को मलयालम फिल्म अभिनेत्री कल्पना का हैदराबाद में निधन हो गया। वह 51 वर्ष की थीं।
- इन्होंने लगभग 300 दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है।
- वर्ष 2012 में इन्हें 'थानीचला नजान' फिल्म में अभिनय हेतु सर्वश्रेष्ठ सहअभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/entertainment/malayalam-actor-kalpana-no-more/article8150616.ece
https://en.wikipedia.org/wiki/Kalpana_(Malayalam_actress)

जेएस दीपक

प्रश्न-हाल ही में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने किसे संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया?

(a) डॉ. अरूणा शर्मा

(b) शोभना के. पटनायक

(c) जेएस दीपक

(d) सिराज हुसैन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2016 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेएस दीपक को संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया।
- वे वर्ष 1982 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- उन्होंने इस पद पर राकेश गर्ग का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45612
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135918
http://persmin.nic.in/ersheet/MultipleERS.asp?HiddenStr=01UP051400

डॉ. कमलेश कुमार पांडे

प्रश्न-हाल ही में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने किसे निःशक्तजनों का मुख्य आयुक्त नियुक्त किया है?

(a) अर्चना शर्मा

(b) डॉ. कमलेश कुमार पांडे

(c) डॉ. अरुणा शर्मा

(d) सिराज हुसैन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2016 को सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने डॉ.कमलेश कुमार पांडे को निःशक्तजनों का मुख्य आयुक्त (Chief Commissioner for Person with Disabilities: CCPD) नियुक्त किया।
- इस पद पर इनका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा।
- इससे पूर्व वे विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन (NGO) 'सक्षम' (Saksham) से जुड़े थे।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा विकलांगता के क्षेत्र में पुनर्वास के संबंध में विशेष ज्ञान और प्रायोगिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति को निःशक्तजनों का मुख्य आयुक्त बनाया जाता है।
- ध्यातव्य है कि सीसीपीडी केंद्र सरकार द्वारा दिये गए धन के उपयोग की निगरानी, लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गयी सुविधाओं की सुरक्षा, और विकलांगता अधिनियम 1995 के क्रियान्वयन पर केंद्र एवं राज्य के मध्य समन्वय करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135929

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45613

http://netindian.in/news/2016/01/29/00036666/kamlesh-kumar-pandey-appointed-chief-commissioner-persons-disabilities

चर्चित स्थल

मानेसर

प्रश्न-हाल ही में ऑटोमेटिव प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास बुनियादी ढांचा परियोजना (NATRIP) के तहत कहां अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया?

(a) साणद

(b) सिंगूर

(c) मानेसर

(d) चिनहट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2016 को केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री अनंत जी. गीते ने मानेसर (हरियाणा) स्थित 'अंतर्राष्ट्रीय ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी केंद्र' (ICAT) में ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास बुनियादी ढांचा परियोजना (NATRIP) के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण सुविधा केंद्र' का उद्घाटन किया।
- एनएटीआरआईपी ऑटोमोटिव मिशन प्लान-2016 के तहत स्थापित की गई है।
- ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2016 का उद्देश्य विश्व में ऑटोमोबाइल निर्माण के डिजाइन, पार्ट, पुर्जे में पंसदीदा जगह के रूप में उभरने और 145 अरब डॉलर के स्तर तक पंहुचाने, जो जीडीपी का 10 प्रतिशत है तथा 2016 में 250 लाख लोगों को अतिरिक्त रूप में रोजगार उपलब्ध कराना है।
- राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास बुनियादी ढांचा परियोजना ने देश में ऑटोमोटिव सुरक्षा उत्सर्जन और उपलब्धि मानक पेश किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी और यह एनएटीआरआईपी के तहत स्थापित किया गया पहला नया विश्वस्तरीय केंद्र है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46209

सौर ऊर्जा से चलने वाली विश्व की पहली संसद

प्रश्न-हाल ही में सौर ऊर्जा से चलने वाली विश्व की पहली संसद का उद्घाटन कहां किया गया?

(a) इस्राइल

(b) पाकिस्तान

(c) मलेशिया

(d) जापान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2016 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इस्लामाबाद में सौर ऊर्जा से चलने वाली विश्व की पहली संसद का उद्घाटन किया।
- इस काम के लिए चीन ने पाकिस्तान को 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए।
- गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट को 22 अप्रैल, 2015 में उस समय लांच किया गया था जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तान का दौरा किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://tribune.com.pk/story/1052577/pm-nawaz-inaugurates-worlds-first-solar-parliament/
http://www.abplive.in/lifestyle/sharif-inaugurates-worlds-first-ever-solar-powered-parliament-in-pakistan-295355
http://www.pakistantoday.com.pk/2016/02/23/national/going-green-pm-nawaz-inaugurates-worlds-first-solar-parliament/
http://www.business-standard.com/article/news-ians/pakistan-s-parliament-becomes-completely-solar-116022300654_1.html

विठ्ठलपुर

प्रश्न-हाल ही में जापान की टू-व्हीलर कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि. (HMSI) ने भारत में अपने चौथे टू-व्हीलर उत्पादन संयंत्र को कहां स्थापित किया?

(a) गुड़गांव

(b) मेहसाणा

(c) विठ्ठलपुर

(d) सिंगूर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को जापान की टू-व्हीलर कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि. (HMSI) ने भारत में अपने चौथे टू-व्हीलर उत्पादन संयंत्र को विठ्ठलपुर (गुजरात) में स्थापित किया।
- यह संयंत्र 250 एकड़ एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है।
- इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 1.2 मिलियन आटोमेटिक स्कूटर निर्माण क्षमता होगी।
- गौरतलब है कि इस कंपनी के अन्य टू-व्हीलर उत्पादन संयंत्र क्रमशः हरियाणा, राजस्थान तथा कर्नाटक में स्थित हैं।
- कंपनी ने इसी के साथ निम्न चार महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की भी घोषणा की-

  (i) होंडा की स्थायी स्वच्छ पेयजल परियोजना

  (ii) स्वास्थ्य सेवा

  (iii) होंडा की गो-ग्रीन अभियान-हरित उड़ान परियोजना

  (iv) होंडा का खेल महाकुंभ को समर्थन।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.honda2wheelersindia.com/onda-2wheelers-rolls-out-4-mega-csr-projects-in-and-around-vithalapur-gujarat-on-eve-of-its-4th-plant-inauguration/
http://www.honda2wheelersindia.com/honda-inaugurates-its-4th-two-wheeler-plant-in-india/

हैदराबाद

प्रश्न-अभी हाल में ही वैश्विक तकनीकी कंपनी एप्पल ने भारत में किस जगह विकास केंद्र स्थापित करने की घोषणा की?

(a) मुंबई

(b) चेन्नई

(c) बंगलुरू

(d) हैदराबाद

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को तकनीकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एप्पल ने अमेरिका से बाहर किसी दूसरे देश में अपना पहला विकास केंद्र (Development Centre) हैदराबाद में खोलने की घोषणा की।
- एप्पल के मुख्य कार्यकारी (CEO) टिमकुक के अनुसार कंपनी की योजना भारत में अपनी खुदरा बिक्रय की दुकाने खोलने की भी योजना है।
- भारत में एप्पल के उत्पाद रेंडिंगटॉन और इंग्राम माइक्रो जैसे वितरकों के माध्यम से बेचे जाते है।
- कंपनी अपने उत्पाद चीन, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन ओर फ्रांस में खुदरा बिक्रय की दुकनों द्वारा बेचती है।
- टिम कुक ने कहा कि वैश्विक बजार में गिरावट के बावजूद एप्पल भारत में अपने निवेश को कम नहीं करेगी।
- इस विकास केंद्र के निर्माण में लगभग 250 लाख (25 Million) अमेरिकी डॉलर का खर्च आयेगा जहां पर लगभग 4,500 युवा पेशेवरों को रोजगार प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://aajtak.intoday.in/story/apple-confirms-opening-of-development-centre-in-hyderabad-1-855047.html
http://timesofindia.indiatimes.com/tech/tech-news/Apple-confirms-opening-of-development-centre-in-Hyderabad/articleshow/51008769.cms
http://hn.thetechportal.in/2016/02/15/apple-hyderabad-technology-development-centre-make-in-india/

झारखंड के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में झारखंड के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन कहां किया गया?

(a) धनबाद

(b) हजारी बाग

(c) गेटलसूद गांव

(d) रसूल गांव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2016 को झारखंड मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से झारखंड राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन गेटलसूद गांव (रांची जिला) में किया गया।
- 114.73 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से निर्मित इस फूड पार्क का विस्तार 51.50 एकड़ क्षेत्र में है जिसमें बहूस्तरीय शीत-भंडारण, शुष्क माल गोदाम, सब्जियों के डिहाइड्रेशन लाइन, आधुनिक गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण प्रयोगशाला सहित फलों एवं सब्जियों के प्रसंस्करण जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- इस मेगा फूड पार्क में बागवानी और गैर-बागवानी उत्पादों को सड़ने से बचाने हेतु सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- इस मेगा फूड पार्क से लगभग 6 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के साथ ही लगभग 25 से 30 हजार किसान इससे लाभान्वित होंगे।
- इस परियोजना से किसानों के उत्पादों के उचित कीमत, उत्पादों की न्यूनतम खराबी, कृषिगत उत्पादों और उद्यमशीलता में वृद्धि के व्यापक अवसर तथा राज्य के युवाओं को रोजगार प्राप्त होंगे।
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में केंद्र सरकार का व्यापक जोर है। इसके माध्यम से निजी निवेश को बढ़ावा तथा मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान की जा रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45993

मध्य प्रदेश के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने मध्य प्रदेश के किस जिले मंह राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया?

(a) झबुआ

(b) इंदौर

(c) रीवा

(d) खरगौन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2016 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर ने मध्य प्रदेश के खरगौन जिले की कसारबाढ़ तहसील के पनवा गांव में राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया।
- इसे मेसर्स इंडस मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया।
- यह मेगा फूड पार्क 127.70 करोड़ रुपये की लागत से 53.78 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया गया है।
- इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने राज्य के देवास जिले में दूसरा मेगा फूड पार्क की स्थापना को भी मंजूरी दी है जो अगले दो-ढाई वर्ष में तैयार हो जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20160212N33&LocID=1&PDt=2/12/2016

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45957

त्रिपुरा

प्रश्न-भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में एवियन एन्फ्लुएंजा बीमारी के कारण बड़ी संख्या में पक्षियों (मुर्गियों) को मार दिया गया तथा इसकी गंभीरता को देखते हुए, इसके प्रसार को रोकने के लिए 'पोस्ट आपरेशन निगरानी परियोजना' चलाई गयी?

(a) त्रिपुरा

(b) मेघालय

(c) मिजोरम

(d) नागालैंड

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2016 में भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य त्रिपुरा में एवियन इन्फ्लुएंजा के कारण गांधी ग्राम में मुर्गीपालन फार्म में मुर्गियों की असामान्य मृत्यु हो गयी।
- 14 जनवरी, 2016 को इस घटना को गंभीरता से लेते हुए त्रिपुरा पशुसंसाधन विभाग ने इसके नमूनों को राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (NIHSAD) भोपाल में भेज दिया जहां H5N1 AIV के लिए ये नमूने RT-PCR और रीयल टाइम RT-PCR में पॉजिटिव पाये गये।
- राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान ने त्रिपुरा राज्य सरकार से इस बीमारी के रोकथाम तथा प्रसार रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का अनुरोध किया।
- सरकार ने बीमारी से प्रभावित केंद्रों पर नियंत्रण एवं रोकथाम अभियान चलाया जो 25 जनवरी, 2016 तक चला। त्रिपुरा सरकार ने इन केंद्रों को स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जारी किया।
- त्रिपुरा पशु संसाधन विभाग ने 27 जनवरी, 2016 को इसकी निगरानी हेतु 'पोस्ट ऑपरेशन निगरानी परियोजना' प्रारंभ की जो वहां तीन माह तक (स्वच्छता प्रमाणपत्र जारी करने की तिथि से) तक जारी रहेगी।
- ज्ञातव्य है कि एवियन इन्फ्लुएंजा, या जिसे बर्ड फ्लू, एवियन फ्लू भी कहा जाता है, पक्षियों में होने वाला एक प्राणघातक विषाणु जनित रोग है।
- एवियन इन्फ्लुएंजा ए विषाणु के प्रजाति के कारण होता है। पक्षियां इस विषाणु के लिए होस्ट होती हैं। इस विषाणु का प्रभाव घरेलू पक्षी जैसे मुर्गी, बत्तख आदि के साथ-साथ अन्य पक्षियों पर भी होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135883
http://www.who.int/mediacentre/factsheets/avian_influenza/en/

खुले में शौच से मुक्त होने वाला देश का दूसरा जिला

प्रश्न-हाल ही में खुले में शौच से मुक्त होने वाला मध्य प्रदेश का पहला एवं देश का दूसरा जिला कौन-सा है?

(a) रतलाम

(b) इंदौर

(c) रीवा

(d) जबलपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2016 को लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के इंदौर जिले (ग्रामीण) को पूरी तरह खुले में शौच से मुक्त घोषित किया।
- उल्लेखनीय है कि खुले में शौच से मुक्त होने वाला पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के बाद इंदौर देश का दूसरा तथा प्रदेश का पहला जिला बन गया है।
- इसके तहत इंदौर जिले की सभी 312 ग्राम पंचायत के 610 गांव में शौचालय बन गये हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20160125N35&LocID=1&PDt=1/25/2016

http://www.dprmp.org/NewsDetail.aspx?newsid=327941&disid=19

http://timesofindia.indiatimes.com/city/indore/Rural-area-of-Indore-declared-open-defecation-free/articleshow/50726316.cms

http://www.bhaskar.com/news/MP-IND-HMU-MAT-latest-indore-news-045226-3493727-NOR.html

पुरस्कार/सम्मान

88वां ऑस्कर पुरस्कार-2016

प्रश्न-88वें ऑस्कर पुरस्कार में किस अभिनेता को सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए सम्मानित किया गया?

(a) लियोनार्डो डि कैप्रियो

(b) मैट डेमन

(c) माइकल फैसबेन्डर

(d) एडी रेडमायने

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2016 को अमेरिकी फिल्म उद्योग के सर्वाधिक प्रतिष्ठित 88वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में प्रदान किए गए। यह पुरस्कार 'ऑस्कर पुरस्कार' के नाम से प्रसिद्ध है।
- प्रमुख पुरस्कारों का विवरण इस प्रकार है-
- इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ फिल्म (Best Picture) का पुरस्कार फिल्म 'स्पॉटलाइट' (Spotlight) को प्रदान किया गया। इस फिल्म के निर्देशक टॉम मैकार्थी (Tom McCarthy) हैं।
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (Best Director) का पुरस्कार फिल्म 'द रेवेनांट' के निर्देशक अलेजैन्ड्रो जी.इनारीटु को दिया गया।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (Best Actor) का पुरस्कार फिल्म 'द रेवेनांट' में 'ह्यूग ग्लास (Hugh Glass) की भूमिका के लिए लियोनार्डो डि कैप्रियो को प्रदान किया गया।
- अभिनेत्री ब्रिए लार्सन (Brie Larson) को फिल्म 'रूम' में ज्वाय 'मा' न्यूसम की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (Best Actress) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता (Best Actor in a Supporting Role) का पुरस्कार मार्क रायलेंस को फिल्म 'ब्रिज ऑफ स्पाइसेज' में 'रूडोल्फ एबेल' की भूमिका में उल्लेखनीय अभिनय के लिए प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री (Best Actress in Supporting Role) का पुरस्कार फिल्म 'द दानिश गर्ल' में 'गेर्डा वेगनर' की उल्लेखनीय भूमिका के लिए अभिनेत्री एलिसिया विकेंडर को प्रदान किया गया।

- सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फीचर फिल्म (Best Animated feature Film) का पुरस्कार फिल्म 'इनसाइड आउट' (निर्देशक-पीट डॉक्टर और रोनीडेल कार्मेन) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ छायांकन (Best Cinematography) का पुरस्कार 'द रेवेनांट' फिल्म के लिए इम्मेनुअल लुबेज्की को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन (Best Costume Design) का पुरस्कार फिल्म 'मैड मैक्स; फ्यूरी रोड' के लिए जेनी बीवन (Jenny Beavan) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र (Documentary) का पुरस्कार फिल्म एमी (निर्देशक-आसिफ कापाड़िया) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म (Best Foreign Language Film) का पुरस्कार हंगरी की फिल्म 'सन ऑफ साउल' (निर्देशक-लैजलो नेमेस (Laszlo Nemes) को प्रदान किया गया।
- मौलिक गीत (Music Original Score) का पुरस्कार फिल्म 'द हेटफुल एट' के लिए इन्निओ मोरीकोन (Ennio MorriCone) को प्रदान किया गया।
- इस बार फिल्म मैड मैक्सःफ्यूरी रोड को सबसे अधिक छः, द रेवेनांट को तीन तथा स्पॉटलाइट को दो श्रेणियों में ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त हुए।
- निर्देशक अलेजैन्ड्रो इनारीटु लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के सम्मान से सम्मानित किए गये हैं जो कि पिछले 65 वर्षों में पहली बार किसी निर्देशक को लगातार प्रदान किए गये।
- इनसे पूर्व वर्ष 1940 एवं 1941 में निर्देशक जॉन फोर्ड एवं वर्ष 1949 एवं 1950 में जोसेफ एल मैन्किएक्विस को लगातार दो बार निर्देशन के लिए ऑस्कर सम्मान से सम्मानित किया गया था।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुने गए लियोनार्डो डि कैप्रियो इस पुरस्कार के लिए वर्ष 2005, 2007, 2014 में नामित हो चुके थे पर इस बार वे पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.oscars.org/oscars/ceremonies/2016

25वां व्यास सम्मान 2015

प्रश्न-हाल ही में 25वें व्यास सम्मान से किस साहित्यकार को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गयी?

(a) डॉ. नरेंद्र कोहली

(b) डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी

(c) डॉ. कमल किशोर गोयनका

(d) डॉ. सुनीता जैन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2016 को वर्ष 2016 के व्यास सम्मान (25वां) से हिन्दी की प्रख्यात लेखिका डॉ. सुनीता जैन के काव्य संग्रह 'क्षमा' को सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी।
- बिरला फाउंडेशन की विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2008 में प्रकाशित काव्य संग्रह क्षमा को प्रसिद्ध साहित्यकार विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता वाली समिति ने पुरस्कार हेतु चयनित किया है।
- सुनीता जैन एक जानी-मानी साहित्यकार हैं जो कि उपन्यास, कहानी, लघुकथा एवं कविता में अधिकार रखती हैं।
- ये हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साहित्यिक सृजन करती हैं। इनकी लगभग सौ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।
- इनके द्वारा लिखित प्रमुख पुस्तकें हैं-'सफर के साथी','हेरवा',रंग-रति','ए गर्ल ऑफ हर ऐज','ए वूमेन इज डेड' आदि।
- इन्हें वर्ष 2004 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि 24वां व्यास सम्मान डॉ. कमल किशोर गोयनका को उनकी शोध परक पुस्तक 'प्रेमचंद की कहानियों का कालाक्रमानुसार अध्ययन' के लिए प्रदान किया गया था।
- व्यास सम्मान वर्ष 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था जो कि प्रतिवर्ष दस वर्षों की अवधि के दौरान प्रकाशित हिंदी भाषा की साहित्यिक कृतियों के लिए प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत चयनित कृति के साहित्यकार को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और 2.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/sunita-jain-s-kshama-selected-for-vyas-samman-116022600688_1.html
http://www.padmashrisunitajain.com/about.html
http://www.kkbirlafoundation.org/vyas.html

58वें ग्रैमी पुरस्कार

प्रश्न-58वें ग्रैमी पुरस्कार समारोह में किसे सर्वाधिक श्रेणियों में ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किए गए

(a) अल्बामा शेकस

(b) केनड्रिक लैमर

(c) टेलर स्विफ्ट

(d) टिम कुबार्ट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- संगीत के नोबल पुरस्कार के नाम से प्रतिष्ठित 58वें ग्रैमी पुरस्कार स्टेपल्स सेंटर, लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में आयोजित समारोह में 15 फरवरी, 2016 को प्रदान किए गये।
- विभिन्न वर्गों में प्रदान किए गए पुरस्कारों में कुछ प्रतिष्ठित पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- रिकार्ड ऑफ द ईयर-अपटाउन फंक (मार्क रॉनसन Featuring ब्रूनो मार्स)
- एलबम ऑफ द ईयर-1989 (टेलर स्विफ्ट)
- सांग ऑफ द ईयर-थिंकिंग आउट लाउड (एड शीरन और एमी वेग)
- बेस्ट न्यू आर्टिस्ट-मेघन ट्रेनर (Meghan Trainor)
- बेस्ट पॉप सोलो परफार्मेंस-थिंकिंग आउट लाउड (एड शीरन)
- बेस्ट रॉक एलबम-ड्रोन्स (म्यूज)
- बेस्ट न्यू एज एलबम-ग्रेस (पॉल एवगेरिनोस)
- बेस्ट चिल्ड्रेन्स एलबम-होम (टिम कुबार्ट)
- इस वर्ष काम्पटन,कैलिफ़ोर्निया निवासी अमेरिकन रैपर केनड्रिक लैमर को विभिन्न श्रेणियों में पांच ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त हुए। इन्हें सबसे अधिक 11 श्रेणियों में नामांकित किया गया था।
- अमेरिकन रॉक बैंड स्टार अल्बामा शेकस को इस बार तीन ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त हुए, इन्हें बेस्ट रॉक सांग, बेस्ट अल्टरनेटिव म्युजिक एलबम और बेस्ट रॉक परफार्मेंस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।
- अमेरिकन गायिका और गीतकार टेलर स्विफ्ट को एलबम ऑफ द ईयर, बेस्ट म्यूजिक वीडियो और बेस्ट पॉप वोकल एलबम श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।
- उल्लेखनीय है कि प्रवासी भारतीय आसिफ कपाड़िया निर्देशित डाक्यूमेंट्री 'एमी' (Amy) को बेस्ट म्युजिक फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- ज्ञातव्य है कि 58वें ग्रैमी पुरस्कार के नामांकन की घोषणा 7 दिसंबर, 2015 को की गयी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.grammy.com/nominees
https://en.wikipedia.org/wiki/58th_Annual_Grammy_Awards

मोबाइल-वन परियोजना को सर्वश्रेष्ठ एम-सरकारी सेवा पुरस्कार

प्रश्न-'मोबाइल-वन' मोबाइल एप किस राज्य से संबंधित है। जिसके द्वारा ई-गवर्नेन्स उपलब्ध कराया जा रहा है?

(a) केरल

(b) कर्नाटक

(c) आंध्र प्रदेश

(d) तमिलनाडु

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2016 को संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मुहम्मद बिन राशिद अल मकटूम ने सर्वश्रेष्ठ एम-सरकारी सेवा पुरस्कारों का वितरण चौथे विश्व सरकार शिखर सम्मेलन, दुबई में किया।
- इस पुरस्कार वितरण समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वन-स्टाप श्रेणी में कर्नाटक राज्य के मोबाइल ई-गवर्नेन्स प्लेटफार्म 'मोबाइल वन' को सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार स्मार्टफोन के माध्यम से सरकारी सेवाओं को जनता तक पहुंचाने के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के लिए प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार समारोह में विश्वविद्यालय स्तर, संयुक्त अरब अमीरात स्तर, अरब स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- मोबाइल-वन एक मोबाइल एप है जो कि एन्ड्राइड और आई.ओ.एस. सिस्टम पर उपलब्ध है।
- इस प्लेटफार्म के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सेवायें उपलब्ध कराई गई है। जैसे-बिल भुगतान, संपत्ति कर, रेल और बस टिकट की बुकिंग, आयकर रिटर्न भरना, कृषि, शिक्षा, यात्रा, पुलिस, स्वास्थ्य सहायता आदि।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.wam.ae/en/news/emirates/1395291432467.html

http://www.emirates247.com/news/emirates/world-government-summit-edge-of-govt-m-govt-service-awards-presented-2016-02-10-1.620563

http://www.uaeinteract.com/docs/Mohammed_bin_Rashid_honours_winners_of_best_M-government_services/73939.htm

69वां बाफ्टा पुरस्कार-2016

प्रश्न-69वें वाफ्टा पुरस्कार-2016 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार किस फिल्म को प्रदान किया गया?

(a) ब्रिज ऑफ स्पाई

(b) कैरल

(c) मैड मैक्सः फ्युरी रोड

(d) द रेवेनांट

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2016 को रॉयल ओपेरा हाउस, लंदन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 69वें बाफ्टा पुरस्कार वितरित किए गए।
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 'द रेवेनांट' (निर्देशक-अलेजैन्ड्रो जी. इनारितू) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार अलेजैन्ड्रो जी. इनारितू (फिल्म-द रेवेनांट) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार 'द रेवेनांट' फिल्म के अभिनेता लियोनार्डो डि कैप्रियो को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार 'रूम' फिल्म की अभिनेत्री ब्रिए लार्सन को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार 'ब्रिज ऑफ स्पाई' फिल्म के अभिनेता मॉर्क रयलेन्स को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार 'स्टीव जॉब्स' फिल्म की अभिनेत्री केट विन्सलेट का प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा (Original Screenplay) का पुरस्कार 'स्पाटलाइट' फिल्म के पटकथा के लिए टॉम मैकार्थी और जोश सिंगेर को प्रदान किया गया।

- सर्वश्रेष्ठ छायांकन (Cinematography) का पुरस्कार 'द रेवेनांट' फिल्म के लिए इम्मेनुअल लुबेजकी को प्रदान किया गया।
- उत्कृष्ट ब्रिटिश फिल्म (Outstanding British Film) का पुरस्कार 'ब्रुकलिन' फिल्म को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र (Documentry) का पुरस्कार 'एमी' फिल्म (निर्देशक-आसिफ कपाड़िया) को प्रदान किया गया।
- ध्यातव्य है कि आसिफ कपाड़िया प्रसिद्ध अनिवासी भारतीय फिल्म निर्माता हैं जो कि लंदन में निवास करते हैं।
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म का पुरस्कार 'इनसाइट आउट' (निर्देशक-पीट डॉक्टर और रोन्नी डेल कारमेन) को प्रदान किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ गैर अंग्रेजी भाषी फिल्म का पुरस्कार अर्जेन्टीना की फिल्म 'वाइल्ड टेल्स' (निर्देशक-डैमिएन जिफ्रोन) को प्रदान किया गया।
- फिल्म 'द रेवेनांट' को पांच तथा 'मैड मैक्सः फ्युरी रोड' को चार श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।
- सिनेमा में उत्कृष्ट ब्रिटिश योगदान के लिए लंदन में स्थित पोशाकों (Costume) के आपूर्तिकर्ता 'एंजेल्स कास्टयूम' को सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष ब्रिटिश अकादमी की फेलोशिप बाहामियाई-अमेरिकन अभिनेता, निर्देशक, लेखक और राजनयिक सर सिडनी पोइटिएर को प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bafta.org/press/press-releases/ee-british-academy-film-awards-winners-announced-2016
http://awards.bafta.org/award/2016/film

‘ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया’ द्वारा अनिवासी भारतीय सम्मानित

प्रश्न-ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से वर्ष 2016 में कितने भारतीयों को सम्मानित किया गया?

(a) 2
(b) 3
(c) 4
(d) 5

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2016 को ‘ऑस्ट्रेलिया दिवस’ के अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ‘ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया’ के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की गयी।
- इस सम्मान से सम्मानित किए गये व्यक्तियों की सूची में तीन भारतीय मूल के व्यक्ति प्रो. चेन्नुपति जगदीश, जय चंद्रा और सजीव कोशी सम्मिलित हैं।
- प्रो. चेन्नुपति जगदीश को मुख्यतः नैनो तकनीक तथा भौतिक विज्ञान और अभियांत्रिकी की प्रख्यात सेवा के लिए और लेखक, संरक्षक, शोधकर्ता के रूप में शिक्षा में अग्रणी शैक्षणिक भूमिकाओं के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में वैज्ञानिक सलाहकार एवं कार्यकारी के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी।
- प्रो. जगदीश ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय कैनबरा में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।
- डॉ. जय चंद्रा को यह सम्मान नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवा के महत्वपूर्ण प्रदान किया गया है। इन्होंने नेत्र देखभाल कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की महत्वपूर्ण सेवा की है।
- डॉ चंद्रा न्यू साउथ वेल्स के वेस्टमेड अस्पताल में नेत्र चिकित्सक के रूप में कार्यरत है।
- डॉ सजीव कोशी को यह सम्मान दंत चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा के लिए प्रदान किया गया है।
- डॉ कोशी द रॉयल डेन्टल अस्पताल मेलबोर्न में वरिष्ठ विशेषज्ञ एंडोडोटिस्ट के रूप में कार्यरता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/international/australias-highest-civilian-award-for-3-pios/article8158341.ece
http://www.itsanhonour.gov.au/honours/awards/medals/medal_order_australia.cfm
https://www.gg.gov.au/sites/default/files/files/honours/ad/ad2016/dvvsf4sc1d05nwgt/Gazette%20-%20O%20of%20A(2).pdf
http://economictimes.indiatimes.com/nri/nris-in-news/three-indian-origin-australians-conferred-with-ozs-highest-civilian-award/articleshow/50740718.cms
http://www.livehindustan.com/news/international/article1–australias-highest-civilian-award-three-indian-americans-514267.html

भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी शास्त्रीय संगीत पुरस्कार

प्रश्न-वर्ष -2015-16 का भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी शास्त्रीय संगीत पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?

(a) पंडित राम नारायण

(b) लता मंगेशकर

(c) हरी प्रसाद चौरसिया

(d) राजन मिश्रा



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2016 को महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री विनोद तावड़े द्वारा प्रसिद्ध सारंगीवादक पं.राम नारायण को भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी शास्त्रीय संगीत पुरस्कार वर्ष 2015-16 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने शास्त्रीय संगीत में अद्वितीय योगदान दिया है।
- इस पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि एक ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- पं. रामनारायण ने भारतीय शास्त्रीय संगीत में एकल सारंगीवादन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यन्त लोकप्रिय बनाया और भारत के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सारंगीवादक बने।
- वर्ष 2005 में भारत सरकार ने शास्त्रीय संगीत में इनके योगदान को देखते हुए पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.business-standard.com/article/news-ians/sarangi-maestro-ram-narayan-gets-bhimsen-joshi-award-116020301155_1.html

http://ramnarayan.com/awards.htm

http://www.loksatta.com/mumbai-news/pt-ram-narayan-to-get-pt-bhimsen-joshi-lifetime-achievement-award-1198558/

योजना/परियोजना

नीति आयोग में 'अटल नवाचार मिशन' और 'स्व रोजगार तथा मेधा उपयोगिता' (SETU) की स्थापना

प्रश्न-24 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नीति (NITI) आयोग में 'अटल नवाचार मिशन' और 'स्व रोजगार एवं मेधा उपयोगिता' की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गयी। अटल अभिनव मिशन का मुख्यालय कहां स्थित होगा?

(a) नई दिल्ली

(b) मुंबई

(c) अहमदाबाद

(d) हैदराबाद

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नीति आयोग में 'अटल नवाचार मिशन' (AIM) और 'स्व रोजगार एवं मेधा उपयोगिता' (SETU) की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गयी।
- अटल नवाचार मिशन एवं 'अटल नवाचार मिशन निदेशालय' की स्थापना से लक्षित तरीके से मिशन की गतिविधियों के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।
- यह देश में नवाचार एवं उद्यमशीलता का केंद्र बिन्दु होगा।
- यह मिशन एक 'मिशन हाई लेवल कमेटी' (MHLC) द्वारा निर्देशित होगा जिसके द्वारा अपेक्षित दिशा-निर्देशों के अनुमोदन से संबंधित सभी निर्णय लिए जाएंगे।
- मिशन का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा।
- गौरतलब है कि देश में नवाचार तंत्र को बढ़ावा देने और उद्यमशीलता की भावना को उत्प्रेरित करने हेतु केंद्रीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण 2015-16 में नीति आयोग में 'अटल नवाचार मिशन' और 'सेतु' (SETU) की आरंभिक राशि क्रमशः 500 करोड़ रुपये एवं 1000 करोड़ रुपये के साथ स्थापना की घोषणा की थी।
- बजट घोषणा के अनुरूप नीति आयोग ने नवाचार एवं उद्यमशीलता पर प्रो. तरुण खन्ना, निदेशक, दक्षिण एशिया संस्थान, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, सं.रा.अमेरिका की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136754
http://www.pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=38362
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=34084

उत्कर्ष बांग्ला योजना

प्रश्न-पश्चिम बंगाल राज्य द्वारा 'उत्कर्ष बांग्ला योजना' का कब शुभारंभ किया गया?

(a) 16 फरवरी, 2016

(b) 17 फरवरी, 2016

(c) 15 फरवरी, 2016

(d) 14 फरवरी, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2016 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 'उत्कर्ष बांग्ला योजना' का शुभारंभ किया गया।
- इस योजना के माध्यम से हर साल छः लाख लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और तत्पश्चात कैंपस प्लेसमेंट का अवसर दिया जाएगा।
- स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को इस योजना के अंतर्गत 400 से 1200 घंटों का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- योजना के तहत बच्चों को जिन क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा वे हैं-ड्राइविंग, सिलाई, सौंदर्य प्रसाधिका, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत आदि।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/mamata-launches-utkarsh-bangla-scheme-to-help-school-dropouts/other/news/384008.html

http://www.thehindu.com/news/cities/kolkata/with-an-eye-on-polls-mamata-launches-skill-development-scheme/article8246000.ece

http://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/68-lakh-got-jobs-in-last-4-years-mamata-banerjee/articleshow/51010620.cms

http://www.enaindia.in/news/newsdetails/area/state/w-bengal-launches-utkarsh-bangla-scheme-to-help-school-dropouts

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका का विमोचन

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' (PMFBY) के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका का विमोचन किया?

(a) सीहोर, मध्य प्रदेश

(b) पानीपत, हरियाणा

(c) वाराणसी, उत्तर प्रदेश

(d) लुधियाना, पंजाब

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सीहोर में किसानों की एक विशाल रैली में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' (PMFBY) के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका (Guidline) का विमोचन किया।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 जनवरी, 2016 को 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' को मंजूरी दी थी।
- यह योजना 1 अप्रैल, 2016 से लागू हो जाएगी और किसानों को इसका लाभ खरीफ के फसल से मिलना शुरू हो जाएगा।
- **इस योजना के प्रमुख उद्देश्य हैं-**

  (i) प्राकृतिक आपदाओं, कीटों एवं बीमारियों के परिणामस्वरूप फसलों की क्षति की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहयोग एवं बीमा प्रदान करना।

  (ii) किसानों की कृषि निरंतरता सुनिश्चित करने हेतु उनकी आय में स्थायित्व लाना।

  (iii) किसानों को नवप्रवर्तन एवं आधुनिक कृषि विधियों को अपनाने हेतु प्रेरित करना।

  (iv) कृषि क्षेत्र में प्रवाह को सुनिश्चित करना।
- नई फसल बीमा योजना के मुताबिक रबी फसल की बीमा का प्रीमियम 1.5 प्रतिशत, खरीफ फसलों का प्रीमियम 2 प्रतिशत तथा बागवानी व व्यावसायिक फसलों का बीमा प्रीमियम 5 प्रतिशत होगा।
- नई योजना में सरकार द्वारा दिये जाने वाले अधिकतम भुगतान की सीमा (COP) को समाप्त कर दिया गया है।
- इससे बीमा की पूरी प्रीमियम राशि जमा होगी तथा किसानों को पूरी दावा राशि प्राप्त होगी।
- इस योजना के अंतर्गत सभी किसान बीमा योग्य हैं।
- जिन किसानों ने ऋण लिया है उनके लिए अनिवार्य जबकि अन्य हेतु यह स्वैच्छिक है।

- फसलों की बीमा हेतु भारतीय कृषि बीमा कंपनी (AIC) के अतिरिक्त अनेक निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी शामिल किया गया है।
- नई बीमा योजना में खलिहान में पड़े अनाज का भी बीमा किया जाएगा।
- वहीं, वर्तमान की फसल बीमा में सिर्फ खड़ी फसल का बीमा किया जाता है।
- बीमित किसान यदि प्राकृतिक आपदा के कारण बुवाई नहीं कर पाता तो यह जोखिम भी शामिल है, उसे दावा राशि मिल सकेगी।
- ओला, जलभराव और भूस्खलन जैसी आपदाओं को स्थानीय आपदा माना जाएगा।
- अब स्थानीय आपदाओं की स्थिति में नुकसान का आकलन यूनिट आधारित न होकर व्यक्तिगत आधारित होगा।
- इसमें पोस्ट हार्वेस्ट नुकसान को शामिल किया गया है। फसल कटने के 14 दिन तक यदि फसल खेत में है और उस दौरान कोई आपदा आ जाती है तो किसान को दावा राशि प्राप्त हो सकेगी।
- योजना में टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा जिससे कि फसल कटाई/नुकसान का आकलन शीर्घ और सही हो सके।
- नई बीमा योजना में फसल के नुकसान की 25 प्रतिशत राशि का भुगतान तुरंत होगा और 30-40 दिन के भीतर शेष 75 प्रतिशत राशि जारी कर दी जाएगी।
- आगजनी अथवा जानवरों के नुकसान करने पर फसल बीमा नहीं मिलेगा।
- भूमिहीन व लीज पर खेती करने वाले किसानों को इस नई योजना में शामिल किया गया है।
- कृषि मंत्रालय ने अगले 3 वर्षों में देश के 14 करोड़ किसानों में से 50 प्रतिशत को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है।
- पहले वर्ष यानि 2016-17 में 30 प्रतिशत किसानों को नई फसल बीमा योजना में शामिल किया जाएगा।
- इससे सरकार पर लगभग 5700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।
- दूसरे वर्ष यानि 2017-18 में यह दायरा बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगा और अतिरिक्त आर्थिक बोझ 7400 करोड़ रुपये हो जाएगा।
- अंतिम वर्ष यानि 2018-19 में 50 प्रतिशत किसानों को नई फसल बीमा में लाने पर सरकार 8800 करोड़ रुपये वहन करेगी।
- वर्तमान में लगभग 23 प्रतिशत किसान फसल बीमा कराते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136545
http://agricoop.nic.in/imagedefault/whatsnew/sch_eng.pdf
http://www.narendramodi.in/pm-modi-addresses-kisan-kalyan-mela-at-sehore-release-guidelines-for-pmfby-414262
http://timesofindia.indiatimes.com/india/Cheaper-crop-insurance-scheme-gets-Cabinet-nod/articleshow/50566942.cms

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का विस्तार एवं नया नामकरण

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' (NULM) को देश के सभी 4041 संवैधानिक स्थानीय शहरी निकायों तक बढ़ा दिया है। अब 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' का नया नाम होगा-

(a) दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

(b) श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

(c) अटल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

(d) जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2016 को केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' (NULM) को देश के सभी 4041 संवैधानिक स्थानीय शहरी निकायों तक बढ़ा दिया है।
- अब 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' को 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' (DAY-NULM) के नाम से जाना जाएगा।
- गौरतलब है कि 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की शुरूवात वर्ष 2013 में की गई थी।
- इस समय यह योजना सभी जिला मुख्यालयों समेत देश के सिर्फ 791 शहरों में चल रही है।
- इसमें एक लाख से ऊपर की आबादी वाले शहर और कस्बे शामिल हैं।
- अब सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को शेष 3250 संवैधानिक स्थानीय शहरी निकायों में इस मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) को लागू कर सशक्त बनाया जायगा। भले ही उनकी आबादी एक लाख से कम क्यों न हो।
- तमिलनाडु में सबसे अधिक 681 नगर अब इस मिशन के दायरे में होंगे, जबकि इस समय यह मिशन राज्य के सिर्फ 40 शहरों में ही चल रही है।
- इसी तरह उत्तर प्रदेश में 82 के बदले 566, मध्य प्रदेश में 54 के बदले 310, महाराष्ट्र में 53 के बदले 213, कर्नाटक में 34 के बदले 186, गुजरात में 35 के बदले 160, राजस्थान में 40 के बदले 145 तथा छत्तीसगढ़ में 28 के बदले 40 नगर इसके दायरे में आएंगे।

- पूर्वोत्तर राज्यों में 130 नये नगरों को इस मिशन में शामिल किया जाएगा।
- अभी यहां 88 नगर ही इसके दायरे में आते हैं।
- संघ शासित प्रदेशों में पुडुचेरी में एक और नगर उसके दायरे में आएगा।
- अब उत्तर भारत में 1,505 और शहरों के गरीबों को इस मिशन का लाभ मिलेगा।
- इसी तरह दक्षिण में 991, पश्चिम में 375, पूर्व में 249 और पूर्वोत्तर में 130 नए नगर इस मिशन के दायरे में आएंगे।
- पहले से चली आ रही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना में एक और संशोधन किया गया है।
- पूर्व में जिन शहरों में यह योजना शुरू की गई उनके लिए इसके सभी घटकों को लागू करना आवश्यक था।
- अब इस योजना के दायरे में आने वाले नगर इसके घटकों में से किसी एक संयोजन को लागू कर सकते हैं।
- इस मिशन में 'कौशल प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार' के तहत प्रत्येक शहरी गरीब को प्रशिक्षण के लिए 15,000 रुपये की व्यय राशि दी जाती है।
- पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर में इसके लिए प्रत्येक शहरी गरीब को 18,000 रुपये मिलते हैं।
- अब संशोधित मानको के तहत प्रशिक्षण के लिए दी जाने वाली राशि में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136581

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46147

http://bhasha.ptinews.com/news/1384718_bhasha

http://naidunia.jagran.com/national-nulm-renamed-as-daynulm-extended-to-all-urban-local-bodies-672047

http://indiatoday.intoday.in/story/nulm-renamed-as-day-nulm-extended-to-all-urban-local-bodies/1/601316.html

अमेजन द्वारा छोटे और मध्यम व्यापार के लिए 'तत्काल' पहल प्रारंभ

प्रश्न-प्रमुख ई-कामर्स कंपनी अमेजन द्वारा 'अमेजन तत्काल' नामक एक पहल की शुरूआत की गई है यह शुरूआत किस प्रकार के ऑनलाइन व्यापार हेतु की गई है?

(a) कृषि उत्पाद

(b) छोटे एवं मध्यम व्यापार (SMBs)

(c) विशाल उद्योग

(d) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी 2016 को प्रमुख ई-कामर्स कंपनी अमेजन द्वारा छोटे एवं मध्यम व्यापारियों हेतु अमेजन पर ऑनलाइन जाने और उत्पादों को बेचने की पहल 'अमेजन तत्काल' का शुभारंभ नई दिल्ली में किया गया।
- 'अमेजन तत्काल' पूरे देश में उद्यमियों, शिल्पकारों, निर्माताओं और हजारों छोटे व्यापारियों को उनके उत्पादों को मौके पर ही ऑनलाइन बेचने में सहायक होगी।
- इस सेवा की पहल द्वारा अमेजन ने पंजीकरण, सूचीबद्ध सेवाओं के साथ ही बुनियादी विक्रेता प्रशिक्षण तंत्र की शुरूआत एक ही सेवा के माध्यम से की है।
- 'तत्काल' पहल के माध्यम से अमेजन देश के विभिन्न शहरों में स्थानीय व्यापार को ऑनलाइन व्यापार का माध्यम प्रदान करके स्थानीय व्यापार में शामिल होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.amazon.in/b/ref=amb_link_206909927_1?ie=UTF8&node=8520698031&pf_rd_m=A1VBAL9TL5WCBF&pf_rd_s=merchandised-search-3&pf_rd_r=11SJYRZZ0VZD7FVATFY9&pf_rd_t=101&pf_rd_p=820289787&pf_rd_i=1592137031

http://www.thehindu.com/business/Industry/amazon-launches-tatkal-initiative-for-small-and-medium-biz/article8248760.ece

http://www.businesstoday.in/current/corporate/amazon-launches-tatkal-initiative-for-small-and-medium-biz/story/229281.html

http://money.bhaskar.com/news/MON-SME-OPP-amazon-launches-tatkal-initiative-for-small-and-medium-biz-5252164-NOR.html

भारतीय हथकरघा ब्रांड की एकीकृत वेबसाइट का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में कब भारतीय हथकरघा ब्रांड की एकीकृत वेबसाइट का शुभारंभ किया गया?

(a) 13 फरवरी, 2016

(b) 11 फरवरी, 2016

(c) 15 फरवरी, 2016

(d) 16 फरवरी, 2016

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2016 को वस्त्र मंत्रालय द्वारा भारतीय हथकरघा ब्रांड की एकीकृत वेबसाइट (www.indiahandloombrand.gov.in) का शुभारंभ किया गया।
- यह वेबसाइट उपभोक्ताओं, थोक खरीदारों और हथकरघा उत्पादकों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एकल मंच है।
- गौरतलब है कि भारतीय हथकरघा ब्रांड का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पहले राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर 7 अगस्त, 2015 को किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45910

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का विस्तार

प्रश्न-हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' को विस्तारित कर कितने और जिलों में लागू कर दिया?

(a) 62

(b) 61

(c) 64

(d) 50

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2016 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना (BBBP) को विस्तारित कर 61 अतिरिक्त जिलों में (11 राज्य शामिल) में लागू कर दिया।
- अभी तक यह योजना देश के 100 जिलों में लागू थी।
- वे 11 राज्य जहां इस योजना को क्रियान्वित किए जाने वाले 61 जिले स्थित हैं-उत्तर प्रदेश (11 जिले), गुजरात (4 जिले), हरियाणा (8 जिले), हिमाचल प्रदेश (2 जिले), जम्मू और कश्मीर (10 जिले), मध्य प्रदेश (2 जिले), महाराष्ट्र (6 जिले), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (2 जिले), पंजाब (9 जिले), राजस्थान (4 जिले), उत्तराखंड (3 जिले)।
- गौरतलब है कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना' हरियाणा के पानीपत में 22 जनवरी, 2015 को प्रारंभ की गई थी।
- इसका मुख्य उद्देश्य चयनित जिलों में लिंगानुपात में आ रही गिरावट को नियंत्रित कर यहां लड़कियों की संख्यात्मक तथा गुणात्मक स्थिति में सुधार करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45890

बिहार सरकार ने पटना मेट्रो रेल सेवा प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की

प्रश्न-हाल ही में बिहार मंत्रिपरिषद ने कितने करोड़ रुपये की लागत से पटना मेट्रो रेल सेवा के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की?

(a) 19,000 करोड़ रुपये

(b) 15,350 करोड़ रुपये

(c) 16,960 करोड़ रुपये

(d) 13,960 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2016 को बिहार मंत्रिपरिषद ने 16,960 करोड़ रुपये की लागत से पटना मेट्रो रेल सेवा का प्रस्ताव स्वीकृत किया।
- इसके तहत ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में 1A एवं 1B की योजना है।
- 1A के तहत मेट्रो का विस्तार दानापुर से मीठापुर तक वाया बेलीरोड एवं पटना रेलवे स्टेशन तक होगा।
- 1B के तहत मेट्रो का विस्तार दीघा घाट से पटना उच्च न्यायालय/विकास भवन तक होगा।
- ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की कुल लंबाई 16.9 कि.मी. होगी. जिसमें 14 स्टेशन होंगे।
- महानगरीय व्यवस्था में सार्वजनिक आवागमन हेतु पटना मेट्रो रेल सेवा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।
- उल्लेखनीय है कि पटना महानगर मास्टर प्लान, 2031 के अनुसार, पटना लगभग 1150 वर्ग कि.मी. में विस्तारित होगा।
- इसमें दानापुर, खगौल, सैदपुरा, फुलवारीशरीफ, बिहटा, फतुहा शामिल होंगे। मेट्रो परियोजना इनमें सहायक होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/tp-otherstates/bihar-govt-nod-for-metro-project-in-patna/article8215849.ece
http://www.business-standard.com/article/news-ians/bihar-cabinet-nod-for-patna-metro-rail-project-116020901013_1.html
http://csd.bih.nic.in/Upload/Decisions/cab09012016.pdf
http://210.212.23.61/AdminPanel/Files/PressRelease/136.pdf

केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 24 × 7 टोल फ्री पर्यटक इन्फोलाइन का शुभारंभ किया

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने कितनी अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 24 × 7 टोल फ्री पर्यटक इन्फोलाइन का शुभारंभ किया?

(a) 14

(b) 10

(c) 12

(d) 15

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2016 को केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार) और नागर विमानन राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने 12 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 24×7 टोल फ्री पर्यटक इन्फोलाइन का शुभारंभ किया।
- इन भाषाओं में हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 10 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं-अरबी, फ्रेंच, जर्मन, इटेलियन, जापानी, कोरियाई, चीनी, पुर्तगाली, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं।
- यह परियोजना मैसर्स टाटा बीएसएस के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लागू की गई है।
- इस इंफोलाइन सेवा से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों/दर्शकों को देश में यात्रा/पर्यटन से संबंधित सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।
- इसके अलावा देश में यात्रा करते समय किसी संकट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के बारे में कॉल करने वाले को सहायता प्रदान की जाएगी।
- यह सेवा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी।
- यह सुविधा मौजूदा टोल फ्री नंबर 1800111363 या एक शार्ट कोड 1363 पर उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45801

प्रोजेक्ट सनराइज

प्रश्न-06 फरवरी, 2016 को पूर्वोत्तर में एचआईवी के नियंत्रण के लिए किस परियोजना का शुभारंभ किया गया?

(a) प्रोजेक्ट सनराइज

(b) प्रोजेक्ट मूनलाइट

(c) एचआईवी कन्ट्रोल प्रोजेक्ट

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 06 फरवरी, 2016 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा द्वारा पूर्वोत्तर में एचआईवी के नियंत्रण के लिए 'प्रोजेक्ट सनराइज' का शुभारंभ किया गया।
- यह परियोजना 2015-2020 के दौरान 5 वर्षों तक क्रियान्वित की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको), सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, एफएचआई 360 और कई गैर-सरकारी संगठन प्रोजेक्ट सनराइज में सहयोग करेंगे।
- यह परियोजना नाको, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा वर्तमान में जारी प्रयासों की पूरक होगी।
- प्रोजेक्ट सनराइज को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता 'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल' (CDC) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इसका क्रियान्वयन 'फेमिली हेल्थ इंटरनेशनल 360' (FIH 360) द्वारा किया जाएगा।
- नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार मणिपुर, मिजोरम एवं नागालैंड जैसे राज्यों में वयस्क (15-49 वर्ष) के बीच एचआईवी प्रसार देश में सर्वाधिक है।
- वर्ष 2015 के अनुमान के अनुसार मणिपुर में वयस्क एचआईवी प्रसार (1.15%) सर्वाधिक है जो राष्ट्रीय औसत (0.26%) से अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/airnewsalerts/status/695932002076221440

http://meghalayatimes.info/index.php/front-page/33205-project-sunrise-launched-to-control-hiv-in-north-east

http://www.assamtribune.com/scripts/detailsnew.asp?id=feb0616/oth053

ई-संचयिका वेब पोर्टल

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य ने महिलाओं-बच्चों से जुड़ी सेवाओं पर पहले वेब पोर्टल ई-संचयिका का लोकार्पण किया?

(a) मध्य प्रदेश

(b) राजस्थान

(c) ओडिशा

(d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को मध्य प्रदेश राज्य में महिलाओं-बच्चों से जुड़ी सेवाओं पर प्रदेश के पहले वेब पोर्टल 'ई-संचयिका' का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकार्पण किया।
- इसे महिला-बाल विकास विभाग द्वारा बनाया गया है।
- ई-संचयिका वेब पोर्टल के 5 भाग ई-लाइब्रेरी, ई-लर्निंग, ई-चर्चा, मीडिया अपडेट एवं आगामी कार्यक्रम है।
- इसमें पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर अन्य विभाग की एवं अशासकीय संस्थाओं की आईईसी सामग्री को उपलब्ध करवाया जाएगा।
- इसका उपयोग आमजन के अलावा लक्षित हितग्राही जन-प्रतिनिधि, विषय-विशेषज्ञ, नीति निर्माता शोधार्थी, अशासकीय संस्था के साथ ही अन्य विभाग भी कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20160201N20&LocID=1&PDt=2/1/2016

http://esanchayika.in/new/aboutus.aspx

राष्ट्रीय आजीविका पोर्टल

प्रश्न-हाल ही में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने कब दिव्यांगों के लिए एक विशेष राष्ट्रीय आजीविका पोर्टल की शुरूवात की?

(a) 28 जनवरी 2016

(b) 1 फरवरी, 2016

(c) 27 जनवरी, 2016

(d) 31 जनवरी, 2016



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2016 को सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने दिव्यांगों के लिए एक विशेष 'राष्ट्रीय आजीविका पोर्टल' की शुरूवात की।
- इस पोर्टल के जरिए दिव्यांग स्व-रोजगार ऋण, शिक्षा ऋण, कौशल परिक्षण, छात्रवृत्ति और रोजगार के बारे में सूचना संबंधी विभिन्न सुविधाओं को एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं।
- यह पोर्टल सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के आधीन 'राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम' (NHFDC) द्वारा किया जाएगा।
- दिव्यांगों के कौशल प्रशिक्षण को केंद्र सरकार उच्च प्राथमिकता दे रही है और उसने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अगले 3 वर्षों में 5 लाख दिव्यांगों को कुशल बनाया जाएगा।
- कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त 'प्रशिक्षण साझीदारों' के नेटवर्क के जरिए चलाया जाएगा।
- इस उद्देश्य के लिए सरकार ने एक समय आधारित कार्य योजना तैयार की है, जिसके तहत प्रशिक्षण के बाद दिव्यांगों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45573
http://www.disabilityjobs.gov.in/

स्मार्ट सिटी परियोजना के पहले 20 शहरों की घोषणा

प्रश्न-28 जनवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्री वेंकैया नायडू ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित किये जाने वाले पहले 20 शहरों की घोषणा की। इसके तहत किस राज्य के सबसे अधिक शहर शामिल हैं?

(a) गुजरात

(b) महाराष्ट्र

(c) मध्य प्रदेश

(d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2016 को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित किये जाने वाले पहले 20 शहरों की घोषणा की।
- इसके तहत मध्य प्रदेश के सर्वाधिक 3 शहरों (जबलपुर, इंदौर और भोपाल) को शामिल किया गया है।
- 11 राज्यों एवं केंद्रशासित राज्य नई दिल्ली के इन शहरों का चयन क्षमता, विकास और योजना के आधार पर किया गया है।
- स्मार्ट सिटी के लिए जिन 20 शहरों के नाम की घोषणा की गई उनमें भुवनेश्वर (ओडिशा) पुणे (महाराष्ट्र), जयपुर (राजस्थान), सूरत (गुजरात), कोच्चि (केरल), अहमदाबाद (गुजरात), जबलपुर (मध्य प्रदेश), विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश), शोलापुर (महाराष्ट्र), दवाणगेरे (कर्नाटक), इंदौर (मध्य प्रदेश), नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (NDMC) (नई दिल्ली), कोयंबटूर (तमिलनाडु), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), बेलागानी (कर्नाटक), उदयपुर (राजस्थान), गुवाहाटी (असम), चेन्नई (तमिलनाडु), लुधियाना (पंजाब), भोपाल (मध्य प्रदेश) शामिल हैं।
- केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी परियोजना के पहले चरण के लिए 50,802 करोड़ रुपये के फंड का आवंटन कर दिया है।
- इस परियोजना के अगले चरण में सरकार 40 स्मार्ट शहरों को विकसित करने का ऐलान करेगी।
- इन शहरों के विकास में साफ-सफाई और बिजली पानी के साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, आई टी कनेक्टिविटी, ई-गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी का भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135889
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45579
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45590
http://zeenews.india.com/hindi/india/venkaiah-naidu-announces-20-cities-name-for-smart-city-project/282112
http://navbharattimes.indiatimes.com/business/business-news/in-the-list-of-20-smart-cities-up-bihar-and-bengal-no-cities/articleshow/50760814.cms

ऑपरेशन/अभियान

आईएनएस विक्रमादित्य की मालदीव यात्रा

प्रश्न-15 से 18 फरवरी, 2016 को भारत के किस विमान वाहक पोत ने मालदीव की यात्रा की?

(a) आईएनएस विक्रमादित्य

(b) आईएनएस विराट

(c) आईएनएस कोलकाता

(d) आईएनएस विशाखापत्तनम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- भारत के विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य ने 15-18 फरवरी, 2016 को मालदीव की गुडविल यात्रा की।
- यह अपने दो सहयोगी पोतों आईएनएस मैसूर और आईएनएस दीपक के साथ मालदीव की राजधानी माले में 15 फरवरी, 2016 को पहुंचा।
- यह पोत मिग 29K चेतक हेलीकाप्टरों के एम 31 एईवी हेलीकॉप्टर के विशाल बेड़े से सुसज्जित है।
- इससे पूर्व आईएनएस विक्रमादित्य ने अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा सम्मेलन 2016 में कोलंबो की यात्रा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://indiannavy.nic.in/content/indian-warships-visit-male-maldives
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136396
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45978
http://www.ndtv.com/india-news/ins-vikramaditya-2-other-ships-on-4-day-visit-to-maldives-1277384

भारत-म्यांमार समन्वित गश्त (IMCOR)-2016

प्रश्न-हाल ही में भारत-म्यांमार समन्वित गश्त (IMCOR) का चौथा संस्करण कहां संपन्न हुआ?

(a)अंडमान सागर में

(b)बंगाल की खाड़ी में

(c)अरब सागर में

(d)हिंद महासागर में

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- **13** से **16** फरवरी, **2016** तक 'भारत-म्यांमार समन्वित गश्त' **(IMCOR)** का चौथा संस्करण अंडमान सागर में अंतर्राष्ट्रीय सामुद्रिक सीमा रेखा **(IMOL)** के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।
- ज्ञातव्य है कि भारत और म्यांमार के बीच जारी रक्षा संबंधों के तहत दोनों देशों की नौसेनाएं वर्ष **2013** से सामुद्रिक सीमा के साथ समन्वित गश्त लगाती आ रही हैं।
- इस समन्वित गश्त में भारतीय नौसेना के पोत सरयू और बितरा ने म्यांमार की नौसेना के पोत आंग जेया और एफएसी **563** के साथ भाग लिया।
- चौथे आईएमसी**ओ**आर के समापन समारोह के दौरान भारत और म्यांमार के बीच आईएमसी**ओ**आर के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया **(SOP)** पर भी हस्ताक्षर किए गए।
- उल्लेखनीय है कि म्यांमार वह तीसरा देश है जिसके साथ भारत ने सामुद्रिक समन्वित गश्त के लिए औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यह दोनों देशों के बीच बढ़ते नौसैनिक संपर्कों में भी परिलक्षित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46081

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136531

भारत-चीन के मध्य प्रथम संयुक्त सामरिक अभ्यास

प्रश्न-भारत-चीन के मध्य प्रथम संयुक्त सामरिक अभ्यास 'भारत-चीन सहयोग 2016' का आयोजन कब किया गया?

(a) 06 फरवरी, 2016

(b) 07 फरवरी, 2016

(c) 08 फरवरी, 2016

(d) 09 फरवरी, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 06 फरवरी, 2016 को लद्दाख में भारत-चीन के मध्य प्रथम संयुक्त सामरिक अभ्यास 'भारत-चीन सहयोग 2016' (SINO-INDIA COOPERATION 2016) का आयोजन किया गया।
- यह अभ्यास भारत-चीन की उत्तरी सीमा पर 'चुशूल-मोल्दो' (Chushul Moldo) क्षेत्र में किया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह अभ्यास वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों के मध्य अधिकाधिक संपर्क सुनिश्चित करने और सीमा पर शांति एवं सौहार्द सुनिश्चित करने हेतु भारत एवं चीन द्वारा प्रारंभ की गई पहल का हिस्सा।
- यह अभ्यास मानवीय सहायता और आपदा राहत के पहलुओं से संयुक्त रूप से निपटने हेतु समन्वित कार्रवाई करने पर केंद्रित था।
- 30 सदस्यीय भारतीय सेना के दल का नेतृत्व कर्नल रितेश चंद्र ने किया।
- कर्नल क्यू यी (Qu yi) ने 30 सदस्यीय चीनी सेना के दल का नेतृत्व किया।
- गौरतलब है कि यह अभ्यास भारत-चीन संयुक्त अभ्यास 'हाथ में हाथ' (Hand-in-Hand) शृंखला का पूरक अभ्यास है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://idrw.org/india-china-hold-first-joint-drills-in-ladakh/
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/indian-and-chinese-troops-hold-first-joint-tactical-exercise-in-ladakh/

संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण'-2016

प्रश्न-8 से 21 फरवरी, 2016 के मध्य 9 वां भारत-नेपाल संयुक्त बटालियन स्तरीय संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) ग्वालियर

(b) जोधपुर

(c) जैसलमेर

(d) पिथौरागढ़

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 से 21 फरवरी, 2016 के मध्य 9वां भारत-नेपाल संयुक्त बटालियन स्तरीय संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' का आयोजन केंद्रीय कमान के पंचशूल ब्रिगेड के तत्वावधान में पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में किया जाएगा।
- इस संयुक्त सैन्याभ्यास के दौरान भारतीय सेना और नेपाल की सेना की इन्फैन्ट्री बटालियन एक साथ प्रशिक्षण लेंगी।
- 'सूर्य किरण' सैन्याभ्यास नेपाल और भारत में बारी-बारी से दो वर्षों में एक बार होता है।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच पर्वतीय क्षेत्र में 'जंगल वॉरफेयर' तथा 'आतंकवादी रोधी' कार्रवाई के संबंध में अपनी क्षमता बढ़ाना है।
- गौरतलब है कि 8 वां संयुक्त सैन्याभ्यास 23 फरवरी, 2015 से 8 मार्च, 2015 के मध्य नेपाल में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136130

अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा-2016

प्रश्न-4 फरवरी, 2016 को 'अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' (IFR)-2016 किस स्थान पर शुरू हुई?

(a) मुंबई

(b) कोलकाता

(c) विशाखापत्तनम

(d) केरल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को 'अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा' (IFR)-2016 आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में शुरू हुआ।
- इसका आयोजन 9 फरवरी, 2016 तक किया जाएगा।
- इसमें दुनिया भर की 50 देशों की नौसेनाएं भाग ले रही हैं।
- यह दूसरा अवसर है जब नौसेनाओं के इस प्रतिष्ठित आयोजन को भारत में आयोजित किया जा रहा है।
- इसके अलावा देश के पूर्वी तट पर यह ऐसा पहला अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है।
- इससे पहले यह आयोजन भारत में वर्ष 2001 में मुंबई में आयोजित किया गया था। इसमें 29 देशों ने भाग लिया था।
- इस आयोजन का ध्येय वाक्य है-'महासागरों द्वारा एकता' (United Through Oceans)।
- इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न देशों की नौसेनाओं को इस आयोजन में शामिल कर नौसेना संचालन के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा विश्वास को बढ़ावा देना है।
- इसमें भारतीय नौसेना के 90 जहाज और पोत हिस्सा ले रहे हैं।
- इस आयोजन में चीन, रूस, अमेरिका, जापान, वियतनाम, इस्राइल, फ्रांस, ब्रिटेन, और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं भाग ले रही है।
- 6 फरवरी, 2016 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 'अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा-2016' का अवलोकन किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रपति सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक बार 'राष्ट्रपति की बेड़ा समीक्षा' के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना बेड़ा की समीक्षा करते हैं।
- 6 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा- 2016" का अवलोकन किया।
- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और कंगना राणावत ने भी आईएफआर के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ifr16.indiannavy.gov.in/index.htm
https://ifr16.indiannavy.gov.in/event-schedule.htm
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136182
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136151
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136169

आयोग/समिति

न्यायमूर्ति आर.एम.लोढ़ा समिति

प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने किसकी अध्यक्षता में पीएसीएल लिमिटेड (PACL Limited) में निवेशकों द्वारा भूमि खरीदने के लिए किए गए करोड़ों रुपये के निवेश की रकम निवेशकों को वापस दिलाने के उद्देश्य से एक समिति का गठन किया?

(a) न्यायमूर्ति एम.बी.शाह

(b) न्यायमूर्ति संजय मिश्रा

(c) न्यायमूर्ति आर.एम.लोढ़ा

(d) न्यायमूर्ति विरेंद्र सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने पीएसीएल लिमिटेड में निवेशकों द्वारा भूमि खरीदने के लिए किए गए करोड़ों रुपये के निवेश की रकम निवेशकों को वापस दिलाने के उद्देश्य से न्यायमूर्ति आर.एम.लोढ़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।
- उल्लेखनीय है कि 2 फरवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने आर.एम.लोढ़ा की अध्यक्षता में उपर्युक्त मामले की जांच हेतु एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था।
- सेबी के पूर्णकालिक सदस्य एस.रमण तथा सेबी के महाप्रबंधक और उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक अमित प्रधान इस समिति के अन्य दो सदस्य होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.sebi.gov.in/cms/sebi_data/pdffiles/33052_t.pdf

http://www.sebi.gov.in/sebiweb/home/detail/33052/new/PR-Constitution-of-Committee-In-the-matter-of-PACL-Ltd-Vs-SEBI-and-other-connected-matters-

http://www.financialexpress.com/article/economy/supreme-court-panel-to-sell-pearl-assets-to-refund-investors/206275/

http://www.thehindubusinessline.com/markets/sebi-constitutes-justice-lodha-panel-for-refunding-pacl-investors/article8248938.ece

दूरसंचार आयोग के एक अंशकालिक सदस्य के रूप में नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नामांकन को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में कैबिनेट ने दूरसंचार आयोग के एक अंशकालिक सदस्य के रूप में नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नामांकन को मंजूरी दी। दूरसंचार आयोग की स्थापना कब की गई थी?

(a) 11 अप्रैल, 1989

(b) 1 जुलाई, 1990

(c) 12 अप्रैल, 1995

(d) 12 जुलाई, 1989

Cabinet approves nomination of Chief Executive Officer, NITI Aayog as a part-time Member of the Telecom Commission

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार आयोग के एक अंशकालिक सदस्य के रूप में नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के नामांकन को मंजूरी प्रदान की।
- नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दूरसंचार आयोग की बैठक में शामिल होकर विचार-विमर्श प्रदान करेंगे, क्योंकि नीति आयोग का सरकार के एक थिंक टैंक के रूप में सेवा करना अनिवार्य हो गया है।
- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने दूरसंचार आयोग की स्थापना 11 अप्रैल, 1989 को की थी।
- जिसे भारत सरकार द्वारा दूरसंचार के सभी पहलुओं में तेजी से विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां दी गई थी।
- गौरतलब है कि योजना आयोग को नया रूप देने से पूर्व, दूरसंचार आयोग में एक अध्यक्ष (दूरसंचार विभाग में भारत सरकार के सचिव) के साथ चार पूर्णकालिक सदस्य (सदस्य (वित्त), सदस्य (प्रोडक्शन), सदस्य (सेवाएं और सदस्य (प्रौद्योगिकी) और चार अल्पकालीन सदस्य सचिव (इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), सचिव (आर्थिक मामलों के विभाग), सचिव (योजना आयोग) एवं सचिव (औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग) शामिल होते थे।
- योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन होने से दूरसंचार आयोग में केवल 3 अंशकालिक सदस्य ही रह गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46058

शोधार्थी रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में न्यायिक आयोग का गठन

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शोधार्थी रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले की जांच के लिए किसकी अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया?

(a) न्यायमूर्ति मुकुल मुदगल

(b) न्यायमूर्ति अशोक के.रूपनवाल

(c) न्यायमूर्ति संजय मिश्र

(d) न्यायमूर्ति विरेंद्र सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2016 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शोधार्थी रोहित वेमुला (Rohit Vemula) की आत्महत्या के मामले की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक के. रूपनवाल को एक सदस्यीय जांच आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 22 जनवरी, 2016 को इस मामले की जांच हेतु एक न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी।
- इस न्यायिक आयोग को हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित शोधार्थी रोहित वेमुला की आत्महत्या तथा विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में छात्रों के शोषण को रोकने के लिए वर्ष 2012 में तैयार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों (UGC Guidelines) की उपयोगिता की भी जांच करेगा।
- यह न्यायिक आयोग 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा।
- गौरतलब है कि 17 जनवरी, 2016 को राहित ने आत्महत्या कर ली थी जब विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने उन्हें तथा उनके कुछ साथियों को अनुशासनात्मक कार्यवाही के चलते विश्वविद्यालय के हास्टल से निकाल दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45477
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135710
http://indiatoday.intoday.in/story/hyderabadsuicide-retired-high-court-judge-to-probe-rohith-vemulas-death/1/581919.html
http://www.business-standard.com/article/news-ians/justice-roopanwal-to-head-panel-probing-rohit-vemula-suicide-116012801513_1.html

सम्मेलन/समारोह

बाघ संरक्षण पर तीसरा एशिया मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

प्रश्न-12-14 अप्रैल, 2016 को बाघ संरक्षण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) नई दिल्ली

(b) इस्लामाबाद

(c) कोलंबो

(d) थिम्पू

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2016 को पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रकाश जावड़ेकर की अध्यक्षता में बाघ संरक्षण पर तीसरा एशिया मंत्रिस्तरीय सम्मेलन हेतु प्रस्तावना के रूप में एक बैठक आयोजित हुई।
- इस बैठक में बाघ क्षेत्र वाले चार देशों-भूटान, इंडोनेशिया, मलेशिया एवं रूस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- उल्लेखनीय है कि 12-14 अप्रैल, 2016 को नई दिल्ली में बाघ संरक्षण पर तीसरा एशिया मंत्रिस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
- 12 अप्रैल, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सम्मेलन का उद्घाटन किया जाएगा।
- इस सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF) द्वारा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA), भारत सरकार के साथ मिलकर किया जाएगा।
- गौरतलब है कि केवल 13 देशों में बाघ पाए जाते हैं।
- ज्ञातव्य है कि बाघ गणना 2014 के अनुसार भारत में कुल 2226 बाघ हैं जबकि 2010 और 2006 में इनकी संख्या क्रमशः 1706 तथा 1411 थी।
- कर्नाटक राज्य में बाघों की जनसंख्या सर्वाधिक (406) है जबकि उत्तराखंड (340) दूसरे स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136665

http://www.tiger3amc.com/about.html

http://projecttiger.nic.in/WriteReadData/LetestNews/Document/Tiger%20Status%20booklet_XPS170115212.pdf

जल मंथन-2

प्रश्न-हाल ही में 'जल मंथन-2' का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) चंडीगढ़

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22-23 फरवरी, 2016 तक 'जल मंथन-2' का आयोजन नई दिल्ली में हूआ।
- केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री उमा भारती ने 'जल मंथन-2' का उद्घाटन किया।
- इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य विषय (Theme)- 'स्थायी जल प्रबंधन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण' (Integrated Approach for sustainable Water Management) था।
- इस कार्यक्रम के दौरान सतत विकास के लिए रिवर (नदी) बेसिन दृष्टिकोण, भू-जल, जल सुरक्षा जल आवंटन के सिद्धांतों, जल प्रशासन में नवाचार, जल प्रबंधन, केंद्रों एवं राज्यों के समन्वय, जल संरक्षण और जल पर एक राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई।
- गौरतलब है कि पहली बार 'जल मंथन' नवंबर, 2014 में आयोजित किया गया था।
- इस आयोजन के समापन अवसर पर सुश्री उमा भारती ने घोषणा की कि जल मंथन सम्मेलन का आयोजन अब प्रतिवर्ष किया जायेगा तथा वे मुद्दे जो जल मंथन-2 में सम्मिलित नहीं हो पाये, उन्हें अप्रैल में होने वाले जल सप्ताह में सम्मिलित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://wrmin.nic.in/forms/list.aspx?lid=1228

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136572

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46143

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46202

http://www.outlookhindi.com/country/india/jal-manthan-will-become-an-annual-feature-6690

प्रथम उत्तर प्रदेश पर्यटन दिवस समारोह-2016

प्रश्न-हाल ही में प्रथम उत्तर प्रदेश पर्यटन दिवस समारोह-2016 का आयोजन कहां किया गया?

(a) आगरा

(b) सैफई

(c) लखनऊ

(d) वाराणसी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2016 को 'प्रथम उत्तर प्रदेश पर्यटन दिवस समारोह' का आयोजन लखनऊ में किया गया।
- मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पर्यटन दिवस समारोह का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन नीति-2016, हेरिटेज आर्क तथा टूरिज्म कैलेंडर का विमोचन किया।
- उल्लेखनीय है कि सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 14 Òरवरी को 'पर्यटन दिवस' आयोजित करने का फैसला लिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=2618
http://ibn7.in/state/uttar-pradesh/lucknow/item/100575-news
http://www.jansandesh.com/archives/14745
http://www.univarta.com/news/states/story/381114.html

24वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक कांग्रेस 'होमियो-विजन 2016'

प्रश्न-हाल ही में 24 वें राष्ट्रीय होमियोपैथिक कांग्रेस 'होमियो-विजन 2016' का आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर

(b) नागपुर

(c) अहमदाबाद

(d) लखनऊ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-14 फरवरी, 2016 के मध्य 24वें राष्ट्रीय होमियोपैथिक कांग्रेस 'होमियो-विजन 2016' का आयोजन नागपुर में किया गया।
- 13 फरवरी, 2016 को केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीपद यसो नाइक ने 24वें राष्ट्रीय होमियोपैथिक कांग्रेस 'होमियो-विजन' का उद्घाटन किया।
- इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय होमियोपैथी चिकित्सक संस्थान (IIHP), महाराष्ट्र राज्य शाखा, नागपुर द्वारा होमियोपैथी प्रौद्योगिकी अन्वेषक अनुसंधान तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में हाल के उन्नयनों पर चर्चा करने के लिए किया गया था।
- इस राष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया भर के 500 से अधिक होमियोपैथ चिकित्सकों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45966

राष्ट्रीय आरोग्य मेला-2016

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय आरोग्य मेला-2016 का आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर

(b) देहरादून

(c) ऋषिकेश

(d) हरिद्वार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5-8 फरवरी, 2016 तक राष्ट्रीय आरोग्य मेला-2016 (National Arogya Fair-2016) का आयोजन देहरादून (उत्तराखंड) में किया गया।
- इस मेले का आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से किया गया था।
- मेले का उद्घाटन आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीपद एस्सो नाइक द्वारा किया गया था।
- इस मेले का उद्देश्य चिकित्सा की आयुष प्रणालियों की ताकतों, प्रभावोत्पादकता एवं उनके किफायतीपन को प्रदर्शित करना एवं उन्हें बढ़ावा देना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45869
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136274
http://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-13537067.html

वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव-2016

प्रश्न-हाल ही में तीसरे वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव-2016 (3rd Global Ayurveda Festival-2016) का आयोजन कहां किया गया?

(a) कोच्चि

(b) त्रिवेंद्रम

(c) कोझिकोड

(d) बंगलुरू

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2016 से 4 फरवरी, 2016 के मध्य 'तीसरे वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव-2016' (3rd Global Ayurveda Festival-2016) का आयोजन कोझिकोड, केरल में संपन्न हुआ।
- दो वर्ष में एक बार होने वाले इस महोत्सव को आयुर्वेद के क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है।
- इस महोत्सव का आयोजन केरल सरकार, आयुष विभाग के साथ मिलकर 'सेंटर फॉर इनोवेशन इन साइंस एंड सोशल एक्सन' (CISSA) द्वारा किया गया।
- इस 5 दिवसीय महोत्सव में 5000 प्रतिनिधियों तथा 50 देशों ने प्रतिभाग लिया।
- 2 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वैश्विक आयुर्वेद महोत्सव' में भाग लिया।
- यहां उन्होंने 'विजय कान्क्लेव' का उद्घाटन करते हुए इस महोत्सव को संबोधित किया।
- उन्होंने कहा कि आयुर्वेद से बहुत सारे स्वास्थ्यगत समस्याओं का समाधान संभव है।
- इसके अलावा केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद यशो नाइक और केरल के मुख्यमंत्री ओमन चांडी ने महोत्सव को संबोधित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.gaf.co.in/
http://www.narendramodi.in/hi/pm-modi-at-third-global-ayurvedic-conference-in-kozhikode-kerala-412078
http://www.gaf.co.in/index.php/gaf

भारत निवेश सम्मेलन-2016

प्रश्न-04-05 फरवरी, 2016 के मध्य 'भारत निवेश सम्मेलन, 2016' का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली

(b) मुंबई

(c) चेन्नई

(d) अहमदाबाद

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 04-05 फरवरी, 2016 के मध्य वित्त मंत्रालय द्वारा बुनियादी क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने हेतु 'भारत निवेश सम्मेलन, 2016' का नई दिल्ली में आयोजन किया गया।
- बुनियादी संरचना से संबंधित केंद्रीय मंत्रालय/विभागों के अतिरिक्त कई राज्य सरकारों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया।
- सम्मेलन के दौरान राज्य स्तरीय परियोजनाओं समेत सड़क यातायात, राजमार्ग, बंदरगाह, शहरी-बुनियादी ढांचा, रेल, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश में विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 'भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड' (सेबी) के नियमों के तहत 'राष्ट्रीय निवेश एवं संरचना निधि' (NIIF) का गठन किया गया है।
- एनआईआईएफ का वित्तपोषण सरकार द्वारा किया जाता है और साथ ही विदेशी एवं घरेलू रणनीतिक साझेदार भी इसमें सम्मिलित हैं।
- एनआईआईएफ में सरकार की हिस्सेदारी 49% है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135843
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136004
http://www.nicct.nl/events/179008/

द्वितीय आतंकवाद निरोधक सम्मेलन, 2016

प्रश्न-हाल ही में द्वितीय आतंकवाद निरोधक सम्मेलन, 2016 का आयोजन कहां किया गया?

(a) लखनऊ

(b) गांधीनगर

(c) जयपुर

(d) रांची

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2-3 फरवरी, 2016 के मध्य द्वितीय आतंकवाद निरोधक सम्मेलन (Second Counter Terrorism Conference) का आयोजन जयपुर में किया गया।
- यह सम्मेलन राजस्थान सरकार के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'वैश्विक आतंकी संगठनों से निपटना' (Tackling Global Terror Outfits) था।
- 2 फरवरी, 2016 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने आतंकवाद निरोधक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इस सम्मेलन को संबोधित किया।
- इसके साथ अफगानिस्तान सरकार के मुख्य कार्यकारी (Chief Executive) डॉ. अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने भी इस सम्मेलन को संबोधित किया।
- इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह, राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और रेलमंत्री सुरेश प्रभु शामिल थे।
- 3 फरवरी, 2016 को केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह तथा मलेशिया के उप-प्रधानमंत्री डॉ. अहमद जाहिद बिन हमीदी ने इस सम्मेलन को संबोधित किया।
- इस सम्मेलन में सोशल मीडिया एवं आतंकवाद, साइबर स्पेस, अवैध वीजा, अवैध हथियार व्यापार, नशीले पदार्थों की तस्करी, नकली मुद्रा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136023

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136070

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136043

http://www.mofa.gov.bd/media/special-lecture-hon%E2%80%99ble-state-minister-counter-terrorism-conference-2016-conference-theme

अखिल भारतीय क्षेत्रीय संपादक सम्मेलन

प्रश्न- हाल ही में अखिल भारतीय क्षेत्रीय संपादक सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a) अहमदाबाद

(b) जयपुर

(c) नई दिल्ली

(d) कोच्चि

उत्तर (b)

संबंधित तथ्य

- 1-2 फरवरी, 2016 के मध्य अखिल भारतीय क्षेत्रीय संपादक सम्मेलन (All India Regional Editors Conference) का आयोजन जयपुर, राजस्थान में किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी ने किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (PIB) द्वारा किया गया।
- सम्मेलन में देश भर के विभिन्न समाचार पत्रों के 100 से ज्यादा संपादकों ने भाग लिया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय स्तर के मंत्री और समाचार पत्रों के संपादकों ने सामाजिक एवं आधारभूत संरचना क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।
- इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा पेयजल एवं स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक मामलों, पर्यटन, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता, गृह एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास, सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्रालयों के प्रभारी मंत्रियों ने भाग लिया

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136020
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135949
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135991

संधि/समझौता

भारत और आर्मेनिया के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत और आर्मेनिया ने किन क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता पर हस्ताक्षर किए?

(a) अंतरिक्ष के क्षेत्र में

(b) कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए

(c) सैन्य सहयोग के क्षेत्र में

(d) जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2016 को भारत के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह और आर्मेनिया के कृषि मंत्री सर्गोकरापेत्यान ने कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता ज्ञापन में पादप प्रजनन, कृषि फसल बीज प्रजनन और पादप संरक्षण, भैंस प्रजनन और कुक्कुट पालन, शुष्क भूमि में कृषि संगठन पर अनुभवों का आदान-प्रदान तथा दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण आदि विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।
- इस समझौता ज्ञापन में संयुक्त कार्य समूह और कार्य योजना तैयार करने का प्रावधान है और यह प्रारंभ में 5 वर्षों के लिए वैध होगा तथा इसे 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136575

आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच समझौता

प्रश्न-हाल ही में मंत्रिमंडल ने आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच किस क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों के लिए समझौते को मंजूरी दी?

(a) योग के क्षेत्र में

(b) एलोपैथी के क्षेत्र में

(c) पारंपरिक औषधि के क्षेत्र में

(d) चिकित्सा उपकरण के विकास के क्षेत्र में

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.), जिनेवा के बीच पारंपरिक औषधि के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों के लिए होने वाले समझौते को मंजूरी प्रदान की।
- इससे विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ लंबी अवधि के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता बढ़ाने और आयुष प्रणाली को ब्रांड बनाने में मदद मिलेगी।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन पारंपरिक औषधि नीति 2014 से 2023 के कार्यान्वयन में सहक्रियता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से आयुष प्रणाली के संदर्भ में तीसरी पार्टियों के साथ सहयोग किया जाएगा।
- इस समझौते के तहत लंबी अवधि के सहयोग के पहले कदम में भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन को निम्नलिखित तकनीकी आलेख/प्रकाशन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपेगा, जिससे भारतीय प्रणाली को बेहतर अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता दिलाने में मदद मिलेगी-

  (1) योग में प्रशिक्षण के लिए मानदंड

  (2) आयुर्वेद चिकित्सा के लिए मानदंड

  (3) यूनानी औषधि के लिए मानदंड

  (4) पंचकर्म चिकित्सा के लिए मानदंड

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46051

भारत और सिंगापुर के मध्य एमओयू

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और सिंगापुर के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र (MoU) को स्वीकृति प्रदान की?

(a) चिकित्सा के क्षेत्र में

(b) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में

(c) शहरी नियोजन एवं गवर्नेंस के क्षेत्र में

(d) अंतरिक्ष के क्षेत्र में

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी नियोजन एवं गवर्नेंस के क्षेत्र में सहयोग के लिए सिंगापुर सरकार की एजेंसी सिंगापुर सहयोग उद्यम (SCE) के साथ भारत द्वारा हस्ताक्षरित सहमति पत्र (MoU) को मंजूरी प्रदान की।
- इस सहमति पत्र पर 24 नवंबर, 2015 को हस्ताक्षर किए गए थे।
- उपर्युक्त सहमति पत्र से दोनों देशों को शहरी विकास, गवर्नेंस और क्षमता सृजन के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा करने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46049

भारत और स्वीडन के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में किस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर भारत और स्वीडन के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए?

(a) कृषि क्षेत्र में (b) रेल क्षेत्र में

(c) मौसम विज्ञान क्षेत्र में (d) अतंरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2016 को रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर भारत और स्वीडन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के मध्य रेल क्षेत्र में दक्षता और स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के संबंध में ठोस परिणाम प्राप्त करने में सहयोग गतिविधियां विकसित करना है।
- यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाने की तारीख से 5 वर्ष के लिए लागू रहेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136437

रेल मंत्रालय एवं तेलंगाना सरकार के बीच समझौता

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय एवं तेलंगाना सरकार के बीच किस हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए?

(a) तेलंगाना राज्य में रेल नीर प्लांट के लिए

(b) तेलंगाना राज्य में रेल ढांचे के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनियों के निर्माण के लिए

(c) रेल पहिया कारखाने के लिए

(d) रेल इंजन कारखाने के लिए

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2016 को रेल मंत्रालय एवं तेलंगाना सरकार के बीच तेलंगाना राज्य में रेल ढांचे के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनियों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस एमओयू पर रेल मंत्रालय की तरफ से कार्यकारी निदेशक/कार्य वेद प्रकाश डुडेजा तथा तेलंगाना सरकार की तरफ से परिवहन, सड़क एवं भवन विभाग के प्रमुख सचिव सुनील शर्मा ने हस्ताक्षर किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45914

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा करेंसी स्वैप करार पर विचार करने के लिए समझौता

प्रश्न-हाल ही भारतीय रिजर्व बैंक ने करेंसी स्वैप करार पर विचार करने के लिए किस देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) बैंक ऑफ अमेरिका

(b) बैंक ऑफ चाइना

(c) सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई

(d) सेंट्रल बैंक ऑफ कनाडा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक ने करेंसी स्वैप करार पर विचार करने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ दि युनाइटेड अरब अमीरात के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- करार के निबंधन और शर्तों को दोनों केंद्रीय बैंकों के बीच तकनीकी स्तरीय वार्ताओं के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाएगा।
- इस समझौते पर रिजर्व बैंक की ओर से डॉ. रघुराम जी. राजन और सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई की ओर से एच.ई.मुबारक रशीद अल मसंरी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=36229
https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PressReleases.aspx?ID=28003
http://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/rbi-uaes-central-bank-sign-pact-for-currency-swap/articleshow/50962872.cms

उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बीच अनुबंध हस्ताक्षरित

प्रश्न-हाल ही में किस योजना के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के बीच अनुबंध हस्ताक्षरित हुए?

(a) सबला योजना के संबंध में

(b) 'उदय' योजना के संबंध में

(c) अटल पेंशन योजना के संबंध में

(d) मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2016 को 'उदय' (उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना) के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की दिशा में प्रभावी कदम उठाने हेतु इस ऐतिहासिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- इसके तहत राज्य सरकार को बिजली वितरण कंपनियों के 50 हजार करोड़ रुपये कि बकाया ऋणों का 75 प्रतिशत वहन करना होगा।
- राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अक्टूबर, 2016 से ग्रामीण इलाकों में कम से कम 16 घंटे एवं शहरी क्षेत्रों को 22 से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करना है।
- वर्तमान वित्तीय वर्ष में 35 नये पारेषण उपकेंद्र ऊर्जीकृत किए गए जबकि अगले 2 साल में 120 उपकेंद्रों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य है।
- राज्य सरकार का जुलाई, 2016 तक 1 लाख गांव एवं मजरों के विद्युतीकरण का लक्ष्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=2580

संघ/संगठन

भारत यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान सम्मेलन का दूसरा एसोसिएट सदस्य देश बना

प्रश्न-हाल ही में भारत यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान सम्मेलन का दूसरा एसोसिएट सदस्य देश बना। पहला देश है-



(a) चीन

(b) सिंगापुर

(c) पाकिस्तान

(d) ब्राजील

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को भारत यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान सम्मेलन (EMBC) का दूसरा एसोसिएट सदस्य देश बना।
- इसके लिए भारत ने यूरोपीय आर्थिक जीव-विज्ञान संगठन (EMBC)एवं इसके अंतर्सरकारी वित्त पोषण निकाय यूरोपीय आण्विक जीव विज्ञान सम्मेलन (EMBC) के साथ एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इससे भारत और यूरोप के बीच वैज्ञानिक वार्ता सहयोगात्मक अनुसंधान मजबूत करने में मदद मिलेगी।
- उल्लेखनीय है कि जुलाई, 2015 में ईएमबीसी द्वारा सिंगापुर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारत यूरोपीय क्षेत्र से बाहर का अब ऐसा दूसरा देश बन गया।
- गौरतलब है कि यूरोपीय आण्विक जीवविज्ञान संगठन (EMBO) 1700 अग्रणी अनुसंधान कर्त्ताओं का एक संगठन है जो जीवविज्ञान को में उत्कृष्टता बढ़ावा देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45715

माइक्रोसॉफ्ट द्वारा स्विफ्टकी का अधिग्रहण

प्रश्न-माइक्रोसॉफ्ट द्वारा फरवरी, 2016 में ब्रिटिश कंपनी स्विफ्टकी का अधिग्रहण किया गया। स्विफ्टकी (Swiftkey) कंपनी किस क्षेत्र से संबंधित है?

(a) की-बोर्ड ऐप निर्माता कंपनी

(b) साफ्टवेयर निर्माता कंपनी

(c) विद्युत वितरण कंपनी

(d) सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- स्विफ्टकी (SwiftKey) ब्रिटेन की मोबाइल 'की बोर्ड' ऐप (App) बनाने वाली कंपनी है जिसका सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट द्वारा 3 फरवरी, 2016 को अधिग्रहण किया गया।
- ज्ञातव्य है कि इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट टू-डू ऐप Wunder List, कैलेंडर ऐप-Sunrise व ई-मेल ऐप Accomplit का अधिग्रहण कर चुकी है।
- स्विफ्टकी (SwiftKey) ऐप दुनिया भर में 300 मिलियन (IOS) आई.ओ.एस. और एंड्रायड डिवाइस पर उपलब्ध है।
- माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार आगे इसे विंडोज वर्ड फ्लो की बोर्ड के साथ सम्मिलित किया जायेगा।
- माइक्रोसाफ्ट द्वारा Swiftkey का अधिग्रहण 250 मिलियन यूएस डॉलर में संपन्न हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://blog.swiftkey.com/microsoft-acquires-swiftkey/

http://blogs.microsoft.com/blog/2016/02/03/microsoft-acquires-swiftkey-in-support-of-re-inventing-productivity-ambition/

http://www.indiainfoline.com/article/news-top-story/microsoft-to-buy-swiftkey-for-us-250mn-116020300017_1.html

http://aajtak.intoday.in/story/microsoft-purchases-famous-keyboard-app-swiftkey-in-250-million-dollars-1-853232.html

वर्ष/दिवस/सप्ताह

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 26 फरवरी

(b) 28 फरवरी

(c) 23 फरवरी

(d) 22 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2016 को देश भर में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' (National Science Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) 'मेक इन इंडियाः विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचालित नवाचार' (Make in India: S&T driven innovations)।
- 28 फरवरी, 1928 को सर चंद्रशेखर वेंकट नमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज की घोषणा की थी। इसी खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- इसी उपलक्ष्य में भारत में में वर्ष 1986 से प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.narendramodi.in/pm-greets-the-scientists-and-science-lovers-on-national-science-day-remembers-sir-cv-raman-for-his-contribution-to-the-science-422426
http://www.dst.gov.in/sites/default/files/nsd-theme_0.pdf

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

प्रश्न-'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' (International Mother Language Day) **कब मनाया जाता है?**

(a)22 फरवरी

(b)21 फरवरी

(c)20 फरवरी

(d)18 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2016 को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' (International Mother Language Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Quality education, language (S) of Instruction and learning Outcomes" है।
- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की उद्घोषणा संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की सामान्य सभा द्वारा नवंबर 1999 में की गयी।
- जिसके पश्चात 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' फरवरी, 2000 से प्रतिवर्ष भाषाई और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 21 फरवरी, 1952 को ढाका में कई छात्रों ने बांगला को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर पुलिस की गोलियों के सामने शहादत हासिल की।
- संयुक्त राष्ट्र ने इसकी स्मृति में हर वर्ष इस दिन यह दिवस मनाने का फैसला किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://en.unesco.org/events/international-mother-language-day-2016
http://www.un.org/en/events/motherlanguageday/
http://www.unesco.org/new/en/unesco/events/prizes-and-celebrations/celebrations/international-days/international-mother-language-day-2016/

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

प्रश्न-'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' (World Day of Social Justice) **कब मनाया जाता है?**

(a)21 फरवरी (b)19 फरवरी

(c)20 फरवरी (d)18 फरवरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2016 को विश्व भर में 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' (World Day of Social Justice) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"A Just Transition-environmentally sustainable economies and societies' था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/en/events/socialjusticeday/
http://www.ilo.org/newyork/events-and-meetings/WCMS_449992/lang–en/index.htm

विश्व रेडियो दिवस-2016

प्रश्न-'विश्व रेडियो दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 16 फरवरी

(b) 13 फरवरी

(c) 12 फरवरी

(d) 18 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2016 को विश्व भर में 'विश्व रेडियो दिवस' (World Radio Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में 'विश्व रेडियो दिवस' का मुख्य विषय (Theme) 'आपातकाल और आपदा के समय में रेडियो' (Radio in Times of Emergency and Disaster)
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2011 में यूनेस्को जनरल कांफ्रेंस (UNESCO General Conference) ने 13 को 'विश्व रेडियो दिवस' मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.diamundialradio.org/?q=en

नेशनल डीवार्मिंग डे

प्रश्न-9 फरवरी, 2016 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने किस स्थान पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का उद्घाटन किया?

(a) हैदराबाद (b) इंदौर (c) जयपुर (d) नई दिल्ली

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2016 को देशभर में नेशनल डीवार्मिंग डे (National Deworming Day) मनाया गया।
- भारत में नेशनल डीवार्मिंग डे (NDD) का उद्देश्य सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/एडेड स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों (नामांकित और गैर नामांकित) को कृमि मुक्त करना है। इसके माध्यम से बच्चों को संपूर्ण स्वास्थ्य, पोषण संबंधी स्थिति, शिक्षा और जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है।
- 9 फरवरी, 2016 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने हैदराबाद, (तेलंगाना) में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम' का शुभारंभ किया।
- दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक इस अभियान का लक्ष्य 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के देश में 536 जिलों के 27 करोड़ बच्चों को पेट के कीड़ों से निजात दिलाना है।
- 2015 में प्रथम राष्ट्रीय डीवार्मिंग दिवस जयपुर से प्रारंभ किया गया था जिसमें 11 राज्यों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया था।
- इस बार इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 9 फरवरी, 2016 से अल्बेनडाजोल की गोलियों का वितरण सभी लक्षित बच्चों के बीच शुरू किया गया।
- इस चरण में सुरक्षा प्राप्त करने से छूट गए बच्चों को 15 फरवरी, 2016 को विशेष मॉप-अप-चरण में रोगाणु मुक्त बनाने के लिए गोलियां दी जाएंगी।
- ध्यातव्य है कि कृमि मनुष्य की आंतों में रहते हैं और शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों को खा जाते हैं।
- ये मनुष्य के मल में मौजूद अंडों द्वारा फैलते हैं, जो वहां की मिट्टी को दूषित कर देता है, जहाँ पर सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं रहती है।
- कृमि के तीन मुख्य प्रकार हैं:-1 गोल कृमि (Ascaris Lumbricoides) 2. व्हीप कृमि (Trichuris Trichiura) और 3.अंकुश कृमि (Necator americanus व Ancylostoma Duodenale)।
- कृमि संक्रमण से खून की कमी, कुपोषण, मानसिक व शारीरिक विकास में हानि और स्कूल में प्रतिभागिता में कमी हो सकती है।
- गोलकृमि (Roundworm) आंत में विटामिन ए को अवशोषित कर लेते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136254
http://nrhm.gov.in/nrhm-components/rmnch-a/child-health-immunization/national-deworming-day-2016.html

विश्व कैंसर दिवस

प्रश्न-'विश्व कैंसर दिवस' (World Cancer Day) कब मनाया जाता है?

(a) 5 फरवरी

(b) 3 फरवरी

(c) 2 फरवरी

(d) 4 फरवरी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को विश्व भर में 'विश्व कैंसर दिवस' (World Cancer Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में 'विश्व कैंसर दिवस' का मुख्य विषय (Theme)-'हम कर सकते हैं, मैं कर सकता हूं' (We Can, I Can) है।
- यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और इसकी रोकथाम के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- यह विश्व कैंसर घोषणा (World Cancer Declaration-2013) के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ' (UICC) द्वारा स्थापित किया गया था।
- गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ की स्थापना 1933 में हुई थी। इसका मुख्यालय जेनेवा में है।
- UICC के साथ विश्व के 155 देशों के स्वास्थ्य मंत्रालय, बड़े कैंसर सामाजिक संगठन, शोध संस्थान, चिकित्सा केंद्र और मरीजों के संगठन कार्य कर रहे हैं जिनकी संख्या लगभग 800 है।
- अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के अनुसार संपूर्ण विश्व में प्रतिवर्ष 8 मिलियन से ज्यादा लोग कैंसर से मरते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.worldcancerday.org/about/2016-2018-world-cancer-day-campaign

http://www.uicc.org/

विश्व वेटलैंड्स दिवस

प्रश्न-'विश्व वेटलैंड्स दिवस' (World Wetlands Day) कब मनाया जाता है?

(a) 1 फरवरी

(b) 2 फरवरी

(c) 3 मार्च

(d) 15 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को विश्व भर में 'विश्व वेटलैंड्स दिवस' (World Wetlands Day) मनाया गया।
- इस वर्ष के इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) 'वेटलैंड्स हमारे भविष्य के लिए टिकाऊ आजीविकाएं' (Wetlands for our futu: sustainable livelihoods) है।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में वेटलैंड्स पर आयोजित सम्मेलन के प्रतीक स्वरूप पूरे विश्व में प्रति वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।
- इसका उद्देश्य वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना एवं इस बारे में सकारात्मक और स्वीकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ramsar.org/activity/world-wetlands-day-2016
http://www.worldwetlandsday.org/

विविध

ई-पर्यटक वीजा योजना का विस्तार

प्रश्न-हाल ही में गृह मंत्रालय के अनुसार, कितने और देशों के लिए ई-पर्यटक वीजा सुविधा का विस्तार किया गया?

(a) 38

(b) 37

(c) 28

(d) 25

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2016 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 26 फरवरी, 2016 से 37 और देशों के लिए ई-पर्यटक वीजा सुविधा का विस्तार हो रहा है।
- इस तरह इस सुविधा के तहत कुल 150 देश जुड़ जाएंगे।
- जिन 37 देशों के पर्यटकों को इस योजना में शामिल किया गया है वे हैं-अल्बानिया, आस्ट्रिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, बोत्सवाना, ब्रुनेई, बुल्गारिया, केप वर्डे, कोमोरोस, कोटे डेवोरे, क्रोएशिया, चेक गणतंत्र, डेनमार्क, इरिट्रिया, गेबोन, गाम्बिया, घाना, ग्रीस, गुयाना, आइसलैंड, लेसोथो, लाईबेरिया, मेडागास्कर, मलावी, माल्डोवा, नामीबिया, रोमानिया, सान मारिनो, सेनेगल, सर्बिया, स्लोवाकिया, दक्षिण अफ्रीका, स्वाजीलैंड, स्विट्जरलैंड, ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद और टोबागो, जांबिया और जिम्बाब्वे।
- भारत सरकार ने 27 नवंबर, 2014 से ई-पर्यटक वीजा योजना शुरू की थी।
- इसके तहत 16 भारतीय हवाई अड्डों पर उपलब्ध ई-पर्यटक वीजा सेवा पा सकते हैं।
- इस योजना के शुरू होने से 7.5 लाख से ज्यादा लोगों को वीजा जारी किए जा चुके हैं।
- वर्तमान में विदेशी नागरिकों को दैनिक आधार पर औसतन 35,00 ई-पर्यटक वीजा दिए जा रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46217

निडर देश की सबसे हल्की रिवाल्वर

प्रश्न-अभी हाल में ही बिक्री के लिए उतारी गयी देश के सबसे हल्की रिवाल्वर का क्या नाम है?

(a)निर्भय

(b)निडर

(c)निर्भीक

(d)शस्त्र



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को भारतीय आयुध निर्माणियाँ के अंर्तगत आने वाली राईफल फैक्टरी ईशापुर ने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की सबसे हल्की रिवॉल्वर 'निडर' बिक्री के लिए बाजार में उतारी।
- यह रिवॉल्वर 0.22 कैलिबर तथा 250 ग्राम वजन की है।
- इसके द्वारा 07 मीटर तक की दूरी के लक्ष्य का संधान किया जा सकता है तथा इसकी कुल लंबाई 140 मिमी. है।
- इसकी व्यापारियों के लिये कीमत 36,000 रु. (कर अतिरिक्त) एवं व्यक्तियों के लिए रु.47,661 (सभी कर सहित) है।
- ध्यातव्य है कि इसके पूर्व निर्भीक नामक रिवॉल्वर भारतीय आयुध निर्माणी के तहत फील्ड गन फैक्ट्री कानपुर द्वारा बनायी गयी जिसका वजन 525 ग्राम था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://rajasthanpatrika.patrika.com/story/india/key-features-of-india-s-lightest-revolver-nidar-launched-today-1794253.html

http://www.bbc.com/news/world-asia-india-35504566

मेरीटाइम इंडिया समिट 2016

प्रश्न-14 से 16 अप्रैल, 2016 तक मेरीटाइम इंडिया समिट, 2016 का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) मुंबई

(b) चेन्नई

(c) कोचीन

(d) कोलकाता

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को 'मेरीटाइम इंडिया समिट 2016' की वेबसाइट www.maritimeinvest.in का नितिन गडकरी ने शुभारंभ किया।
- 14 से 16 अप्रैल, 2016 को मुंबई में नौवहन क्षेत्र में अवसंरचना विकास हेतु निवेश आकर्षित करने हेतु 'मेरीटाइम इंडिया समिट 2016' (MIS 2016) का आयोजन किया जाएगा।
- कोरिया गणराज्य 'मेरीटाइम इंडिया समिट 2016' का भागीदार देश होगा।
- एमआईएस 2016 के लिए कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद एवं अहमदाबाद में रोड शो आयोजित किया गया।
- पोत परिवहन मंत्रालय की इस प्रमुख पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को संभावित व्यापार के अवसरों का पता लगाने हेतु एक अद्वितीय मंच प्रदान करना है।
- इस सम्मेलन में जहाज निर्माण, जहाज मरम्मत एवं जहाज पुनर्चक्रण, बंदरगाह आधुनिकीकरण एवं नये बंदरगाह का विकास, बंदरगाह आधारित औद्योगिक विकास आदि क्षेत्रों में आकर्षण निवेश अवसरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.maritimeinvest.in/
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136498

लिगो-भारत वृहत विज्ञान प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस पर अनुसंधान के लिए लिगो भारत वृहत विज्ञान प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की?

(a) सूर्य विकिरणों पर

(b) गुरुत्वाकर्षण तरंगों पर

(c) भू-गर्भ तरंगों पर

(d) ज्वारीय तंरगों पर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुत्वाकर्षण तरंगों पर अनुसंधान के लिए 'लिगो-भारत वृहत विज्ञान प्रस्ताव' को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की।
- इसे परमाणु ऊर्जा तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा लिगो-भारत परियोजना (LIGO: Laser Interfrometer Gravitational-wave Observatory in india) के नाम से शुरू किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि यह मंजूरी उस समय दी गई है, जब हाल ही में गुरुत्वाकर्षण तरंगों की ऐतिहासिक खोज की गई है, जिससे ब्रहांड के गूढ़ रहस्यों को सुलझाने में मदद मिलेगी।
- भारत में गुरुत्वाकर्षण तरंगों की वेधशाला, लिगो-भारत परियोजना' अमेरिका में लिगो प्रयोगशाला चलाने वाली केल्टेक (Caltech) और एमआईटी (MIT) के सहयोग से स्थापित की जाएगी।
- इस परियोजना से वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को गुरुत्वाकर्षण तरंगों की गहराई में जाकर अध्ययन करने और नये खगोलीय क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा।
- इस परियोजना के तहत समतल भू-भाग में अल्ट्रा हाई वैक्यूम पर 8 किलोमीटर लम्बे बीम ट्यूब का निर्माण किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=46063

पारादीप रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित

प्रश्न-7 फरवरी, 2016 को पारादीप रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित की गयी। वर्तमान में भारत में रिफाइनरी की संख्या कितनी हो गयी?

(a) 20

(b) 21

(c) 22

(d) 23

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- पारादीप रिफाइनरी को 7 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया।
- इसकी स्थापना इंडियन ऑयल द्वारा ओडिशा के पारादीप में किया गया।
- 3344 एकड़ में फैली, 15 मिलियन मिट्रिक टन प्रतिवर्ष क्षमता वाली यह रिफाइनरी इंडियन ऑयल की 11वीं जबकि भारत की 23वीं रिफाइनरी है।
- पारादीप रिफाइनरी इस दृष्टि से भी राष्ट्र गौरव का विषय है कि, इसकी इंडमैक्स इकाई को स्वदेशी तकनीक से निर्मित किया गया है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारादीप को 'विकास द्वीप' की संज्ञा भी दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.narendramodi.in/pm-modi-at-the-launch-of-iocl-s-paradip-refinery-in-odisha-413000

देश का पहला सौर ऊर्जा संचालित शिक्षण संस्थान

प्रश्न-हाल ही में कौन-सा शिक्षण संस्थान देश का पहला सौर ऊर्जा संचालित शिक्षण संस्थान बन गया?

(a) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

(b) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

(c) श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर फॉर एजूकेशन

(d) एमिटी विश्वविद्यालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2016 में पुडुचेरी में स्थित श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर फॉर एजूकेशन देश का पहला सौर ऊर्जा संचालित शिक्षण संस्थान बन गया।
- यह संस्थान अपने छत पर लगे सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से अपने खपत से तीन गुना ज्यादा बिजली का उत्पादन करता है।
- जिसका उपयोग, डाइनिंग रूम, प्राइमरी स्कूल और लाइब्रेरी में किया जाता है।
- यह संस्थान सितंबर, 2014 से ही ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ddinews.gov.in/Hindi/Entertainment/Entertainment%20-%20Headlines/Pages/indias-first-solar-institute.aspx

ई-टूरिस्ट वीजा द्वारा पर्यटकों के आगमन में भारी वृद्धि

प्रश्न-केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2016 में ई-टूरिस्ट वीजा के मध्यम से भारत आने वाले पर्यटकों में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई?

(a) 50%

(b) 160%

(c) 252.3%

(d) 180.5%

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2016 में जनवरी 2015 की तुलना में ई-टूरिस्ट वीजा के माध्यम से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 252.3% की भारी वृद्धि दर्ज की गई।
- 15 फरवरी, 2016 को जारी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2016 में ई-टूरिस्ट वीजा के माध्यम से कुल 88162 पर्यटकों का आगमन हुआ जबकि जनवरी 2015 में इनकी संख्या 25,023 थी।
- ज्ञातव्य है कि ई-टूरिस्ट वीजा सुविधा की शुरूआत 27 नवंबर, 2014 को की गई थी तथा वर्तमान में 113 देशों के नागरिकों को 16 भारतीय एयरपोर्टों पर आगमन हेतु यह सुविधा उपलब्ध है।
- ई-टूरिस्ट वीजा सुविधा का उपयोग करने वाले देशों में ब्रिटेन (25.37%) का स्थान सबसे ऊपर है। इसके पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका (15.17%), रूस (9.58%), फ्रांस (6.00%) ऑस्ट्रेलिया (5.25%) द्वारा इस सुविधा का उपयोग किया गया।
- जनवरी 2016 में ई-टूरिस्ट वीजा के माध्यम से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या नई दिल्ली एयरपोर्ट (33.18%) पर रही। इसके पश्चात मुंबई (20.81%), गोवा (19.10%), चेन्नई (6.95%), बंगलुरू (5.35%) एयरपोर्टों पर इस सुविधा द्वारा पर्यटकों का आगमन हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45988

हाइड्रोकार्बन विजन-2030

प्रश्न-हाल ही में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र प्रधान ने कहां पर पूर्वोत्तर भारत के लिए 'हाइड्रोकार्बन विजन-2030 ' जारी किया?

(a) शिलांग

(b) डिब्रूगढ़

(c) गुवाहाटी

(d) कोहिमा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2016 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र प्रधान ने गुवाहाटी में पूर्वोत्तर भारत के लिए 'हाइड्रोकार्बन विजन-2013' जारी किया।
- जिसमें इस क्षेत्र के विकास के लिए हाइड्रोकार्बन क्षेत्र का भरपूर उपयोग करने के कदमों का उल्लेख किया गया है।
- हाइड्रोकार्बन विजन 5 स्तम्भों पर आधारित है। ये हैं-लोग, नीति, भागीदारी, परियोजनाएं, और उत्पादन।
- इस विजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक तेल एवं गैस उत्पादन को दोगुना करना, स्वच्छ ईंधनों को सुगम्य बनाना, परियोजनाओं के क्रियान्वयन को फास्ट ट्रैक करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45851
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136255
http://economictimes.indiatimes.com/industry/indl-goods/svs/petrochem/ne-hydrocarbon-vision-2030-proposes-rs-130000-crore-investments/articleshow/50914237.cms

राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन संरचना 2016-2030 का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने 'राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन संरचना (NFME) 2016-2030' लांच किया। यह कब तक मलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए भारत की रणनीति को रेखांकित करती है?

(a) वर्ष 2020 तक

(b) वर्ष 2030 तक

(c) वर्ष 2022 तक

(d) वर्ष 2019 तक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2016 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने 'राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन संरचना (NFME) 2016-2030' लांच किया।
- यह वर्ष 2030 तक मलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए भारत की रणनीति को रेखांकित करती है।
- इस संरचना का विकास देश से मलेरिया के उन्मूलन के विजन तथा बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर तथा गरीबी उन्मूलन की दिशा में योगदान देने के लिए किया गया है।
- राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन संरचना 2016-2030 स्पष्ट रूप से लक्ष्यों, उद्देश्यों, रणनीतियों टारगेट एवं समय सीमा को निर्दिष्ट करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45921

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136328

http://www.financialexpress.com/article/pharma/latest-updates/jp-nadda-launches-national-framework-for-malaria-elimination/210546/

भारतीय बासमती चावल को जीआई टैग

प्रश्न-हाल ही में 'बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड' (IPAB) द्वारा निम्नलिखित में से किस भारतीय खाद्यान्न को 'भौगोलिक संकेत' (जीआई) टैग प्रदान किए जाने का निर्देश दिया गया?

(a) बासमती चावल

(b) पीली सरसों

(c) लाल मक्का

(d) स्वर्णा गेहूं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 05 फरवरी, 2016 को 'बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड' (IPAB) ने चेन्नई स्थित 'भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री' (GIR) को बासमती चावल को जीआई टैग प्रदान किए जाने का निर्देश दिया।
- बासमती चावल को जीआई टैग 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण' (APEDA) के भौगोलिक सीमांकन के अनुसार दिया जाएगा।
- इसके तहत पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और जम्मू एवं कठुआ जिलों (जम्मू व कश्मीर राज्य) में उगाए जाने वाले बासमती को जीआई टैग प्रदान किया जाएगा।
- बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश, ओडिशा एवं राजस्थान जैसे राज्यों में बासमती की खेती के क्षेत्रों को शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया।
- गौरतलब है कि भारत ने वर्ष 2014-15 में 27597.87 करोड़ रुपये मूल्य के 37 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया।
- भारत द्वारा सउदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, इराक और कुवैत में बासमती चावल का बड़ी मात्रा में निर्यात किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ipabindia.in/pdfs/OrderNo.6-2016-OA-1-6and8-9-2012-GI-CH.pdf

राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान राष्ट्र को समर्पित

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (NISER) को राष्ट्र को समर्पित किया। यह संस्थान स्थित है-

(a) कटक में

(b) भुवनेश्वर में

(c) विशाखापत्तनम में

(d) अहमदाबाद में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुवनेश्वर, ओडिशा में स्थित 'राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान' (NISER) को राष्ट्र को समर्पित किया।
- राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के अंतर्गत या एक स्वायत्तशासी संस्थान है जिसकी स्थापना वर्ष 2007 में हुई थी।
- इस अवसर पर उन्होंने इस संस्थान के संदर्भ में कोयला गैसीकरण, स्वच्छ ऊर्जा, नील क्रांति जैसे क्षेत्रों में नवाचार के लिए और वर्ष 2022 तक सभी को अवास उपलब्ध कराने की संभावनाओं का उल्लेख किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45775

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिडेट और नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड के वैक्स प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां स्थित ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड को राष्ट्र को समर्पित किया?

(a) डिब्रूगढ़

(b) तिनसुकिया

(c) गुवाहाटी

(d) शिलांग

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ के समीप लेपेटकाटा में एक पेट्रो रसायन परिसर, बहमपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड को राष्ट्र को समर्पित किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड के वैक्स प्लांट (मोम संयंत्र) को भी राष्ट्र को समर्पित किया।
- असम में पेट्रो रसायन संयंत्र को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की 'मुद्रा' और 'स्टार्ट-अप इंडिया' जैसी पहलों को गति देना एवं युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136114

राष्ट्रीय जैविक कृषि अनुसंधान केंद्र

प्रश्न-4 फरवरी, 2016 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 87वीं वार्षिक आम बैठक में किस राज्य में राष्ट्रीय जैविक कृषि अनुसंधान केंद्र की शुरुवात किए जाने की संस्तुति की गई?

(a) मिजोरम

(b) मेघालय

(c) असम

(d) सिक्किम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2016 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 87वीं वार्षिक आम बैठक में गंगटोक, सिक्किम में 'राष्ट्रीय जैविक कृषि अनुसंधान केंद्र' (National Organic Farming Research Institute) की शुरूवात किए जाने की संस्तुति की गई।
- इस क्रम में उन्होंने मृदा स्वास्थ्य की तुलना मानव स्वास्थ्य से करते हुए अन्य राज्यों में भी सिक्किम की जैविक खेती के मॉडल को अपनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- गौरतलब है कि जनवरी, 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम को देश का पहला जैविक प्रदेश घोषित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136093
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=45725

वन रैंक वन पेंशन (OROP) स्कीम की कार्यान्वयन तालिका जारी

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही 'वन रैंक वन पेंशन' स्कीम का खाका जारी किया। इसके तहत एरियर और पेंशन में संशोधन का भुगतान कब से मान्य है?

(a) 1 जुलाई, 2014

(b) 31 दिसंबर, 2015

(c) 1 अप्रैल, 2015

(d) 31 मार्च, 2014

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2016 को केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही 'वन रैंक वन पेंशन' (OROP) का खाका जारी किया।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 7 नवंबर, 2015 को 'वन रैंक वन पेंशन' स्कीम को लागू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था।
- 'वन रैंक वन पेंशन' स्कीम 1 जुलाई, 2014 से लागू होगी जिसके तहत एरियर और पेंशन में संशोधन संवितरण अधिकारियों द्वारा चार किस्तों में की जाएगी, लेकिन पारिवारिक पेंशनरों और वीरता पुरस्कार पाने वाले पेशनरों को बकाया राशि एक किस्त में की जाएगी।
- इसका लाभ 18 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों तथा युद्ध विधवाओं को मिलेगा।
- केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान दर पर इस स्कीम के लागू होने से प्रत्येक वर्ष सरकार के बजट पर लगभग 7500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार होगा।
- जबकि इस ओर 1 जुलाई, 2014 से 31 दिसंबर, 2015 तक का एरियर का खर्च 10,900 करोड़ रुपये रहेगा।
- इस पूरे वितरण से पेंशन के लिए रक्षा बजट 2015-16 में 54,000 करोड़ से 2016-17 में 65,000 करोड़ तक बढ़ जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=136068
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=126658

वियतनाम ने भारतीय मूंगफली के आयात पर प्रतिबंध हटाया

प्रश्न- हाल ही में वियतनाम ने भारतीय मूंगफली के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया। यह प्रतिबंध अस्थायी तौर पर कब से लगाया गया था?

(a) अप्रैल, 2015

(b) मई, 2015

(c) मार्च, 2015

(d) जुलाई, 2015

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2016 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार वियतनाम ने भारतीय मूंगफली के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया।
- गौरतलब है कि वियतनाम ने 6 अप्रैल, 2015 से भारत से मूंगफलियों के आयात को अस्थायी तौर पर स्थगित कर दिया था।
- वियतनाम का पौध संरक्षण विभाग 18 जनवरी, 2016 से मूंगफली के लिए आयात स्वीकृति जारी करेगा।
- इस प्रतिबंध को वियतनाम प्रतिनिधिमंडल की दिसंबर, 2015 में हुई भारत यात्रा के मद्देनजर हटाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135973

वेधछिद्र भू-भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना

प्रश्न- हाल ही में केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहां वेधछिद्र भू-भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (BGRL) के निर्माण के लिए भूमि पूजन का नेतृत्व किया?

(a) महाराष्ट्र

(b) आंध्र प्रदेश

(c) ओडिशा

(d) उत्तर प्रदेश



उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2016 को केंद्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने महाराष्ट्र राज्य के कोयना क्षेत्र में स्थित कराड के हजारमाची में वेधछिद्र भूभौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (Borehole Geophysics Research Laboratory : BGRL) के निर्माण के लिए भूमि पूजन का नेतृत्व किया।
- उल्लेखनीय है कि इसकी स्थापना वैज्ञानिक ड्रिलिंग जांच के माध्यम से भूकंप की क्रिया विधि को समझने के लिए की जा रही है।
- वेधछिद्र भू-भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना का उद्देश्य जियोफिजिकल और जियोटेक्निकल सुविधाओं के लिए विश्वस्तरीय संस्थान बनाना है।
- इसकी स्थापना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा की जा रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=135996